


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 283 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.5 2081 शनिवार, 4 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 दोषियों को उम्रकैद

लखनऊ, 3 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कासगंज में 2018 में हुए दंगे में जान गंवाने वाले एबीवीपी कार्यकर्ता चंदन गुप्ता की मौत के मामले में 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

लखनऊ एनआईए कोर्ट के जस्टिस विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने गुरुवार को 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था। इस फैसले के खिलाफ दोषियों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। गुरुवार को मामले में दोषी सलीम कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। उसने शुक्रवार को कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी।

# दिल्ली में आपदा सरकार, ये कट्टर बेईमान लोग : पीएम

> मैं भी शीश महल बनवा सकता था, लेकिन गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनवाए



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार से चुनाव प्रचार की शुरुआत की। पीएम ने अशोक विहार में जनता को संबोधित करते हुए आप सरकार पर निशाना साधा। मोदी ने आप सरकार को आपदा सरकार बताया।

उन्होंने कहा-सत्ता में खुद को कट्टर बेईमान बताने वाले लोग बैठे हैं। जो खुद शराब घोटाले के आरोपी हैं। ये चोरी भी करते हैं और सीनाजोरी भी। दिल्ली वालों को इस आपदा सरकार को सत्ता से हटाना है। आज हर गली कहती है आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे। पीएम ने इस चुनाव के लिए नारा दिया कि आपदा को हटाना है, भाजपा को लाना है। पीएम मोदी ने आज दिल्ली में 4500 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। उन्होंने दिल्ली के अशोक विहार में बने 1,675 फ्लैट्स का भी उद्घाटन किया। गरीबों के लिए नए घर का इनॉगरेशन करते हुए पीएम मोदी ने कहा-मैं भी शीशमहल बना सकता था। लेकिन मैंने कभी अपना घर नहीं बनाया, 10 सालों में 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिया है। आम आदमी पार्टी पर : बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया। शराब ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला। दिल्ली वालों ने आपदा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। वोटर आपदा से दिल्ली को मुक्त करने की ठान चुका है। दिल्ली का हर नागरिक कह रहा है, हर बच्चा कह रहा है, हर गली से आवाज आ रही है-आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।'

**आपदा वाले आयुष्मान योजना लागू नहीं होने देते**

पीएम ने कहा-दिल्ली में 500 जन औषधि केंद्र बनाए गए हैं। 80 फीसदी दवाओं पर डिस्काउंट मिलता है। 100 रुपए की दवा 15 रुपए में मिलती है। मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना का लाभ देना चाहता हूं, लेकिन आपदा सरकार को दिल्ली वालों से दुश्मनी है। आपदा वाले योजना लागू नहीं होने दे रहे हैं। नुकसान दिल्लीवालों को उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'दिल्ली राजधानी है, बड़े खर्चों वाले बहुत से काम यहां होते हैं वो केंद्र सरकार के जिम्मे है। सड़कें, मेट्रो, अस्पताल, कॉलेज कैंपस सब केंद्र ही बना रही है। लेकिन यहां की आपदा सरकार के पास ब्रेक लगी हुई है।

## किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट कमेटी की मीटिंग रद्द

चंडीगढ़, 3 जनवरी (एजेंसियां)। किसानों से बातचीत के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की बैठक स्थगित कर दी गई है। किसान संगठनों द्वारा बैठक में भाग लेने से इनकार करने के कारण बैठक स्थगित की गई है। यह बैठक सुबह 11 बजे होनी थी।

अब कमेटी ने संयुक्त किसान मोर्चा उगराहां को 4 जनवरी को बातचीत का न्योता भेजा है। बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा आज लुधियाना में एक अहम बैठक करेगा। इधर, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 39वें दिन में प्रवेश कर गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डल्लेवाल ने आज सुबह एक वीडियो जारी कर लोगों से चार जनवरी को खनौरी पहुंचने की अपील की है।

## सीएम रेवंत, नायडू हैदराबाद में विश्व तेलुगु महासंघ सम्मेलन में भाग लेंगे



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दोनों तेलुगु राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद, यह संभवतः पहला अवसर होगा जब मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू एक ही सम्मेलन में भाग लेंगे। विश्व तेलुगु महासंघ (डब्ल्यूटीएफ) का 12वां द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इस दुर्लभ अवसर का स्थल होगा। शुक्रवार से माधापुर स्थित एचआईसीसी में शुरू होने वाले 3 दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन शाम को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान, उनसे व्यावसायिक अवसरों पर प्रकाश डालने और नीतियों को साझा करने की उम्मीद है। वह डब्ल्यूटीएफ की स्मारिका का विमोचन भी करेंगे और तेलुगु एंजेल्स कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे। 5 जनवरी को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल होने की संभावना है। आयोजकों द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री मुख्य बातों और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डालेंगे।


उनसे कॉफी टेबल बुक तेलुगुदानम-तेलुगु धनम का विमोचन करने की भी उम्मीद है। इस वर्ष जुलाई में, तेलुगु राज्यों के दो मुख्यमंत्रियों को एक सम्मेलन में भाग लेना था, लेकिन अंततः केवल रेवंत रेड्डी ही सम्मेलन में शामिल हुए। 20 जुलाई को शहर में कम्मा ग्लोबल समिट का आयोजन किया गया था और मुख्यमंत्री ने इस बैठक में हिस्सा लिया था। आयोजकों ने घोषणा की थी कि चंद्रबाबू नायडू भी इस बैठक में शामिल होंगे, लेकिन वे नहीं आए।

## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ रही जागरूकता : राष्ट्रपति

बंगलूरू, 3 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एनआईएमएचएएनएस) की एकीकृत चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और इसे सभी के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने कहा, 'एनआईएमएचएएनएस की एकीकृत चिकित्सा सेवाएं मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में योग और आयुर्वेद का उपयोग करके मनोरोग और तंत्रिका संबंधी समस्याओं का इलाज करने के लिए एक आदर्श हैं।' उन्होंने यहां संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मनोचिकित्सा विशेषज्ञ ब्लॉक, केंद्रीय प्रयोगशाला परिसर और भीमा छात्रावास का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं-3टी एमआरआई स्कैनर और डीएसए सिस्टम भी देश को समर्पित किया। उन्होंने आगे कहा कि नकारात्मक मानसिक शक्तियों का मुकाबला करने में विभिन्न प्रकार के ध्यान भी उपयोगी हैं। उन्हें मानसिक स्वास्थ्य देखभाल मॉडल में एकीकृत किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने पारंपरिक तरीकों का उपयोग करने के महत्व को रेखांकित किया जो सभी के लिए फायदेमंद हैं। मुर्मू ने कहा, 'हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि मन वह है जो हम दुनिया में जो कुछ भी महसूस करते हैं, उसकी जड़ है।' उन्होंने रेखांकित किया कि आने वाले वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में कुछ समाजों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और चिंताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था।

# 'भारत हमेशा द्वीप राष्ट्र के साथ खड़ा है'

### मालदीव के विदेश मंत्री से मुलाकात पर बोले जयशंकर



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और मालदीव ने सीमा पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आश्वासन दिया कि भारत हमेशा द्वीप राष्ट्र के साथ खड़ा रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला खलील से मुलाकात की। बता दें कि मालदीव के विदेश मंत्री गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे। इस दौरे का लक्ष्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीके तलाशना है। जयशंकर ने कहा, 'मैंने देखा कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने कई क्षेत्रों में अपनी सहभागिता बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत हमेशा मालदीव के लिए खड़ा है।' बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में मालदीव भारत का प्रमुख पड़ोसी देशों में से एक है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में मालदीव की पिछली सरकार के साथ काफी ज्यादा प्रगति देखी गई थी। नवंबर 2023 में मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू की सरकार आने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों में दरार आ गई थी। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ ही देर बाद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थी। भारतीय सैनिकों के जाने के बाद वहां सिविल अधिकारियों ने उनका स्थान ले लिया। हालांकि, अक्तूबर में अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान मुइज्जू ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की कसम भी खाई थी।

## शेख हसीना का प्रत्यर्पण करेगा भारत? विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को फिर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, एक हफ्ते पहले मैंने पुष्टि की थी कि हमें बांग्लादेशी अधिकारियों की ओर से हसीना के संदर्भ में एक संचार मिला था। इसके अलावा, इस समय मुझे इस मुद्दे पर कुछ और बात जोड़ने की जरूरत नहीं है। मालदीव और पाकिस्तान पर अमेरिकी अखबार 'वॉशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट पर विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हाल ही में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स के संबंध में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि यह अखबार और रिपोर्टर दोनों ही भारत के प्रति एक शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं। इसको आप उनकी गतिविधियों और रिपोर्ट्स के एक पैटर्न में देख सकते हैं। ऐसे में उनकी विश्वसनीयता कितनी है, इसके आकलन का काम हम आप पर छोड़ते हैं।

जहां तक हमारा सवाल है, हमको उनमें कोई विश्वसनीयता नजर नहीं आती।' जायसवाल ने कहा, 'जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, मैं आपको हिलेरी क्लिंटन की कही बात याद दिलाना चाहता हूं कि अगर आप अपने घर में सांप पालते हैं तो यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे।' सीमावर्ती इलाके में चीन के नए काउंटियां बनाने पर मंत्रालय ने कहा, हमने चीन के होटन प्रान्त में दो नए काउंटियों की स्थापना से जुड़ी घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं।

# 'लगातार 15 घंटे पूछताछ ज्यादती, पूर्व कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी अवैध'



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। साथ ही कांग्रेस नेता से लगभग 15 घंटे तक की गई पूछताछ को ज्यादती बताया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे ईडी का अमानवीय आचरण कहा। अवैध खनन मामले में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और

### सुप्रीम कोर्ट की ईडी को फटकार

ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था। क्योंकि यह किसी आतंकी गतिविधि नहीं बल्कि अवैध रेत खनन से जुड़ा मामला था। ऐसे मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। ईडी ने व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर किया। यह ठीक नहीं है।

पीठ ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के इस फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं कि प्रतिवादी की गिरफ्तारी अवैध थी। उच्च न्यायालय ने फैसले में केवल यह तय किया था कि पंवार की गिरफ्तारी अवैध थी या नहीं। इससे पहले दो दिसंबर को शीर्ष अदालत ने एक आदेश में कहा कि हाईकोर्ट का फैसला मनी लॉड्रिंग एक्ट की धारा 44 के तहत लंबित शिकायत को प्रभावित नहीं करेगा।

**ईडी के वकील ने दिया तर्क**

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने फैसले में गलती की है कि पंवार से लगातार 14.40 घंटे तक पूछताछ की गई। ईडी ने 2024 में अपने अधिकारियों को पूछताछ के कुछ मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि लोगों से देर रात और दिन के शुरुआती घंटों में पूछताछ न की जाए।

## 'मेडिकल सीटें खाली नहीं रह सकतीं संबंधित पक्षों से बात करें'

*शीर्ष अदालत का केंद्र को निर्देश*

नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मेडिकल सीटों को लेकर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि मेडिकल कोर्स की सीटें खाली नहीं रह सकतीं। साथ ही केंद्र से कहा कि वह राज्यों सहित संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे और इस मुद्दे पर गठित समिति की सिफारिशों पर विचार करे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। अप्रैल 2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कोर्स में सुपर स्पेशियलिटी सीटों के खाली रहने का मुद्दा उठाया था। उस समय केंद्र ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्यों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था। >14

# भगदड़ केस में अल्लू अर्जुन को जमानत

### 50 हजार रुपए के दो बेल बॉन्ड भरने होंगे



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में महिला की मौत के केस में अभिनेता अल्लू अर्जुन को जमानत मिल गई है। शुक्रवार को एडिशनल मेट्रोपॉलिटन सेशंस जज ने अल्लू को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने अल्लू अर्जुन और पुलिस की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अल्लू अर्जुन के वकील अशोक रेड्डी ने बताया कि अल्लू को 50,000 रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी है। साथ ही उन्हें रविवार को जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। अल्लू अर्जुन को इस घटना के सिलसिले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और 14 दिसंबर को तेलंगाना हाई कोर्ट ने उन्हें चार हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत दी थी। इसकी अवधि 10 जनवरी को खत्म हो रही है।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष को घर के बाहर गोली मारी

जम्मू, 3 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कनव शर्मा को शुक्रवार को घर के बाहर गोली मार दी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कनव के पिता अधिवक्ता चंद्रमोहन ने बताया कि कनव न्यू प्लॉट इलाके में अपने घर के पास गाड़ी पार्क कर रहा था। तभी कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और बहस की। इस दौरान एक व्यक्ति ने रिवॉल्वर निकालकर दो राउंड फायर किए, जिनमें से एक कनव को लगा। कनव की हालत स्थिर है। पुलिस ने एक आरोपी की बाइक जब्त कर ली है।

# कांग्रेस ने जीएसटी पर फिर मोदी सरकार को घेरा

> पॉपकॉर्न पर टैक्स की जगह अर्थव्यवस्था पर ध्यान दें



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को जीएसटी के नए आंकड़ों को निराशाजनक बताया। साथ ही सरकार से पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने के बजाय अर्थव्यवस्था की जटिलताओं पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। कांग्रेस के संचार मामलों के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पत्र साझा किया। उन्होंने जीएसटी के नए आंकड़ों पर इसमें कहा, 'भारत कम खपत, कम निवेश, कम विकास, कम मजदूरी के खतरनाक चक्र में फंसा हुआ है। ग्रोथ में गिरावट से लेकर खराब जीएसटी राजस्व संग्रह तक की आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक खबरें, सरकार से यह अपेक्षाए करती हैं कि सरकारी तंत्र अपना ध्यान पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने से हटाकर अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटने पर केंद्रित करे।'

उन्होंने कहा, 'पिछले साल दिसंबर के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने जीएसटी संग्रह साढ़े तीन साल में दूसरी बार सबसे धीमी गति से बढ़ा है। रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह घटकर 3.3 प्रतिशत रह गया है, जो वित्त वर्ष 2025 में सबसे कम है। यह कई मोर्चों को लेकर गंभीर खबर है। सबसे पहले, मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में सरकार ने जीएसटी संग्रह में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। जबकि बजट अनुमान में 11 प्रतिशत की वृद्धि की बात थी।' उन्होंने आगे कहा कि राजस्व संग्रह में यह गिरावट सरकार के लिए मनरेगा जैसे सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों में और कटौती करने की वजह नहीं हो सकती है, वो भी ऐसे समय में जब ग्रामीण मजदूरी स्थिर रही है और खपत में कमी आई है। इसके बजाय सरकारी व्यय को अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**धोखाधड़ी से भरे होने की आशंका**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि दूसरा, पिछले महीने के शुद्ध संग्रह में इस नरमी के एक हिस्से के रूप में करदाताओं को रिफंड में 45.3 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। कुछ हद तक यह सही भी है, लेकिन इन रिफंड्स का एक महत्वपूर्ण भाग धोखाधड़ी से भरे होने की आशंका है। जीएसटी प्रणाली की जटिलता के कारण-विशेष रूप से खामियों से भरे सॉफ्टवेयर सिस्टम के साथ मिल जाने पर - बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गुंजाइश होती है।

## तहव्वुर राणा ने भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए की आखिरी कोशिश

**सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका**

वॉशिंगटन, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा ने भारत प्रत्यर्पण से बचने की आखिरी कोशिश की है। राणा के वकील ने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर निचली अदालत के फैसले की समीक्षा करने की अपील की है। इस याचिका में राणा के वकील ने दोहरे खतरे के सिद्धांत का हवाला दिया है। ये सिद्धांत एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाने से रोकता है। भारत लंबे समय से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। वह साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के मामले में वांछित है। राणा ने तर्क दिया कि उसे इलिनोइस (शिकागो) की संघीय अदालत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले से संबंधित आरोपों पर मुकदमा चलाया गया और बरी कर दिया गया था।

# पकने से पहले जली सियासी रोटी

### पप्पू यादव और प्रशांत किशोर का डैमेज कंट्रोल स्टार्ट, बीपीएससी मुद्दे को लेकर फ्रंटफुट पर खेल रही नीतीश सरकार





पटना, 3 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार लोक सेवा आयोग की %0वीं संयुक्त परीक्षा को रद्द कराने को लेकर जो भी पार्टी संग्राम में उतरीं, अपना हाथ जला बैठी। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर युवाओं का साथ, रोजगार और पलायन रोकने के दावेदार पार्टियां को अंततः नीतीश सरकार के आगे पटखनी खानी पड़ी। बापू सभागार की कैंसिल परीक्षा को फिर से री शेड्यूल कर सरकार ने तमाम दलों के नेताओं के मंसूबे पर पानी फेर दिया। ये लोग परीक्षार्थियों से बोल बैठे थे कि बीपीएससी %0वीं की पीटी परीक्षा फिर से होगी।

बीपीएससी विवाद को चाहे जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाकर छात्रों की ताकत के सहारे राजनीतिक पार्टियां अपने हित में भुनाने में जुटी। आज उन्हें निराशा ही हाथ लगी होगी। समर्थन में उतरे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव हो या जनसुराज के प्रशांत किशोर या फिर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव। इस मुद्दे पर पूरी तरह से अपनी सियासी रोटी सेंकने में विफल तो हो गए। निश्चित रूप से बिहार के मुख्यमंत्री जिस स्टैंड पर कायम थे। अंततः उसी स्टैंड पर रहकर केवल बापू सभागार में रद्द हुई परीक्षा दोबारा लेकर हार की बाजी विरोध कर रहे नेताओं के नाम कर दी। ये दीगर है कि पूर्णिया सांसद पप्पू यादव अभी थके नहीं। वे पटना के सचिवालय पर ट्रेन का आवागमन बाधित कर रहे थे। संभवत वे सचिवालय हाल्ट से इनकम टैक्स गोलंबर तक पैदल मार्च कर बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को जीवित रखेंगे। यह कदम पप्पू यादव के नहीं रुकेंगे। रेल ट्रैक जाम किया। हाइवे जाम किया। अब साढ़े चार लाख बच्चों का भविष्य की खातिर शनिवार को बिहार भी बंद करेंगे। इस दौरान पप्पू यादव ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि बीपीएससी परीक्षा रद्द करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। उनकी कपिल सिब्बल से बात हुई है।

**पीके का डैमेज कंट्रोल**

बीपीएससी छात्रों को न्याय दिलाने उतरे जनसुराज के नेता प्रशांत किशोर भले अपने पहले प्रयास में अपना हाथ खुद जला बैठे। पुलिसिया लाठीचार्ज से एस्केप करना और धरनार्थी बीपीएससी छात्रों को कंबल देने की दुहाई के बाद काफी फजीहत के बाद पीछे हटे प्रशांत किशोर डैमेज कंट्रोल की नीति के तहत गांधी मैदान में धरने पर बैठे गए। जिला प्रशासन को यह तर्क देते हैं कि 'हमारे ऊपर पहले से ही एफआईआर दर्ज है।

एक बार फिर दर्ज हुआ। मुझे कोई फर्क नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में किसान महीनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, अगर दिल्ली की सड़कों पर कोई प्रदर्शन कर सकता है तो यहां गांधी मैदान में कोई प्रदर्शन क्यों नहीं कर सकता? >14

## जेसीबी मशीन ने 'नाग' को कुचला, मृत नाग को घंटों निहारती रही नागिन; नजारा देख लोग हुए भावुक

शिवपुरी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र के छितरी गांव में में सफाई के दौरान काम में लगी एक जेसीबी मशीन की चपेट में आने से एक नाग की मौत हो गई। जबकि उसकी साथी नागिन बुरी तरह से घायल हो गई। जेसीबी की चपेट में आने से नाग की तो मौत हो गई, लेकिन घायल नागिन अपने नाग के पास ही बैठी रही। इसी बीच इस दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन घटनास्थल के आसपास एकत्रित हो गए। नाग-नागिन के साथ हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नरवर के रहने वाले सर्प मित्र सलमान पठान को दी। सलमान पठान तुरंत ग्राम छितरी पहुंचे और देखा कि यहां पर जेसीबी की चपेट में नाग-नागिन आ गए हैं। सर्पमित्र ने देखा कि नाग की मौत हो चुकी है, जबकि नागिन इस नाग के शव के पास ही बैठी है।

# मुस्लिम-ईसाइयों को 80:20 के अनुपात से स्कॉलरशिप, सुनवाई के लिए राजी हुआ एससी



कोच्चि, 3 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आज शुक्रवार को केरल सरकार की उस याचिका को सुनवाई के लिए अपनी मंजूरी दे दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट ने साल 2021 में ही राज्य में मुस्लिमों और ईसाइयों को 80:20 के अनुपात में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति दिए जाने की योजना खारिज कर दी थी। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की डबल बेंच ने राज्य सरकार की याचिका पर लीव ग्रांट की और कहा कि मामले को जल्द सुनवाई के लिए लगाया जाएगा।

**एचसी ने खारिज कर दिया था सरकार का फैसला**

केरल हाई कोर्ट ने 28 मई 2021 को राज्य सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें मुस्लिम समुदाय को 80% जबकि लैटिन कैथोलिक ईसाइयों और धर्मांतरित ईसाइयों को 20% योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति देने के लिए अल्पसंख्यकों को सब-कैटेगराइज किया गया था। तब हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इसे कानूनी रूप से कायम नहीं रखा जा सकता। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस मणिकुमार और जस्टिस शाजी पी चाली की डिविजन बेंच ने सरकार को राज्य में अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को समान रूप से और राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पास उपलब्ध नई जनगणना के अनुसार योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया।

**याचिका पर एचसी ने सुनाया था फैसला**

बेंच ने जस्टिन पल्लीवथुक्कल की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका का जवाब देते हुए अपना फैसला सुनाया। याचिका में साल 2015 के उस सरकारी आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के बीच 80:20 के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि इस तरह का अनुपात तय करना मनमाना, अन्यायपूर्ण और पूरी तरह से अवैध है। साथ ही यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन भी है। हाई कोर्ट ने यह भी नोटिस किया कि ईसाई समुदाय ने भी केरल सरकार और राज्य अल्पसंख्यक आयोग को लैटिन कैथोलिक ईसाइयों और धर्मांतरित ईसाइयों के साथ योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति दिए जाने को लेकर किए जा रहे भेदभाव के बारे में अभ्यावेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई। हाई कोर्ट की ओर से सरकार के फैसले को रद्द किए जाने के बाद केरल से जुड़े एक मुस्लिम माइनॉरिटी ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ अगस्त 2021 में याचिका दाखिल की थी।

**राज्य सरकार हर साल देती है छात्रवृत्ति**

राज्य सरकार ने सच्चर समिति की रिपोर्ट जिसमें साफ तौर शिक्षा के क्षेत्र में मुसलमानों के पिछड़ेपन और उनकी शैक्षिक स्थिति में सुधार की जरुरत पर बल दिया गया था, कहा कि मुस्लिम समुदाय में बेरोजगारी दर 52 फीसदी, ईसाइयों में 31.9 फीसदी और पिछड़े हिंदुओं में 40 फीसदी है। छात्रवृत्ति योजना के तहत राज्य सरकार हर साल डिग्री और पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों, खासतौर पर महिला छात्रों को 5 हजार छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। बाद में इस योजना को लैटिन कैथोलिक और धर्मांतरित ईसाइयों के छात्रों तक बढ़ा दिया गया। 2015 में एक आदेश तैयार किया गया जिसके अनुसार मुसलमानों को 80 फीसदी तो ईसाइयों को 20 फीसदी छात्रवृत्ति दी जानी थी लेकिन इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दे दी गई।

# 'युवाओं का एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही भाजपा

## भविष्य मिटाने में जुटी', राहुल गांधी का हमला




नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रोजगार और युवाओं के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी घेरा। उन्होंने कहा, 'भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है, उनका भविष्य मिटा रही है।' राहुल ने 'एक्स' पर लिखा कि सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है।

पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं तब उनकी आवाज को बेरहमी से कुचला जाता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्य प्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने खुद छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। भाजपा की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक की आवाज किसी कीमत पर दबाने नहीं देंगे।

# मुस्लिम पुरुष नहीं करा सकेंगे एक से ज्यादा शादी का रजिस्ट्रेशन, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मुस्लिम पुरुष को एक से ज्यादा शादियों का रजिस्ट्रेशन की इजाज़त के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा याचिकाकर्ता बॉम्बे हाईकोर्ट में पक्षकार नहीं था, लिहाजा उसकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगा। राष्ट्रवादी शिव सेना के अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि मुस्लिम पुरुष अपनी एक से ज्यादा शादियों का रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, क्योंकि उनके व्यक्तिगत कानून उन्हें एक समय में चार शादियां करने की अनुमति देते हैं।

**क्या था बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला?**

इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र विवाह ब्यूरो विनियमन और विवाह पंजीकरण अधिनियम, 1998 के तहत फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था मुस्लिम शख्स को एक से ज्यादा शादियों के लिए रजिस्ट्रेशन करने से नहीं रोका जा सकता है। कोर्ट ने ठाणे नगर निगम के उप विवाह रजिस्ट्रार निर्देश दिया कि वो आवेदन के लिए आए शख्स और उसकी तीसरी पत्नी के मामले में जल्द फैसला लें।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि अधिनियम में ऐसा कुछ भी नहीं है जो मुस्लिम पुरुष को तीसरी शादी के रजिस्ट्रेशन करने से रोकता हो। इस अधिनियम को मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों को बाहर नहीं रखा गया है। कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि ठाणे नगर निगम ने याचिकाकार्ता की दूसरी पत्नी के साथ विवाह को रजिस्टर किया था। वहीं नगर निगम ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि शादी के रजिट्रेशन के समय उनके पास सभी जरूरी दस्तावेज नहीं थे, जिसके बाद दंपति को दो सप्ताह के भीतर सभी प्रासंगिक दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया। तब हाई कोर्ट ने कहा कि एक बार दस्तावेज जमा हो जाने के बाद, नगर निगम के पास विवाह प्रमाण पत्र जारी करने या व्यक्तिगत सुनवाई के बाद इनकार करने के लिए 10 दिन का समय होगा।

# दुबई से आ रहे विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी का संदेह

## एहतियातन करीपुर में उतारी गई फ्लाइट

कोझिकोड, 3 जनवरी (एजेंसियां)। दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को शुक्रवार को केरल में करीपुर एयरपोर्ट पर एहतियातन उतारा गया। दरअसल, पायलट को हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी का संदेह था। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, करीपुर जा रही फ्लाइट आईएक्स344 सुबह करीब 8.30 बजे उतरी। एयरपोर्ट पर पूरी तरह आपातकाल घोषित कर दिया गया। विमान में 182 लोग सवार थे, जिनमें छह क्रू मेंबर भी थे। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। बाद में आपातकाल हटा लिया गया। इससे पहले पिछले साल अक्तूबर में तमिलनाडु के त्रिची से शारजाह जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसके चलते एयरपोर्ट पर विमान को उतरने में दिक्कत हुई थी। करीब ढाई घंटे तक विमान हवा में ही चक्कर लगाता रहा। काफी प्रयासों के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई थी।

**पिछले साल अफवाहों ने बढ़ाई थी परेशानी**



पिछले साल बम की फर्जी धमकियों की वजह से कई उड़ानों की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। अगस्त में मुंबई से आ रहे एयर इंडिया के एक विमान में बम होने की धमकी मिली थी, जिसके बाद तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर दी गई थी। धमकी के बाद तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया था। विमान की गहन सुरक्षा जांच के बाद ही आपात स्थिति को हटाया गया था। बताया गया था कि विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'उड़ान में बम है' संदेश लिखा मिला था। हालांकि, जांच में धमकी अफवाह साबित हुई थी।

# गुरमीत राम रहीम को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## सीबीआई ने हाईकोर्ट से मिली राहत को दी है चुनौती



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। बहुचर्चित रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद बरी किए डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दिया है। मई 2024 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्याकांड में राम रहीम को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले को हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य को नोटिस जारी किया है।

**2022 में की गई थी रणजीत सिंह की हत्या**

10 जुलाई 2002 की शाम को गोलियां मारकर सिरसा डेरे के प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। 2003 में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। जांच के बाद सीबीआई ने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सीबीआई की सजा को खारिज करते हुए राम रहीम को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि जिस गन से फायर होने की बात कही गई वह घटना के समय शस्त्रागार में जमा थी। अपराध में इस्तेमाल की गई कार को भी बरामद नहीं किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी में चार लोग फायर कर रहे थे तो बाकी के तीन हथियार कहां हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच अस्पष्ट थी और पेश किए गए साक्ष्य विश्वसनीय नहीं थे। इन सभी को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट ने पांचों आरोपियों की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें दोषमुक्त कर दिया।

**2003 में सीबीआई को सौंपी गई थी जांच**

पुलिस जांच से असंतुष्ट रणजीत सिंह के बेटे जगसीर सिंह ने जनवरी 2003 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी। हाईकोर्ट ने बेटे के पक्ष में फैसला सुनाकर केस की जांच सीबीआई को सौंपी थी। मामले की जांच करते हुए सीबीआई ने राम रहीम समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। 2007 में कोर्ट ने आरोपियों पर चार्ज फ्रेम किए थे। हालांकि, शुरुआत में इस मामले में डेरामुखी का नाम नहीं था लेकिन 2003 में जांच सीबीआई को सौंपने के बाद 2006 में राम रहीम के ड्राइवर खट्टा सिंह के बयान के आधार पर डेरा प्रमुख का नाम इस हत्याकांड में शामिल हुआ था।

# कहीं से खरीदें किताब स्कूल ने की मनमानी तो होगी एफआईआर, भोपाल के डीएम का आदेश

भोपाल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में नया शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है, लेकिन इससे पहले प्रदेश की राजधानी भोपाल के जिला प्रशासन ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निजी स्कूलों में एडमिशन, ड्रेस और कॉपी-किताबों को लेकर आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी निजी स्कूलों ने अभिभावकों पर ड्रेस या किताबें एक ही दुकान से खरीदने का दबाव बनाया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। भोपाल कलेक्टर ने धारा 144 के तहत ये पाबंदी लगाई है। साथ ही निजी स्कूल संचालक को पुस्तक प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं का एकाधिकार खत्म करने के लिए आदेश जारी किए हैं। आदेश में ये भी कहा गया है कि हर एक स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य अपने स्कूल में हर कक्षा में लगने वाली पाठ्यपुस्तको एवं प्रकाशक की जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय की वेबसाइट पर 15 जनवरी तक अपलोड करेंगे।

**इन स्कूलों के लिए जारी हुआ आदेश**

यह आदेश मध्य प्रदेश बोर्ड, सीबीएसई ,आईसीएसई सभी निजी स्कूलों के लिए जारी किया गया है। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि स्कूल संचालक आगामी शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले अनिवार्य रूप से लेखक एवं प्रकाशक के नाम और किताबों के मूल्य के साथ कक्षा बार पुस्तकों की सूची स्कूल के सूचना पटल पर प्रदर्शित करेंगे। अगर 15 जनवरी तक निजी स्कूल यह जानकारी नहीं देते हैं तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदेश में यह भी लिखा है कि किसी भी प्रकार की शिक्षण सामग्री पर स्कूल का नाम अंकित नहीं होना चाहिए।

# 'मेरी माफी पर राजनीति करने वाले राज्य में अशांति फैलाना चाहते हैं', सीएम बीरेन सिंह का विपक्ष पर हमला



इंफाल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने जातीय संघर्ष को लेकर माफी मांगने के बाद विपक्ष की ओर से किए गए हमलों का जवाब दिया है। सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि मणिपुर संघर्ष को लेकर उनकी ओर से मांगी गई माफी पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं, वे राज्य में अशांति फैलाना चाहते हैं। जबकि सरकार की प्राथमिकता शांति बहाल करना है। सीएम ने कहा कि अतीत बीत चुका है। अब समुदायों को साथ बैठकर संघर्ष का स्थायी समाधान खोजना चाहिए। सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि जो लोग मेरे बयान पर राजनीति कर रहे हैं, वे राज्य में अशांति फैलाना चाहते हैं। विपक्ष की कोई विचारधारा नहीं है। मैंने जो कहा वह दुख और शोक की अभिव्यक्ति थी। मेरी माफी उन लोगों से थी जो पीड़ित हैं और जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मुझे आतंकियों से माफी क्यों मांगनी चाहिए? मैं निर्दोष लोगों और उन लोगों से माफी मांग रहा हूं जो अपने घरों से विस्थापित हो गए। उन्होंने कहा कि मैं राज्य में रहने वाले समुदाय के सदस्यों को शांति संदेश देता हूं। एक बार फिर हमें माफ कर दें और और जो हुआ उसे भूल जाएं। अतीत अतीत है। हमें एक साथ बैठकर स्थायी समाधान निकालना चाहिए। प्राथमिकता शांति की बहाली होनी चाहिए। सीएम एन बीरेन सिंह ने मणिपुर के लोगों से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

**जयराम रमेश ने लगाए थे आरोप**

सीएम एन बीरेन सिंह की माफी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर मणिपुर के लोगों को नजरअंदाज करने और जानबूझ कर मणिपुर का दौरा टालने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, पीएम मोदी मणिपुर जाकर यह (माफी मांगने की बात) क्यों नहीं कह सकते?

**लेफ्ट पार्टी ने भी घेरा था**

सीएम की माफी पर लेफ्ट पार्टी ने कहा था कि मणिपुर में चल रहे संकट ने शासन व्यवस्था के पूरी तरह से विफल होने के सच को उजागर किया है। विपक्षी दल ने कहा, 'राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा करने और न्याय सुनिश्चित करने में असफल रही है, जिसके कारण व्यापक दुख और असुरक्षा का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री एन। बीरेन सिंह द्वारा व्यक्त की गई माफी संकट की गंभीरता और राज्य सरकार की नाकामी को स्वीकार करना है कि वह राज्य के लोगों के मुद्दों और चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह से विफल रही है।

# 7-8 जनवरी को हो सकता है दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान

नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 7-8 जनवरी को तारीखों का ऐलान हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग इसमें से किसी भी दिन डेट शीट जारी कर सकती है। दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। वहीं कांग्रेस ने भी दो लिस्ट जारी कर अपने कुछ उम्मीदवार उतार दिए हैं लेकिन बीजेपी ने अभी तक एक भी सीट पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस बीच ये भी खबर है कि दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। आलाकमान से उन्होंने ने कहा कि वो पार्टी के 70 सीटों पर उम्मीदवारों के लिए जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे। पार्टी आलाकमान ने वीरेंद्र सचदेवा की चुनाव नहीं लड़ने पर सहमति दी। पिछले दिनों वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी सियासी बिसात बिछाने में जुटे हैं। बीजेपी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली सत्ता पर काबिज होने की जंग लड़ रही हैं। आप लगातार चौथी बार सत्ता हासिल करना चाहती है तो वहीं कांग्रेस का पूरा फोकस दिल्ली में अपनी खोई सियासी जमीन को वापस पाने की है। उधर बीजेपी पिछले 27 साल से दिल्ली की सत्ता कब्जाना चाहती है। पिछले लगातार दो बार से कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली। इस बार कांग्रेस को लग रहा है कि आम आदमी पार्टी का ग्राफ गिरने की स्थिति में उसे इसका फायदा मिल सकता है।

# डीएमके सांसद के पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी




नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार को डीएमके नेता और सांसद कथिर आनंद के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। कथिर आनंद डीएमके के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु मंत्रिमंडल में दूसरे नंबर के नेता एस दुरईमुरुगन के बेटे हैं और वेल्लोर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। छापेमारी को लेकर डीएमके ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध में की जा रही है। 2019 में सांसद कथिर आनंद और उनसे जुड़े ठिकानों से 11 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त किए जाने के बाद वेल्लोर में लोकसभा चुनाव रद्द कर दिए गए थे। अगस्त 2019 में दोबारा चुनाव हुए तो कथिर आनंद ने डीमएके के टिकट पर 8141 मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने एआईएडीएमके के एसी षणमुगम को हराया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से उन्हें हराया। बताया जा रहा है कि 11 करोड़ की नकदी बरामदगी मामले में ही ईडी ने कथिर आनंद के ठिकानों पर छापेमारी की।

**वनमंत्री पोनमुडी के खिलाफ भी चल रही जांच**

ईडी ने जुलाई 2023 में तमिलनाडु सरकार में वन मंत्री के पोनमुडी और उनके बेटे डॉ। पी गौतम सिगामणि के परिसरों पर छापेमारी की थी। इसके बाद उनकी 14 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी। पोनमुडी पर आरोप है कि वे 2007-2010 तक तमिलनाडु सरकार में खान मंत्री थे। इस दौरान उन्होंने अपने बेटे डॉ। पी गौतम सिगामणि, सिगामणि के बहनोई केएस राजमहेंद्रन और जयचंद्रन के नाम पर खनन के पांच लाइसेंस जारी किए। इस दौरान सिगामणि ने पट्टे पर दी गई भूमि से लाल मिट्टी की खुदाई की।

**तमिलनाडु के सीएम ने बताया था राजनीतिक बदला**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके मुखिया एमके स्टालिन ने उनकी सरकार के मंत्री और नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक बदला करार दिया है। उन्होंने कहा था भाजपा राजनीतिक बदले में यह सब करा रही है। यह भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने तमिलनाडु में बनी अभिनेता विजय की नई पार्टी पर आरोप लगाया कि वे डीएमके को खत्म करना चाहते हैं। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि जो लोग हमें डांटते हैं, वे अमर रहें।

## चिट्टे के साथ पुलिस का जवान गिरफ्तार, शिमला में दे रहा था सेवाएं

बिलासपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए बागी बिनौला में ट्रक नंबर एचपी24सी-4303 से 6.64 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। इस मामले में पुलिस जवान समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है। घटना वीरवार देर रात करीब 12:30 बजे की है, जब सदर थाने के आईओ संदीप कुमार अपनी टीम के साथ गश्त व नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान बिनौला में ट्रक की चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों, कुलदीप कुमार (35) और विशाल ठाकुर (32), दोनों निवासी बिनौला, को गिरफ्तार किया गया।

# केबल ऑपरेटर से एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में ट्राई अधिकारी गिरफ्तार; सीबीआई ने जाल बिछाकर पकड़ा




शिमला, 3 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हिमाचल प्रदेश में एक केबल ऑपरेटर को लाभ पहुंचाने के बदले एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। टीआरएआई अधिकारी की पहचान नरेंद्र सिंह रावत के तौर पर की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने आरोपी नरेंद्र रावत पर मामला दर्ज किया। बता दें कि नरेंद्र ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में केबल सेवाएं चलाने के लिए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक लाइसेंस धारक से रिश्वत की मांग की थी। आरोपी ने कथित तौर पर तिमाही रिपोर्ट का आकलन करने में मदद के लिए राज्य के अन्य पांच लाइसेंस धारक केबल ऑपरेटरों की ओर से पीड़ित ऑपरेटर को रिश्वत देने के लिए कहा। इस मामले में सीबीआई ने एक बयान जारी कर कहा, ट्राई के दिशानिर्देशों के अनुसार, केबल ऑपरेटरों को अपनी तिमाही रिपोर्ट देना होता है, इसके आधार पर ही यह निर्णय लिया जाता है कि केबल ऑपरेटरों के लाइसेंस को जारी रखना है या रद्द करना है। प्रारंभिक सत्यापन के बाद, सीबीआई ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया। उन्होंने आरोपी नरेंद्र सिंह रावत को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जांच एजेंसी आरोपी के आवासीय और आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी कर रही है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: जीवन से बड़ा कोई विद्यालय नहीं, कठिनाइयों से बढ़कर कोई परीक्षा नहीं और समय से बड़ा कोई शिक्षक नहीं।



## अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी के मद्देनजर यातायात नियम लागू

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद, आईपीएस ने आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किया है कि बेहतर यातायात विनियमन और प्रबंधन की सुविधा के लिए, प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली में आयोजित होने वाली 84वीं अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी के मद्देनजर, 3 जनवरी से 15 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से आधी रात तक यातायात प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। आरटीसी जिला बसें, निजी बसें और एसए बाजार और जामबाग की ओर से आने वाले और नामपल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को एमजे मार्केट से अबिड्स जंक्शन की ओर मोड़ दिया जाएगा। इसी तरह, पुलिस नियंत्रण कक्ष और बशीर बाग से आने वाले और नामपल्ली की ओर जाने वाले आरटीसी और निजी बसें और भारी वाहन एआर पेट्रोल पंप और बीजेआर स्टैच्यू से अबिड्स की ओर मोड़ दिए जाएंगे। बेगम बाजार छतरी से आने वाले और मलकुंटा की ओर जाने वाले भारी और मध्यम मोटर वाहनों को अलास्का जंक्शन पर दारुसलम और एक मीनार, नामपल्ली की ओर मोड़ दिया जाएगा। दारुसलम (गोशामहल रोड) से आने वाले और अफजलगंज या अबिड्स की ओर जाने वाले डीसीएम वाहनों सहित भारी और मध्यम मोटर वाहनों को अलास्का जंक्शन पर बेगम बाजार, सिटी कॉलेज और नयापूल की ओर मोड़ दिया जाएगा। मूसा बाउली/बहादुरपुरा की ओर से आने वाले और नामपल्ली की ओर जाने वाले आरटीसी बसों सहित भारी और मध्यम मोटर वाहनों को सिटी कॉलेज पर नयापूल और एमजे मार्केट की ओर मोड़ दिया जाएगा। अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी के मद्देनजर, यात्रियों से अनुरोध है कि वे 15 फरवरी, 2025 तक हर रोज शाम 4 बजे से रात 12 बजे के बीच एमजे मार्केट - गांधी भवन - नामपल्ली जंक्शन के मार्ग से बचें और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। प्रदर्शनी देखने के इच्छुक नागरिकों से अनुरोध है कि वे आरटीसी बसों और मेट्रो रेल सेवाओं (सप्ताह के दिनों में रात 11.30 बजे तक और सप्ताहांत और सार्वजनिक छुट्टियों पर मध्यरात्रि 12 बजे तक उपलब्ध) जैसी सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का लाभ उठाएँ और प्रदर्शनी मैदान के आसपास के क्षेत्र में यातायात की भीड़ को कम करने में मदद करें। प्रदर्शनी देखने आने वाले लोगों को सलाह दी जाती है कि वे सड़क पार करने से बचें क्योंकि यह खतरनाक हो सकता है। उन्हें सड़क पार करने के लिए गांधी भवन मेट्रो ब्रिज और मेट्रो लिफ्ट/एलेवेटर का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ सहयोग करें।

## दीक्षांत परेड में प्रशिक्षु सिपाहियों ने लिया भाग



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 9 महीने के बुनियादी प्रेरण प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद, 549 वजीफा प्राप्त कैडेट प्रशिक्षु पुलिस कांस्टेबलों ने शुक्रवार को यूसुफगुडा में टीजीएसपी प्रथम बटालियन में आयोजित दीक्षांत परेड में भाग लिया। तेलंगाना के डीजीपी डॉ. जितेन्द्र रेड्डी ने परेड का निरीक्षण किया। कैडेटों में इंजीनियरिंग स्नातक, स्नातकोत्तर, स्नातक और इंटरमीडिएट योग्यता वाले लोग शामिल थे।

अधिकारियों ने बताया कि कैडेटों को इनडोर और आउटडोर कोर्स में प्रशिक्षित किया गया जो इंडक्शन प्रोग्राम पाठ्यक्रम का हिस्सा है। उन्हें आत्मरक्षा रणनीति, तेलंगाना पुलिस के ऑनलाइन एप्लीकेशन, फोरेंसिक साइंस आदि में भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कैडेटों को भारतीय आपराधिक कानून, जांच पहलुओं, खुफिया जानकारी, आंतरिक सुरक्षा और साइबर अपराध सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

CLASSIFIEDS

WANTED

Wanted a Branch supervisor, Business executive and Assistant for Shree Baliram Road Carriers. Min 3-5years experience in Transport industry. Walk-in interview.

Ph: 9347231534

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## इंटर की छात्रा ने की आत्महत्या

राजन्ना-सिरसिल्ला, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। इंटरमीडिएट की छात्रा जक्कुला अनुषा (18) ने इलानथाकुंटा मंडल के दचराम में आत्महत्या कर ली।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। बडेनापल्ली गुरुकुलम स्कूल में इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही अनुषा तीन दिन पहले घर आई थी और गुरुवार रात उसने अपने घर की छत से फांसी लगा ली।

चौदहवीं पुण्यतिथि



स्व: श्रीमति मूलीबाई सोयल

धर्मपत्नी: श्री भुराराममजी सोयल, मरुधर में जांणुदा

स्वर्गवास: 04.01.2011

मीठी मधुर स्मृतियां आपकी, कभी नही मिट पाएगी। आपका व्यवहार आपकी बातें, सदैव हमें याद आएगी।। हम सबकी हार्दिक श्रद्धांजलि

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :

भुराराममजी (पति), उत्तम-निर्मला, ललित-रेखा (पुत्र-पुत्रवधु) कलाराम (जेठ), कालुराम (देवर), प्रकाश, दीपाराम (जेठुता), भरत, पीयुष, दक्ष, तनवी (पोत्र-पौत्री) एवं समस्त सोयल परिवार

: प्रतिष्ठान :

बी.आर.चौधरी ज्वैलर्स अमीरपेट-हैदराबाद 9441350410

महालक्ष्मी ज्वैलर्स अमीरपेट-हैदराबाद 9848065340

AAIMAA ADS

# श्रीधर बाबू ने तेलंगाना में ब्लॉकचेन सिटी की घोषणा की





हैदराबाद, 3 जनवरी (फोटो)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने खुलासा किया है कि तेलंगाना में एक ब्लॉकचेन सिटी स्थापित की जा रही है। उन्होंने खुलासा किया कि संबंधित उद्योगों और विशेषज्ञों के साथ इस बात पर विचार-विमर्श शुरू हो चुका है कि इसे कहाँ और कितने क्षेत्र में स्थापित किया जाना चाहिए। श्रीधर बाबू ने शुक्रवार को माधापुर में "सेंटिलियन नेटवर्क्स एंड एचसी रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड' के नए परिसर का औपचारिक उद्घाटन किया, जिसमें ड्रोन प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स के क्षेत्र में लगभग 1,800 लोग कार्यरत हैं। उन्होंने बताया, "राज्य सरकार नई तकनीकों के नवाचार में तेलंगाना को नंबर वन बनाने के लिए योजनाएं बना रही है और उन्हें लागू कर रही है। इसी तरह, कौशल विश्वविद्यालय और उद्योगों की मदद से इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करके युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

फ्यूचर सिटी में जल्द ही एआई विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी जाएगी। इसके अलावा, राज्य सरकार विशेष रूप से क्वांटम कंप्यूटिंग में उत्कृष्टता केंद्र शुरू करने जा रही है।" श्रीधर बाबू ने कहा, "केंद्र सरकार देश में फ्रंटियर टेक्नोलॉजी हब स्थापित करने की योजना बना रही है। राज्य सरकार ने पहले ही केंद्र से हैदराबाद में उस हब को स्थापित करने का अनुरोध किया है, जिसमें विशेष रूप से उस स्थान के फायदे बताए गए हैं। हमें उम्मीद है कि केंद्र इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेगा।" उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एआई, ब्लॉकचेन और अन्य जैसी उभरती हुई तकनीकों के व्यापक उपयोग के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रीधर बाबू ने बताया कि राज्य सरकार ड्रोन तकनीक पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान करके युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रही है, जो हाल के दिनों में महत्वपूर्ण हो गया है।

# शब्बीर ने केटीआर को दी खुली चुनौती

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अली शब्बीर ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. तारकरामा राव को पिछले 14 वर्षों में केसीआर परिवार की संपत्ति में हुई वृद्धि पर बहस के लिए खुली चुनौती दी है।शुक्रवार को गांधी भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शब्बीर अली ने केटीआर के ईमानदारी के दावों का मजाक उड़ाया और परिवार की संपत्ति में हुई बेतहाशा वृद्धि के लिए स्पष्टीकरण मांगा। आधिकारिक संपत्ति घोषणाओं को प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि केटीआर की संपत्ति 2009 में 4.32 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 53.32 करोड़ रुपये हो गई। हरीश राव की संपत्ति 2009 में 67.57 लाख रुपये से बढ़कर 2023 में 24.29 करोड़ रुपये हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की संपत्ति 2004 में 86 लाख रुपये से बढ़कर 2023 में 58.93 करोड़ रुपये हो गई, जबकि कलवकुंतला कविता की संपत्ति 2014 में 6.19 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 39.79 करोड़ रुपये हो गई। इस अवधि के दौरान केसीआर परिवार की संपत्ति में औसतन 30.81 गुना वृद्धि हुई। शब्बीर अली ने जवाबदेही की मांग करते हुए सवाल किया कि क्या परिवार के पास इस तरह की वित्तीय वृद्धि को सही ठहराने के लिए वैध व्यावसायिक उद्यम या निवेश हैं।

उन्होंने केटीआर को खुली बहस में अपने परिवार की संपत्ति का विस्तृत ब्योरा देने की चुनौती दी। उन्होंने केटीआर पर बीआरएस सरकार और केसीआर परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस सरकार के खिलाफ निराधार आरोप लगाने का भी आरोप लगाया।

शब्बीर अली ने कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की न्यायिक जांच, फोन टैपिंग के आरोप और फॉर्मूला ई रेस कार घोटाले में एफआईआर सहित हाई-प्रोफाइल मामलों का हवाला दिया। उन्होंने ओआरआर को 30 साल के लिए एक निजी कंपनी को पट्टे पर देने में अनियमितताओं की मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा आदेशित एसआईटी जांच का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि केटीआर ने फॉर्मूला ई रेस मामले में यू-टर्न लिया है। शुरुआत में, केटीआर ने संबंधित मंत्री के रूप में अपनी क्षमता में धन स्वीकृत करने का बचाव किया। हालांकि, उच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपने हलफनामे में, उन्होंने अधिकारियों पर दोष मढ़ते हुए दावा किया कि यह नौकरशाहों की जिम्मेदारी थी कि वे धन हस्तांतरित करने से पहले सभी आवश्यक स्वीकृतियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को छिपाने के केटीआर के प्रयास विफल होंगे। शब्बीर अली ने कहा कि कांग्रेस सरकार करदाताओं के पैसे के इस दुरुपयोग को संबोधित कर रही है, यह सुनिश्चित करके कि रायथु भरोसा फंड केवल खेती योग्य भूमि को दिया जाए। उन्होंने केटीआर से खुली बहस की चुनौती स्वीकार करने का आह्वान किया और कहा कि जब तक पारदर्शिता स्थापित नहीं हो जाती, केटीआर की ईमानदारी के दावे अविश्वसनीय रहेंगे।

# बाल श्रम प्रणाली को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं: सुधीर बाबू

### ऑपरेशन स्माइल की बैठक आयोजित





हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ऑपरेशन स्माइल-XI की अभिसरण बैठक आज राचकोंडा आयुक्तालय कार्यालय, नेरडेमेट में आयोजित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने कहा कि बाल श्रम प्रणाली समाज में एक बीमारी बन गई है और यह कई मासूम बच्चों के बचपन को नष्ट कर रही है।

सीपी ने कहा कि बाल श्रम का मूल कारण मुख्य रूप से माता-पिता की गरीबी है, जिसके कारण बच्चे भीख मांगने के चंगुल में फंस जाते हैं और अपना सुनहरा भविष्य भी खो देते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी के कारण असामाजिक तत्वों के चंगुल में फंसने वाले बच्चों के कई बार किशोर अपराधी बनने की संभावना रहती है और असामाजिक ताकतों द्वारा छोटे बच्चों का इस्तेमाल अपराध करने के लिए करने की भी संभावना रहती है। सीपी ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे अपनी आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना अपने बच्चों को श्रम बाजार में न धकेलें।

सीपी ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा के लिए कई मुफ्त कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाएं चला रही है और उनका लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन में जनभागीदारी का आह्वान किया और कहा कि लोगों को इसे अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी माननी चाहिए। सीपी ने कहा कि राचकोंडा से मानव तस्करी और बाल श्रम को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। सीपी ने कहा, 'हम मानव तस्करी पर कड़ी नजर रख रहे हैं और विशेष टीमों द्वारा बच्चों को बचाया गया है और तस्करों पर मामले दर्ज किए गए हैं।'

उन्होंने याद दिलाया कि ओडिशा और बिहार जैसे अन्य राज्यों से पलायन करने वाले श्रमिकों के लिए उनके इलाके में कार्य स्थल स्कूल स्थापित किए गए हैं, ताकि उनके बच्चे अपनी शिक्षा जारी रख सकें। डीसीपी क्राइम अरविंद बाबू, डीसीपी एडमिन इंदिरा, डीसीपी महिला सुरक्षा उषा विश्वनाथ, एम. पूर्णचंदर राव एडी, शिक्षा विभाग आरआर जिला, यदाद्री सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष जयश्री, सहायक श्रम आयुक्त प्रसाद, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधि वेंकटेश्वरलू और राचकोंडा के अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

# दमरे जोन का पिछले दो वर्षों के दौरान असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन : अरुण जैन

## दक्षिण मध्य रेलवे ने 69वां रेलवे सप्ताह मनाया



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने शुक्रवार को रेल कलारंग, न्यू भोईगुडा, सिकंदराबाद में 69वां रेलवे सप्ताह मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान डिवीजनों और विभागों को क्षेत्रीय दक्षता शील्ड और अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक, जे. विनयन, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उदयनाथ कोटला, उप महाप्रबंधक (जी), विभागों के प्रमुख प्रमुख, मंडल रेल प्रबंधक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए अरुण कुमार जैन ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और वर्ष 2024 के दौरान प्रदान की गई उनकी सराहनीय सेवा की सराहना की। महाप्रबंधक ने साझा किया कि दिसंबर, 2024 में आयोजित राष्ट्रीय रेलवे सप्ताह समारोह के दौरान जोन ने निर्माण और सिविल इंजीनियरिंग विषयों में दो प्रदर्शन दक्षता शील्ड हासिल की। एससीआर की उपलब्धियों पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि जोन ने पिछले दो वर्षों के दौरान असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, कई मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करते हुए जोन की साख को मजबूत किया है और शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक के रूप में देश भर में पहचान अर्जित की है। अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, श्री जैन ने कहा कि दक्षिण मध्य रेलवे की असली ताकत इसका समर्पित कार्यबल और उत्कृष्ट टीम वर्क है। उन्होंने कहा कि एससीआर के फोकस क्षेत्र सुरक्षा, संपत्ति रखरखाव, कार्यों की गुणवत्ता और कर्मचारियों को प्रशिक्षण हैं।

उन्होंने कहा कि ये चार पहलू परस्पर संबंधित हैं उन्होंने कर्मचारियों को यह भी सलाह दी कि वे रेलवे के उद्देश्य को हमेशा ध्यान में रखें, जो सभी के लिए सुरक्षित, आरामदायक और सस्ती यात्रा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों को लागू करने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि जोन की विकास गति एससीआर के झंडे को हमेशा ऊंचा फहराने में मदद करेगी।

## बेटी और दामाद की हत्या की कोशिश करने वाले को जेल

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को अपनी बेटी और दामाद की हत्या के प्रयास के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, जो 2018 में एसआर नगर में दर्ज किया गया था। अदालत ने उस पर 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

बोरबांडा के एक सुनार वी मनोहर चारी (50) ने अपनी बेटी माधवी और दामाद संदीप के खिलाफ रंजिश रखी थी क्योंकि उन्होंने उसकी इच्छा के विरुद्ध अंतरजातीय विवाह किया था। उसने एर्रागड्डा में सबके सामने दंपति पर चाकू से हमला किया। दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन बाद में अस्पताल में उनकी हालत में सुधार हुआ। एसआर नगर पुलिस ने मनोहर चारी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी (पश्चिम) एसएम विजय कुमार ने मामले में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए जांच अधिकारी और टीम के प्रयासों की सराहना की है।

## सीतक्का ने 25 मोबाइल मछली विक्रय वाहनों को हरी झंडी दिखाई

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज मंत्री सीताक्का ने शुक्रवार को यहां प्रजा भवन में 25 मोबाइल मछली विक्रय वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सीतक्का ने स्वयं नारे लगाते हुए कहा, "महिला शक्ति का विकास होना चाहिए।" उन्होंने मोबाइल मछली विक्रय वाहन में यात्रा की और सुविधाओं का निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है और सरकार का लक्ष्य आम महिलाओं को करोड़पति बनाना है। सीतक्का ने कहा, "देश में पहली बार तेलंगाना में आधिकारिक तौर पर सावित्री भाई फुले जयंती मनाई जा रही है। सावित्री भाई फुले ने साबित किया कि महिलाएं घर तक सीमित नहीं हैं और उन्हें एक महान व्यक्ति के रूप में सराहा गया, जिन्होंने दुनिया को शिक्षा की महानता दिखाई।" मंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार महिला समूहों के लिए ऋण बीमा योजना लागू कर रही है और 17 प्रकार के व्यवसायों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रही है। उन्होंने लाभार्थियों को इस तथ्य का लाभ उठाने की सलाह दी कि उन्हें केवल 4 लाख रुपये में वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं और 10 लाख रुपये के वाहन के लिए 6 लाख रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। कार्यक्रम में मत्स्य निगम के अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार, प्रजाकवि जयराजू, करीमनगर जिला पुस्तकालय के अध्यक्ष सथु मल्लेश और जन विज्ञान वेदिका के अध्यक्ष रमेश ने भाग लिया।

## मंजीरा नदी में किसान डूबा

मेदक, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक जिले के पोडीचेनपल्ली में मंजीरा नदी में कृषि पंप सेट की मरम्मत करते समय एक किसान डूब गया। पोडिचेनपल्ली निवासी बुट्टा जीवैया (63) नामक किसान अपने खेत की सिंचाई के लिए पंप सेट का उपयोग करके नदी से पानी खींच रहा था। गुरुवार को जब उसने मोटर चालू करने की कोशिश की तो उसने पाया कि वह काम नहीं कर रही थी। तकनीकी खराबी को ठीक करने का प्रयास करते समय वह नदी में चला गया, फिसल गया और डूब गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान
National Institute of Design
ఆంధ్ర ప్రదేశ్ • आंध्र प्रदेश • Andhra Pradesh
(डीपीआयआयटी के तहत राष्ट्रीय महत्व की स्वायत्त संस्था, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

भर्ती अधिसूचना नं. एनआईडी एपीआरईसीटी 2024 आर-2 दिनांक 05-12-2024

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, आंध्र प्रदेश,डीपीआयआयटी के तहत राष्ट्रीय महत्व की स्वायत्त बहु अनुशासनात्मक डिजाइन संस्थान, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के तहत स्थापित, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निम्न पदों की भर्ती हेतु योग्य भारतीय नागरिकों से आनलाईन आवेदन आमंत्रित हैं।

| क्रम सं. | पदनाम/सं./आरक्षण- | वेतनमान | भर्ती पध्दति |
|---|---|---|---|
| 1 | हेड लाइब्रेरियन-01 पद (अनारक्षित) | 11 | प्रतिनियुक्ति द्वारा असफल होने पर सीधी भर्ती |
| 2 | सीनियर अकाउण्ट्स आफिसर-01 पद(अनारक्षित) | 10 | प्रतिनियुक्ति द्वारा असफल होने पर सीधी भर्ती |

तत्संबंधित सभी पदों को बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचाना जाता है। इच्छुक एवं योग्य आवेदकगण, उपरोक्त संस्थान के वेबसाइट लिंक के माध्यम से केवल आनलाईन द्वारा आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी, अपडेट्स एवं परिवर्तन,यदि कोई हो तो, उसे केवल हमारे **वेबसाइट: www.nid.ac.in/careers** पर देख सकते है। एम्प्लायमेंट न्यूज में, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से लेकर 30 दिनों तक, आनलाईन एप्लीकेशन विंडो खुला रहेगा।

हस्ता./-
प्रभारी प्रशासन प्रमुख
राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, आंध्र प्रदेश

CBC 05218/12/0005/2425

पूर्व तट रेलवे

वाल्टियर मंडल की पैरा मेडिकल श्रेणियों के सेवानिवृत्ति रेलवे कर्मियों की पुनः नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू

रोजगार सूचना सं.: 1/2024/WAT/MED/RTD. NURSG.SUPDT PHARMACIST/ CONTRACT, दिनांक: 31.12.2024

यह रेलवे बोर्ड के पत्रांक: E(NG)II/2005/RC-4/SC/2Pt.I, dtd. 28-6-2024 (RBE No.: 59/2024) के मद्देनजर पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मंडल के चिकित्सा विभाग में पैरा मेडिकल श्रेणियों (ग्रुप-सी) में नीचे उल्लेखित पदों को भरने के लिए **दिनांक 30.06.2025** तक की अवधि के लिए निम्नलिखित शर्तों के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति का प्रस्ताव है।

| विभाग | क्र. सं. | श्रेणी | पीबी + जीपी/ लेवल | प्रस्तावित नियुक्ति की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| मेडिकल | 1. | नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट | लेवल - 7 (VI PC में GP 4600) | यूआर-10, एससी-02, एसटी-01, ओबीसी-03 (कुल-16) |
| | 2. | फॉर्मासिस्ट | लेवल - 5 (VI PC में GP 2800) | एसटी-01 (कुल-01) |

वॉक-इन-इंटरव्यू का स्थान, तारीख एवं समय:

| | |
|---|---|
| स्थान | सीएमएस कार्यालय/पूर्व तट रेलवे/डोंडापार्थी जंक्शन/विशाखापट्टणम |
| तारीख | 23.01.2025 (गुरुवार) |
| समय | **आवेदन का पंजीकरण: पूर्वाह्न 11.00 बजे** से **दोपहर 12.30 बजे** तक<br>**इंटरव्यू:** उसी दिन **दोपहर 12.30 बजे** से<br>**टिप्पणी: बंद होने के समय अर्थात् दोपहर 12.30 बजे के उपरांत किसी आवेदन के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी।** |

इंटरव्यू एक से अधिक दिन तक जारी रह सकता है तथा इंटरव्यू में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को कोई भी टीए/डीए/आवास की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

वि.द्र.: विवरण, पात्रता, योग्यता, उम्र, पारिश्रमिक तथा अन्य नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट : **http://www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in → Recruitment Info → Walk-in-Interview/Notification** देखें।

PR-859/P/24-25

मंडल रेल प्रबंधक (P), वाल्टियर

नवी पुण्यतिथि



स्व.श्री पुखराजजी सोलंकी

सुपुत्र: श्री नेनारामजी; मरुधर मे गुडा ठाकुरजी (पाली)

।। स्वर्गवास : 04.01.2016 ।।

दूर है आज आप हमसे, फिर भी है दिल के पास। सबको छाया प्रदान कर, दे रहे है हमे आर्शीवाद ।।

स्व.टीपूबाई (माताजी), पोनीदेवी (धर्मपत्नी), घीसूलाल, वोराराम (भाई), अशोक, रमेश, धीरज, दिव्यांश (पुत्र), एवं समस्त सोलंकी परिवार

अम्बिका बाथ स्टूडियो उप्परपल्ली राजेन्द्रनगर

जगदम्बा हार्डवेयर अतापुर रिंगरोड़ हैदराबाद

लक्ष्मी एजेन्सीज उप्परपल्ली

महालक्ष्मी सेनेटरी एंड हार्डवेयर अतापुर उप्परपल्ली

Mobile No.: 7093658926

P.Solankey

## तेजस्वी यादव का कार्यकर्ता संवाद यात्रा कल से, मोतिहारी से करेंगे शुरुआत



पटना, 3 जनवरी (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 5 जनवरी से कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। बता दें कि तेजस्वी यादव इस यात्रा के छठे चरण की शुरुआत पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से करेंगे। राजद की ओर से बताया गया कि यह कार्यक्रम 5 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा। तेजस्वी विभिन्न जिलों में जाएंगे और वहां स्थानीय कार्यकर्ताओं संग पार्टी से जुड़ी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा करेंगे। तेजस्वी यादव कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम की शुरुआत पूर्वी चंपारण से करेंगे। इस दौरान उनका कार्यक्रम संगठन जिला मधुबन में भी होगा। वहीं 7 जनवरी को तेजस्वी कैमूर जाएंगे जबकि 8 जनवरी को बक्सर का दौरा करेंगे। उसके बाद 11 जनवरी को वे पुलिस जिला बगहा में रहेंगे। फिर 12 जनवरी को पश्चिम चम्पारण के बेतिया और 13 जनवरी को गोपालगंज में यात्रा करेंगे।

बता दें कि राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव द्वारा तेजस्वी यादव के कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के छठे चरण का पूरा ब्यौरा जारी किया गया है। दरअसल तेजस्वी यादव इसके पहले भी राज्य के कई जिलों का दौरा कर चुके हैं। इसमें जिला स्तर पर राजद के कार्यकर्ताओं के साथ उनके गृह जिला में जाकर बातचीत करते हैं।

## सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को हाईकोर्ट से मिली राहत
## नहीं होगी गिरफ्तारी, एफआईआर रद्द की मांग खारिज



संभल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को इलाहाबाद हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।हाई कोर्ट ने बर्क की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी लेकिन एफआईआर रद्द करने की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में विवेचना जारी रहेगी। 7 साल से कम की सजा वाली धाराएं होने के चलते गिरफ्तारी नहीं होगी। संभल में 24 नवंबर को मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत कई अन्य आरोपी बनाए गए हैं। बर्क ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाई कोर्ट में यह याचिका दाखिल की थी। साथ ही अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर की वैधानिकता को भी चुनौती दी थी। संभल हिंसा को लेकर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और वहां के विधायक नवाब इकबाल के बेटे सुहेल इकबाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इन दोनों लोगों पर आरोप है कि इन्होंने ही हिंसा की साजिश रची जबकि सांसद बर्क का कहना है कि वह हिंसा के समय संभल में मौजूद ही नहीं थे। इसके बावजूद भी उन पर एफआईआर दर्ज की गई। बर्क का कहना है कि वह उस समय बेंगलुरु में थे।

**24 नवंबर को भड़की थी हिंसा**

संभल में 24 नवंबर को हिंसा भड़की थी। कोर्ट के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद में पहली बार सर्वे किया गया था। कोर्ट ने यह आदेश जिस याचिका पर दिया उसमें दावा किया गया था कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर था। 24 नवंबर को मस्जिद का दोबारा सर्वे किया गया। इस दौरान हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक लोग घायल हुए थे।

**संभल हिंसा को लेकर 7 मुकदमे दर्ज**

संभल हिंसा को लेकर पुलिस ने 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और 7 मुकदमे दर्ज किए हैं। करीब 2700 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें संभल सांसद बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद किया गया है। सात एफआईआर में से पांच संभल कोतवाली में और दो एफआईआर नखासा थाने में दर्ज की गई है।

## ग्रेटर नोएडा में 100 करोड़ की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

ग्रेटर नोएडा, 3 जनवरी (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा में ईकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र के सिकंद्रपुर में काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर बृहस्पतिवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। एडीएम न्यायिक भैर पाल सिंह की अगुवाई में पुलिस प्रशासन की टीम जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंची। करीब सौ करोड़ रुपये की जमीन को प्रशासन ने भूमाफिया से कब्जा मुक्त कराया है। एडीएम न्यायिक ने बताया कि सिकंद्रपुर गांव में अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। भूमाफिया करीब सौ करोड़ रुपये की जमीन पर अवैध तरीके से कॉलोनी काट रहे थे। पुलिस प्रशासन की टीम ने कब्जा मुक्त करा दिया है। उन्होंने बताया कि जमीन डूब क्षेत्र में थी। शिकायत मिलने पर लेखपाल जांच करने के लिए पहुंचे थे। जांच में पाया गया कि जमीन राज्य सरकार की सीलिंग भूमि है। जहां लोटस व वेदा नाम पर भूमाफिया फार्म हाउस बनाकर अवैध निर्माण कर रहे थे। वहीं, बृहस्पतिवार को छह जेसीबी मशीन के साथ प्रशासनिक अमला पुलिस बल के साथ जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंचा। इस दौरान प्रशासन की टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। एडीएम न्यायिक ने बताया कि डूब क्षेत्र में निर्माण नहीं किया जा सकता। डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। कब्जा मुक्त कराने के दौरान उप जिलाधिकारी चारूल यादव, तहसीलदार अजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## 30 साल से दीवारों में 'कैद' चामुंडा देवी मंदिर
### महिलाओं ने किया हंगामा, बोलीं- इसे तोड़ा जाए

संभल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के महमूद खां सराय में चामुंडा देवी मंदिर की दीवार हटाने की मांग को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि चामुंडा मंदिर को चारों तरफ से दीवार लगाकर बंद कर दिया गया था। इस वजह से उनको पूजा करने में परेशानियां हो रही हैं। चामुंडा मंदिर पर एक शख्स ने कब्जा किया गया हुआ है। जिसने चारों तरफ से मंदिर का रास्ता बंद कर दिया है। संभल में पिछले कुछ कई दिनों से एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान हो रही खुदाई में एएसआई की टीम को कई हैरान करने वाली इमारतें मिली हैं। एएसआई की टीम को कुंए, कूप, तहखाने और बावड़ी आदि मिली हैं। खुदाई में मिल रहे इतिहास के झरोखे को देखकर लोगों में बहुत खुशी है। इन सब इमारतों के बाद अब लोगों ने मंदिर पर हुए अवैध कब्जों के खिलाफ अपना विरोध तेज कर दिया है। इन दिनों संभल के महमूद खां सराय इलाके में चामुंडा देवी मंदिर की दीवार हटाने को लेकर महिलाओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने आरोप लगाया कि मंदिर उनकी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। मंदिर को बंद करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे दरवाजे के कारण मंदिर में पूजा करना असुविधाजनक हो गया है।

## 'अभी और सबूत सामने आएंगे'
### संभल मस्जिद मामले में सर्वे रिपोर्ट पर बोले केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट सामने आने पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की प्रतिक्रिया सामने आई है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कुछ सबूत सामने आए हैं, कुछ और जो आने चाहिए थे, वह भी आगे के सर्वे में बाद में सामने आएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि कोर्ट इन सभी सबूतों का परीक्षण कर आदेश जारी करेगी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अदालत का जो भी फैसला होगा, यूपी सरकार उसका सम्मान करेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने 24 नवंबर को हुई हिंसा को फिर दोहराया और कहा कि वहां पर मंदिर-मस्जिद को लेकर कोई हिंसा नहीं हुई थी। समाजवादी पार्टी के सांसद और विधायक के बीच वर्चस्व की जंग के चलते हिंसा को अंजाम दिया गया था।



**कानून को अपने हाथ में लेने वालों को सजा जरूर मिलेगी**

डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी के गुंडे-माफियाओं और दूसरे अपराधियों ने हिंसा को अंजाम दिया था। समाजवादी पार्टी के नेताओं के पास हिंसा और नफरत फैलाना ही एक सूत्रीय कार्यक्रम होता है। जिसने भी कानून को अपने हाथ में लेने का काम किया है, उसे सजा जरूर मिलेगी। वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने संभल की शाही जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाए जाने पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य नेताओं द्वारा सवाल खड़े किए जाने पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और शांति के लिए जहां भी जरूरी होगा, सरकार वहां पुलिस चौकी बनवाएगी।

**संवेदनशील मुद्दों पर जो भी सियासत करेगा वह समाप्त हो जाएगा**

पुलिस चौकी बनवाए जाने का वेलकम करना चाहिए था लेकिन लोग विरोध कर रहे हैं। ओवैसी समेत दूसरे नेता ऐसे मामले पर राजनीति करने का काम कर रहे हैं, संवेदनशील मुद्दों पर जो भी सियासत करेगा वह समाप्त हो जाएगा और उसकी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़ी एक नई याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल, परिसर में परिक्रमा की मांग की



मथुरा, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़ी एक नई याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की गई है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने शाही मस्जिद ईदगाह के विवादित परिसर स्थित श्रीकृष्ण कूप पर पूजा व परिक्रमा की अनुमति की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। याचिका में शाही मस्जिद ईदगाह के सचिव तनवीर अहमद और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि श्रीकृष्ण कूप पर सनातन धर्म के अनुयायी लंबे समय से माता शीतला सप्तमी और अष्टमी के अवसर पर बसोढ़ा पूजा करते आ रहे हैं। इसके साथ ही एकादशी के दिन अखंड श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर की परिक्रमा भी की जाती है। लेकिन, अब शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के लोग इन धार्मिक परंपराओं को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

**बसोढ़ा पूजा का धार्मिक महत्व**

आशुतोष पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म में बसोढ़ा पूजा का विशेष महत्व है। इस पूजा में बासी भोजन किया जाता है और यह मान्यता है कि इससे रोग और कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण कूप पर शादी, विवाह और त्योहारों के अवसर पर पूजा-अर्चना की परंपरा रही है, जो अब विवादों के कारण बाधित हो रही है।

**हाईकोर्ट से अनुमति की मांग**

याचिका के माध्यम से श्रीकृष्ण कूप पर पूजा और जन्मभूमि परिसर की परिक्रमा की अनुमति मांगी गई है। आशुतोष पांडेय का कहना है कि ये धार्मिक परंपराएं न केवल आस्था से जुड़ी हैं, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं का हिस्सा हैं। उनका मानना है कि इन्हें रोका जाना धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। फिलहाल यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि हाईकोर्ट इस मामले में क्या रुख अपनाता है। मामले की सुनवाई आने वाले दिनों में होने की संभावना है।

## महिला को बेहोश छोड़कर डॉक्टर फरारः ऑपरेशन के दौरान लापरवाही

जहानाबाद, 3 जनवरी (एजेंसियां)। जहानाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही करने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने ऑपरेशन थिएटर में महिला को बेहोश करने के बाद ऑपरेशन करने से मना कर दिया और मरीज को बेहोशी की हालत में ही छोड़कर भाग गए। महिला नालंदा जिला के तेलहाड़ा थाना क्षेत्र के गंगा विगहा की रहने वाली है। वहीं मायका पाली थाना क्षेत्र के नगवां गांव में है।

महिला के पति मनीष कुमार ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन की ओर से आपरेशन नहीं करने को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन से पहले सभी काम किया गया। ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर बेहोशी का इंजेक्शन भी लगाया गया। इसके बाद बेहोशी की हालत में छोड़कर डॉक्टर निकल गए।

## पल्लवी का हमला बदस्तूर जारी, मंत्री आशीष को निशाने पर लेकर बोलीं- मैं अखिलेश यादव के विपक्ष में खुश



लखनऊ, 3 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा विभाग में हुए कथित घोटालों और अनियमितताओं को लेकर अपना दल (कमेरावादी) की नेता और सिराथू से सपा विधायक पल्लवी पटेल ने प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पल्लवी पटेल ने न केवल घोटाले का खुलासा किया, बल्कि इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस नीति पर सवालिया निशान बताया।

**पल्लवी का बड़ा बयानः**

पल्लवी पटेल ने अपने एक साक्षात्कार में कहा, आशीष पटेल ने निर्लज्जता की पराकाष्ठा पार कर दी है। पिता की तस्वीर के नीचे उन्हीं की बेटी की बेइज्जती कर रहे हैं, दलाली कर रहे हैं। यह चोर उचक्का सरदार पटेल के पीछे जाकर छुपेगा वहां से भी भगा दिया जाएगा। सरकारी पैसे की लूट हुई है, जो भी बातें कही गई हैं वह निराधार हैं।' उन्होंने आशीष पटेल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है सरकार का, एसटीएफ से हर अपराधी को डरना चाहिए। असल में गुरुवार को आरोपों के घेरे में आए आशीष पटेल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि यह उनके खिलाफ एक साजिश है। आशीष पटेल ने तब एसटीएफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, आपका नाम स्पेशल टास्क फोर्स है, मेरा नाम आशीष पटेल है। यदि आपमें ताकत है, तो मेरे सीने पर गोली मारने की हिम्मत दिखाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। आशीष ने कहा, यदि प्रधानमंत्री मोदी आदेश देंगे, तो मैं एक सेकेंड भी पद पर नहीं रहूंगा। लेकिन मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। आशीष पटेल ने दावा किया है कि एसटीएफ ने उनके खिलाफ सारा षडयंत्र किया है। इस पर पल्लवी पटेल ने कहा कि नोएडा में बैठे स्क्रिप्ट राइटर पर मुझे बहुत हंसी आ रही है घोड़े की रेस में आप गधे और खच्चर पर दांव लगा रहे हैं। इस बात से उनका इशारा किस ओर था अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**पल्लवी ने अखिलेश यादव को भी घेरा**

पल्लवी पटेल ने इस पूरे मामले में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 2022 में अखिलेश यादव से मुद्दों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब इस मुद्दे पर उनकी चुप्पी चिंताजनक है। मैं अखिलेश यादव के विपक्ष में बहुत खुश हूं। मुझे बीजेपी में जाने का कोई शौक नहीं है।

**अनुप्रिया पटेल पर टिप्पणी**

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और आशीष पटेल की पत्नी केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल पर टिप्पणी करते हुए पल्लवी ने कहा, मेरी पॉलीटिकल इक्वेशन पर अनुप्रिया से बातचीत नहीं होती है। अभी दूरियां थोड़ी ज्यादा है, लेकिन मैं नहीं समझ पा रही हूं कि वह यहां क्यों आई है। जिस घोटाले को लेकर इतनी बड़ी चर्चा हो रही है कहीं ना कहीं उसकी सच्चाई अनुप्रिया तक भी पहुंची है। अनुप्रिया का रिएक्शन जो सामाजिक न्याय की बात होती है उसी के हिसाब से होना चाहिए यह मैं उम्मीद करती हूं।'

## पुलिस चौकी की जमीन को वक्फ का बताने वाले फंसे दर्ज हुई एफआईआर

संभल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। संभल में जमीन के नीचे अकाट्य सबूत मिल रहे हैं। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भी मंदिर के प्रमाण मिले हैं। फिलहाल जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाई जा रही है, लेकिन उससे पहले संभल पुलिस ने पुलिस स्टेशन को लेकर झूठा दावा करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया है। संभल पुलिस ने वक्फ के जाली दस्तावेजों के मामले में एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी की जमीन पर वक्फ की प्रॉपर्टी होने का दावा किया गया था। इसी मामले की संभल प्रशासन ने तीन सदस्यीय टीम से मामले की जांच करवाई थी। जांच में पुलिस चौकी की जमीन को वक्फ की प्रॉपर्टी बताने का दावा फर्जी करार दिया गया था। इसके बाद अब संभल पुलिस ने प्रशासन की शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## मेरी औकात जान लो, एक घंटे में आईजी-डीआईजी हटवाए हैं
### खीरी में भड़के पूर्व सांसद जुगल किशोर भाजपा विधायक पर फायरिंग की जांच करने पहुंचे थे सीओ



लखीमपुर खीरी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। लखीमपुर खीरी से भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू पर हुई फायरिंग की जांच पड़ताल करने उनके घर पहुंचे सीओ सिटी पर उनके पिता पूर्व सांसद जुगल किशोर भड़क गए, उन्होंने सीओ पर गुस्सा दिखाते हुए कहा मेरी औकात जान लो। एक घंटे में आईजी डीआईजी हटवाए हैं सीओ सिटी रमेश तिवारी को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद और पूर्व भाजपा प्रवक्ता जुगल किशोर ने कहा में मुख्यमंत्री के सामने बात रखता हूं आप लोग यहां रहने लायक नहीं है, ना आप है, ना आप का इंस्पेक्टर है, ना एसपी है।

यहां की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। दिनदहाड़े डकैती हो रही, चोरी हो रही, मर्डर हो रहा है। विधायक पर गोली चल रही। लगभग 10 वर्ष पूर्व एक समय था। जब जुगल किशोर का बसपा में दबदबा हुआ करता था। जुगल किशोर मायावती के खास लोगों में गिने जाते थे। बसपा सरकार में ही जुगल किशोर को मायावती ने राज्यसभा भेजा था। लोकसभा चुनावों के बाद समीकरण बदले और जुगल किशोर को बसपा से निष्कासित कर दिया गया।

ऐसे में जुगल किशोर ने अपने बयान में यहां तक कह दिया था, कि मायावती दलित नहीं बल्कि दौलत की बेटी हैं।

## हथियार सप्लायर गैंग का खुलासा, सूटकेस में छिपाकर रखते थे अवैध पिस्टल

पूर्णिया, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया में पुलिस ने हथियार सप्लायर गैंग का खुलासा किया है। हथियार सप्लाई करने की अवैध धंधे की किसी को भनक नहीं लगे, इसके लिए सप्लाई करने वाला गिरोह सुटकेश में हथियार छिपाकर रखता था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक घर में छापेमारी की। जहां सूटकेस से एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, 2 खाली मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस, 1 मिसफायर कारतूस और 7 खोखा बरामद किया है। पुलिस इस गिरोह में जुड़े बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। यह मामला बनमनखी थाना का बताया जा रहा है।

**घर में छिपाकर रखता था अवैध हथियार**

सप्लायर की पहचान मोहनिया चकला पंचायत के बेलाचांद गांव निवासी घनश्याम पोद्दार के बेटे शंकर पौद्दार के रूप में की गई है। बनमनखी एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि बनमनखी थाना की पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बनमनखी के बेलाचांद गांव में रहने वाला शंकर पोद्दार नाम का शख्स अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखा है और घर से ही हथियार सप्लाई करता है।

गुप्त सूचना के आधार पर एसपी कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। उन्होंने आगे बताया कि तलाशी लेने पर कमरे से सूटकेस मिला।

शक पर पुलिस ने जब सूटकेस खोला तो उसमें हथियार मिला। पुलिस बरामद हथियार को जब्त कर थाना ले आई है। पूछताछ में सप्लायर ने गिरोह में शामिल बाकी सदस्यों के नाम का भी खुलासा किया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रात होते ही आने लगी पटना के फ्लैट से आवाजें, पुलिस ने दरवाजा खोला तो अंदर आधे कपड़ों में देख रह गई दंग

पटना, 3 जनवरी (एजेंसियां)। किदवईपुरी में रघुवंश अपार्टमेंट में पुलिस ने शराब के नशे में धुत दो लड़के और दो लड़कियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी एक आईटी कंपनी, ज्ञान टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में काम करते हैं। कंपनी का ऑफिस इसी अपार्टमेंट में है। पुलिस को तेज संगीत की शिकायत मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को ये चारों अर्धनग्न अवस्था में नाचते हुए मिले। कमरे से शराब की खाली बोतलें भी मिलीं। गिरफ्तार लोगों में अंशु कुमार (इंजीनियर), अभिषेक कुमार उर्फ बिट्टू और दो लड़कियां शामिल हैं। यह घटना बिहार में शराबबंदी कानून के उल्लंघन का एक और मामला है। पटना के किदवईपुरी इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट में इस आधे कपड़ों वाली दारू पार्टी का भांडाफोड़ हुआ। अपार्टमेंट के कमरा नंबर 402 से तेज संगीत की आवाज




आ रही थी। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को अंदर का नजारा देखकर हैरानी हुई। अंशु कुमार, अभिषेक कुमार, नम्रता सिंह और सवरीना अहमद अर्धनग्न अवस्था में नाच रहे थे। चारों शराब के नशे में धुत थे। पुलिस को देखकर एक लड़का पुलिसवालों को धमकाने भी लगा। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया और बोतलें जब्त कर ली।

**शराब पार्टी पर पुलिस ने ऐसे मारा छापा**

ये पूरा मामला पटना के पॉश इलाके किदवईपुरी का है। एक न्यूज पोर्टल की खबर के अनुसार थानाध्यक्ष सदानंद साह ने बताया कि चारों आरोपियों को शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चारों आरोपी ज्ञान टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में काम करते हैं। इस कंपनी का ऑफिस भी इसी अपार्टमेंट में है। गिरफ्तार लोगों में अंशु कुमार एक इंजीनियर है। अभिषेक कुमार का दूसरा नाम बिट्टू है। दो लड़कियों के नाम यहां नहीं दिए जा रहे हैं। कमरे से शराब की कई खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। यह घटना बिहार में शराबबंदी कानून के उल्लंघन का एक गंभीर मामला है।

**चारों लड़के-लड़कियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिहार में शराबबंदी कानून लागू है। राज्य में शराब पीना या उससे जुड़ा कोई भी कारोबार करना गैरकानूनी है। इस कानून के बावजूद शराब से जुड़ी घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह घटना भी शराबबंदी कानून की प्रभावशीलता पर सवाल उठाती है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। देखना होगा कि आगे क्या कार्रवाई होती है। यह घटना शराबबंदी कानून को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ सकती है।

## पति ने सऊदी अरब से फोन कर दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज



रायबरेली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। शादी में लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं रहे। मायके वालों ने शादी में दामाद के हैसियत के मुताबिक सब कुछ दिया। उससे भी मन नहीं भरा तो ससुराल वालों ने दो लाख नगद और बुलेट गाड़ी की मांग शुरू कर दी। दहेज में नकदी और गाड़ी न मिलने पर शौहर ने सऊदी अरब से फोन पर बेगम को तीन तलाक बोल दिया। बताया जा रहा है कि दोनों को एक बच्ची भी है। कोतवाली अंतर्गत किठावा निवासी सना बानो पुत्री मोहम्मद इस्लाम की शादी चार वर्ष पूर्व प्रार्थिनी जावेद पुत्र लाल मोहम्मद निवासी विकई थाना ऊंचाहार के साथ मुस्लिम रीति के अनुसार हुई थी। विवाहिता के मुताबिक शादी के दो माह तक ससुराल में सब ठीक ठाक चल रहा था। इसके बाद पति मो।

जावेद ने उसके माता पिता से नगदी दो लाख रुपये और बुलेट गाड़ी की मांग करनी शुरू कर दी। मामले की जानकारी पर जब उसके द्वारा विरोध किया गया तो पति उसके साथ आये दिन मारपीट करने लगा। विवाह के लगभग पांच माह बाद उसका शौहर सऊदी चला गया। पति के जाने के बाद विपक्षी सास कुतबुन निशा, ससुर लाल मोहम्मद, चचेरे ससुर मो। सलीम और मो। समी ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

## डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी, बाइक सवारों ने चलाईं गोलियां, पुलिस जांच में जुटी

नवी मुंबई, 3 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में रिटेल स्टोर डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 'बाइक सवार दो लोगों ने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवी मुंबई के सानपाड़ा इलाके में स्थित डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल की हालत स्थिर है। पुलिस जांच कर रही है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस जगह गोलीबारी हुई, वह एक व्यस्त इलाका है।

हमलावरों ने 5-6 राउंड गोलियां चलाईं। जिससे इलाके के दुकानदार और वहां से गुजर रहे लोग घबरा गए। घटना में घायल व्यक्ति की पहचान राजाराम ठोके (48 वर्षीय) के रूप में हुई है, जिसके पेट, कंधे और पैर में गोली लगी है। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर हमलावरों की तलाश में जुटी है। जोन-1 के डीसीपी पंकज दहाने ने बताया कि ठोके के पास एपीएमसी मार्केट में कचरा इकट्ठा करने और उसके निस्तारण का ठेका है। ठोके जब एनएमएमसी वार्ड ऑफिस जा रहा था, उसी समय उस पर हमला हुआ।

**खड़े वाहनों से टकराया ट्रक**

इस बीच मध्य मुंबई के धारावी में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक के खड़े वाहनों से टकरा जाने से एक टैक्सी और एक टेम्पो नाले में गिर गए। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे तड़के करीब पौने पांच बजे टी-जंक्शन पर यह दुर्घटना हुई। ट्रक सड़क किनारे खड़े कम से कम छह वाहनों से टकरा गया। टक्कर के कारण उनमें से कुछ वाहन जिनमें एक टेंपो और एक टैक्सी भी शामिल थी, बगल के नाले में गिर गए। यातायात पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को नाले से बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है और शाहूनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## महाराष्ट्र की सियासत में होगा बड़ा बदलाव? 'सामना' में हुई सीएम फडणवीस की तारीफ, राउत के भी बदले सुर



मुंबई, 3 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने जा रहा है? हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति की बंपर जीत के बाद विपक्षी महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों के सुर बदलने लगे हैं। ताजा मामला उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुखपत्र सामना की संपादकीय में छपी सीएम देवेंद्र फडणवीस की तारीफ के बाद सामने आया है। संपादकीय में नए साल के मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस के गढ़चिरौली के दौरे की तारीफ की गई है। इसके बाद शिवसेना के सांसद संजय राउत ने भी सीएम की तारीफ को लेकर जवाब दिया है। सामना में छपे संपादकीय में लिखा गया है कि फडणवीस ने नए साल में काम की शुरुआत गढ़चिरौली जिले से की। फडणवीस ने गढ़चिरौली से विकास के एक पर्व की शुरुआत की। नए साल के मौके पर फडणवीस ने नक्सल प्रभावित जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। फडणवीस ने जो कहा है अगर वह सच है तो यह गढ़चिरौली ही नहीं, पूरे महाराष्ट्र के लिए पॉजिटिव होगा। संपादकीय में यह भी लिखा गया है कि शिवसेना को यकीन है कि देवेंद्र फडणवीस गढ़चिरौली में कुछ नया करेंगे। गढ़चिरौली में गरीबी की वजह से नक्सलवाद बढ़ा। पढ़-लिखकर पकौड़े तलने के बजाय, हाथों में बंदूकें लेकर आतंक मचाने, दहशत फैलाने की ओर युवाओं का झुकाव हुआ। इस संघर्ष में केवल खून ही बहा। पुलिस वाले भी मारे गए और बच्चे भी मारे गए। अब अगर मुख्यमंत्री गढ़चिरौली में इस तस्वीर को बदलने का निर्णय लेते हैं तो हम उन्हें बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि फडणवीस गढ़चिरौली में कुछ नया करेंगे और आदिवासियों की जिंदगी बदल देंगे। अगर गढ़चिरौली में संविधान का राज आ रहा है तो मुख्यमंत्री फडणवीस प्रशंसा के पात्र हैं।

**संजय राउत के बदले सुर**

सामना में छपे संपादकीय को लेकर शिवसेना उद्धव के नेता संजय राउत ने कहा कि मैंने 10 नक्सलियों के हथियार डालने और भारतीय संविधान को स्वीकार करने की तस्वीरें देखी हैं। अगर कोई ऐसा करता है तो इसकी सराहना की जानी चाहिए। अगर गढ़चिरौली जैसे जिले का विकास होता है तो यह पूरे राज्य के लिए अच्छा है। अगर गढ़चिरौली महाराष्ट्र का स्टील सिटी बन जाता है तो इससे बेहतर कुछ नहीं है। यह सब देवेंद्र फडणवीस की पहल के बाद किया गया है और कोई इसकी सराहना नहीं कर रहा है, तो यह सही नहीं है। शिवसेना नेता ने कहा कि हम हमेशा अच्छी पहल की सराहना करते हैं। हमने पीएम मोदी की भी आलोचना की है, लेकिन जब वे कुछ अच्छा करते हैं तो हम उसकी सराहना भी करते हैं। आज तक गढ़चिरौली में जो भी उद्योग आता है तो लोग केवल उस उद्योगपति से जबरन वसूली के बारे में सोचते हैं, लेकिन अब ऐसा लगता है कि चीजें बदल रही हैं और इसकी सराहना की जानी चाहिए। राउत ने कहा कि हमने देवेंद्र फडणवीस की प्रशंसा की है क्योंकि सरकार ने अच्छा काम किया है। महाराष्ट्र हमारा राज्य है और नक्सलवाद से प्रभावित गढ़चिरौली में अगर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और सांविधानिक मार्ग चुना तो हम इसका स्वागत करते हैं। पहले के 'संरक्षक मंत्री' ऐसा कर सकते थे, लेकिन इसके बजाय उन्होंने अपने एजेंट नियुक्त किए और पैसा इकट्ठा किया। इससे नक्सलवाद बढ़ा। हमने देवेंद्र फडणवीस के साथ काम किया है।

## सफेद चादर में लिपटी ऊटी, पेड़-सड़क बर्फ से ढके, कुदरत के खूबसूरत नजारे दिखे



नीलगिरी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में नीलगिरी जिला है। यह जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता को लेकर पर्यटकों को लुभाता रहा है। यहां भीषण ठंड पड़ रही है। नीलगिरी की पहाड़ियों में एक खूबसूरत हिल स्टेशन ऊटी है, जहां भारी बर्फबारी हुई है। यहां बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ऊटी में बर्फबारी का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में पेड़ बर्फ से लदे दिखाई देते हैं। घास के मैदान में बर्फ की चादर बिछी दिखाई देती है। लोग गाड़ियों पर से बर्फ को हटाते दिखते हैं। कुछ लोग अलाव तापते नजर आते हैं। हालांकि, बर्फबारी के बाद हल्की धूप निकली दिखाई देती है। मौसम विभाग के मुताबिक, ऊटी में अगले दो दिन तक घना कोहरा देखने को मिलेगा। न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है।

हालांकि, 4 जनवरी तक बर्फबारी के आसार नहीं हैं। पांच से सात जनवरी तक मौसम फिर करवट लेगा। हल्की धूप निकलेगी। आठ से नौ जनवरी को बारिश के आसार हैं। नीलगिरि पर्वत श्रृंखला तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल तक फैला हुआ है। इस पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी डोड्डाबेट्टा है। इसकी ऊंचाई 2637 मीटर है। ऊटी नीलगिरि पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा है। ऊटी में हर साल लोग दिसंबर और जनवरी में बर्फबारी का मजा लेने आते हैं। ऊटी में पर्यटकों के लिए कई टूरिस्ट पॉइंट हैं। इनमें सरकारी वनस्पति उद्यान, ऊटी झील, डोड्डाबेट्टा पीक पाइकारा झरना और पाइकारा झील शामिल हैं। इसके अलावा डोड्डाबेट्टा चाय फैक्ट्री, कामराज सागर बांध, एल्क हिल भगवान मुरुगन मंदिर और सरकारी गुलाब उद्यान भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे हैं। ऊटी से 40 किमी दूर मेट्टुपालयम रेलवे स्टेशन है। यहां से आप ऊटी के लिए निजी टैक्सी किराए पर ले सकते हैं। इसके अलावा बस सेवा का भी लाभ ले सकते हैं। यहां से 100 किमी दूर कोयंबटूर हवाई अड्डा है, यहां से टैक्सी सेवाएं ऊटी के लिए उपलब्ध हैं।

## बिना शादी के भी लिव-इन में रह सकते हैं कपल, एमपी हाई कोर्ट का फैसला

भोपाल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक बालिग जोड़े को बिना विवाह किए, एक साथ रहने की अनुमति प्रदान की है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की एकल पीठ ने इस मामले में फैसला देते हुए कहा कि दोनों याचिकाकर्ता 18 साल से अधिक उम्र के हैं और उनके पास अपनी पसंद से जीवन जीने का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अधिकार बाहरी हस्तक्षेप से संरक्षित होना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने इतनी कम उम्र में लिव-इन रिलेशनशिप में प्रवेश करने को लेकर चिंता भी व्यक्त की है। अदालत ने कहा कि परिपक्वता और आर्थिक स्वतंत्रता के बिना इस प्रकार का फैसला करना याचिकाकर्ताओं के भविष्य के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।याचिकाकर्ता लड़की ने कोर्ट में बताया कि उसकी मां की मृत्यु के बाद घर का माहौल उसके लिए असहनीय हो गया था, इसी कारण उसने अपने साथी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का निर्णय लिया। लड़की ने कहा कि उसकी परिस्थितियों ने उसे यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया। कोर्ट ने लड़की की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और उसकी स्वायत्तता का सम्मान करते हुए यह फैसला दिया। कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस जोड़े के अधिकारों की रक्षा करें और किसी भी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप से उन्हें सुरक्षित रखें।

**कोर्ट ने किया स्पष्ट**

कोर्ट ने इस मामले को समाज के व्यापक परिप्रेक्ष्य में भी देखा। न्यायालय ने कहा कि इस प्रकार के फैसले से समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की नई मिसाल स्थापित होती है। हालांकि, इतनी कम उम्र में, जब व्यक्ति आर्थिक और मानसिक रूप से पूरी तरह परिपक्व नहीं होते, ऐसे फैसले लेने से जीवन में जटिलताएं बढ़ सकती हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का यह फैसला एक ओर जहां व्यक्तियों की स्वतंत्रता और अधिकारों को मजबूत करता है, वहीं दूसरी ओर इस बात पर जोर देता है कि स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन भी जरूरी है। यह फैसला युवा पीढ़ी के लिए एक सबक है कि वे अपने निर्णयों को परिपक्वता और जिम्मेदारी के साथ लें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी भी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ट्रेन में यात्रा कर रहे दिव्यांग शख्स से पुलिसकर्मी ने की मारपीट पुलिस ने लिया एक्शन

चेन्नई, 3 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मन्नारगुडी से चेन्नई ट्रैवल कर रहे एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। दरअसल तमिलनाडु में तिरुवारूर जिले के थेनकोवनूर इलाके के रहने वाले दिव्यांग व्यक्ति मन्नारगुडी से चेन्नई तक की यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान कोराचेरी इलाके में 3 लोगों ने कोच का गेट खोलने को कहा। इसके बाद जब ट्रेन तिरुवारूर रेलवे स्टेशन पहुंची तो तीनों लोगों ने दोबारा डिब्बे को खटखटाया, तभी डिब्बे में मौजूद एक बुजुर्ग व्यक्ति ने दरवाजा खोला। जब दरवाजा खोला गया तो उन तीन लोगों में से एक सीधे दिव्यांग व्यक्ति के पास आया और खुद को आरपीएफ का जवान बताते हुए पूछा कि उसने दरवाजा क्यों नहीं खोला।

जब दिव्यांग व्यक्ति ने कहा कि उसके पैर नहीं है, इस पर पुलिसकर्मी ने इस व्यक्ति को जलील किया।

इतना होने के बाद फिर दोनों में बहस शुरू हो गई, जिसके बाद पुलिसकर्मी ने दिव्यांग व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया। सोशल मीडिया पर इस दिव्यांग व्यक्ति से मारपीट करने का वीडियो वायरल हो गया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि जिस व्यक्ति ने दिव्यांग पर हमला किया वह नीदामंगलम पुलिस स्टेशन में कार्यरत हेड कॉन्स्टेबल पलनी है। बता दें कि तिरुवरूर रेलवे पुलिस ने दो धाराओं के तहत पलनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें इससे पहले शुक्रवार को वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी का मामला सामने आया है। दरअसल सोलापुर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई।

## पेरिया दोहरा हत्याकांड: पांच साल बाद मिला न्याय

### 10 को दोहरा आजीवन कारावास, चार को मिली पांच साल की सजा



कोच्चि, 3 जनवरी (एजेंसियां)। केरल में कासरगोड के पेरिया में पांच साल पहले दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सजा सुना दी है। उसने 10 आरोपियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिनमें पहले आठ आरोपी भी शामिल हैं। वहीं, 20 वें आरोपी पूर्व विधायक केवी कुन्हिरमन को पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। एर्नाकुलम में सीबीआई विशेष अदालत ने शुक्रवार को दोपहर सवा 12 बजे आसपास पेरिया डबल मर्डर केस में सजा का एलान किया, जिसके लिए कासरगोड के कल्लियोट, पीड़ितों की स्मृति स्थल और अदालत के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले से पहले आरोपियों ने कहा कि वे आदतन अपराधी नहीं हैं। वह व्यवहार में सुधार लाना चाहते हैं। इसलिए कम से कम सजा दी जाए। वहीं, सीबीआई ने आरोपियों के लिए मृत्युदंड की सजा की मांग की, यह बताते हुए कि अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए यही सही है। केरल के कासरगोड में पेरिया डबल मर्डर केस में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं 24 वर्षीय सरथ लाल और 19 साल के कृपेश की 17 फरवरी 2019 को हत्या की गई थी। इस हत्या को राजनीतिक प्रेरणा से किया गया माना गया। इस मामले ने भारी विवाद पैदा किया था। आरोप है कि सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं का इस हत्या में हाथ था। इस मामले की शुरुआत में बेकल पुलिस और बाद में क्राइम ब्रांच ने जांच की, लेकिन पीड़ितों के माता-पिता की याचिका पर मामला सीबीआई को सौंपा गया। केरल सरकार ने सीबीआई जांच का विरोध किया था, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपील खारिज होने के बाद सीबीआई को जांच सौंप दी गई थी।

**10 आरोपियों को किया बरी**

पिछले साल 28 दिसंबर को विशेष सीबीआई अदालत ने सरथ लाल और कृपेश की 2019 में हुई हत्याओं में 24 आरोपियों में से 14 को दोषी ठहराया, जबकि 10 अन्य को बरी कर दिया। सीबीआई ने 10 अतिरिक्त आरोपियों की पहचान की थी, जिनका नाम सीबीआई द्वारा जांच में सामने आया था। 10 दिसंबर 2020 को सीबीआई ने इस मामले को अपने हाथ में लिया था और 24 आरोपियों को नामित किया था। सीबीआई ने दिसंबर 2021 में अपनी चार्जशीट दायर की थी। कई आरोपियों को उच्च सुरक्षा वाली जेलों में रखा गया था।

**22 महीने पहले चला था मुकदमा**

मुकदमा 22 महीने पहले शुरू हुआ था और इसे दो न्यायधीशों के तहत चलाया गया था। विशेष न्यायाधीश शेषाद्रिनाथन ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष ने 154 गवाहों, 495 दस्तावेजों और 85 प्रमाणों को पेश किया था। बचाव पक्ष की ओर से सीके श्रीधरन और निकोलस जोसफ ने दलील दी। यह फैसला पांच साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आया।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव सी-11 कोच की टूटी खिड़की, जांच जारी

सोलापुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के सोलापुर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंका गया है। मुंबई से सोलापुर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन पर जेउर रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर फेंका गया। इस कारण सी-11 कोच का कांच टूट गया। फिलहाल इस घटनाक्रम में किसी के भी घायल होने की कोई खबर नहीं है। रेलवे और प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में दिल्ली-ऊना वंदे भारत ट्रेन के डिब्बों पर पथराव की घटनाओं के बाद ट्रेन में सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई थी। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर घटनाएं हुई, उन पर भी निगरानी रखी जा रही है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया, "रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के दस जवानों को ट्रेन में तैनात किया गया है और संदिग्ध स्थानों पर नजर रखी जा रही है।" प्रवक्ता ने बताया कि चंडीगढ़ से आरपीएफ के छह जवान सोमवार रात वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए, जबकि नांगल और ऊना से दो आरपीएफ तथा दो जीआरपी जवान ट्रेन में चढ़े। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार और रविवार को ऊना में अलग-अलग जगहों पर ट्रेन पर पथराव किया गया। अधिकारियों के अनुसार हालांकि, ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों में से कोई घायल नहीं हुआ लेकिन इसमें ट्रेन के कई शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में 'ट्रायल रन' के दौरान दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव करने के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। रेलवे सुरक्षा बल (महासमुंद) के निरीक्षक प्रवीण सिंह धाकड़ ने बताया कि घटना शुक्रवार रात लगभग नौ बजे बागबाहरा रेलवे स्टेशन के करीब हुई थी, जब ट्रेन 'ट्रायल रन' के दौरान विशाखापत्तनम से दुर्ग लौट रही थी।

## पहली बार समुद्र तटीय-दलदली पक्षियों की गिनती, 5 जनवरी तक चलेगी गणना

अहमदाबाद, 3 जनवरी (एजेंसियां)। देश में पहली बार जामनगर स्थित मरीन नेशनल पार्क और मरीन अभयारण्य में शुक्रवार से समुद्र तटीय व दलदली पक्षियों (शोरबर्ड व वेडर) की गणना होगी। दलदली और कीचड़युक्त स्थलों पर रहने के कारण स्थानीय लोग इन्हें किचड़िया पक्षी भी कहते हैं। तटीय पक्षियों का स्वर्ग माने जाने वाले जामनगर में यह गिनती 5 जनवरी तक चलेगी। वन विभाग और बर्ड कंजर्वेशन सोसायटी गुजरात (बीसीएसजी) के संयुक्त तत्वावधान में यह गिनती होगी। केवल दलदली पक्षियों की गणना का यह पहला प्रयास होगा।

## कोयंबटूर में ओवरब्रिज से नीचे गिरा एलपीजी टैंकर गैस रिसाव से हड़कंप; स्कूलों को कराया गया बंद

चेन्नई, 3 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के कोच्चि से कोयंबटूर जा रहा एलपीजी टैंकर ट्रक अविनाशी रोड फ्लाईओवर पर पलट गया। शुक्रवार (3 जनवरी 2025) की सुबह टैंकर पलट गया, जिससे गैस का रिसाव होने लगा। ऐहतियातन इलाके के स्कूलों को बंद करा दिया गया है। भारत कंपनी का टैंकर कोयंबटूर के उप्पिलिपलायम फ्लाईओवर के पास पलट गया। अभी तक कोई हताहत या नुकसान नहीं हुआ है। इस बीच, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फ्लाईओवर पर यातायात रोक दिया है। साथ ही यातायात को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि इस काम को पूरा होने में और भी समय लगेगा। कोयंबटूर के जिला कलेक्टर क्रांति कुमार पाडी ने कहा, घटना आधी रात के बाद करीब 3 बजे हुई। 18 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा एलपीजी टैंकर यहां पलट गया। रिसाव को रोक दिया गया है और हम वाहन के आने और कपलिंग प्लेट की मरम्मत करने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद, वाहन को फिर से सीधा किया जा सकता है।।। सभी यातायात को बंद कर दिया गया है और सुरक्षा मापदंड स्थापित किए गए हैं। संबंधित अधिकारी यहां मौजूद हैं और घबराने की कोई बात नहीं है। घटना के कारणों की जांच की जाएगी। इसके अलावा दुर्घटना स्थल के 500 मीटर के दायरे में सभी स्कूलों को आज के लिए बंद कर दिया गया है। जिला कलेक्टर क्रांति कुमार पाडी ने इसकी घोषणा की है। दिसंबर 2024 में ही एक बड़े एलपीजी टैंकर हादसे ने देश को हिला कर रख दिया था। जयपुर-अजमेर हाईवे पर एक एलपीजी टैंकर में धमाका हुआ था, जिसमें 15 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। कई जिंदा जल गए थे। वो हादसा बेहद भयानक था। तब एक ट्रंक ने एलपीजी टैंकर को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद धमाका हुआ और एक-एक कर 34 वाहन चपेट में आ गए थे।

## महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना से किन महिलाओं के कटेंगे नाम? कहीं आपका नाम भी तो नहीं शामिल



मुंबई, 3 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के फर्जी लाभार्थियों के बारे में शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करने का फैसला किया है। साथ ही उनके वेरिफिकेशन के लिए आयकर विभाग और परिवहन विभाग से जानकारी मांगी है। महाराष्ट्र की महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने गुरुवार को यह घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार केवल फर्जी लाभार्थियों के बारे में शिकायतों का समाधान करेगी। पिछले साल अगस्त में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पिछली सरकार की ओर शुरू की गई लाडकी बहिन योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये का मासिक भत्ता दिया जाता है। महाराष्ट्र सरकार लाडकी बहिन योजना के लाभार्थियों की जांच करने के लिए कोई अभियान नहीं चला रही है। हमने किसी भी सरकारी नीति में बदलाव नहीं किया है। हालांकि, बाद में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संकेत दिया कि योजना के लाभार्थियों की जांच की जाएगी। अदिति तटकरे ने कहा कि हम केवल स्थानीय सरकारी कार्यालयों में दर्ज शिकायतों को ही एड्रेस कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था कि योजना के लाभार्थियों के संबंध में कोई जांच नहीं की जाएगी। हमने आयकर विभाग और राज्य परिवहन विभाग से डाटा मांगा है, क्योंकि कुछ शिकायतों में उन लाभार्थियों को शामिल किया गया है, जिनकी सालाना आय 2.5 लाख रुपये की निर्धारित सीमा से अधिक है या जो चार पहिया वाहन के मालिक हैं।

उन्होंने कहा कि एक बार हमें यह डाटा मिल जाने के बाद हम उन शिकायतों को एड्रेस कर पाएंगे। यह पूछे जाने पर कि जांच के बाद 2.5 करोड़ लाभार्थियों में से कितने को योजना से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस बारे में कोई डाटा नहीं है कि कितने लाभार्थियों को योजना से बाहर रखा जाएगा। हमें इसके बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कुछ समय चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कुछ महिलाएं शादी करने के बाद कर्नाटक चली गई हैं। ऐसे में स्थानीय अधिकारियों को लाभार्थियों की ओर से लाभ का दावा करने के लिए झूठे दस्तावेज प्रस्तुत करने की रिपोर्ट मिली थी। उन्होंने कहा कि कुछ लाभार्थियों ने राज्य सरकार को जानकारी दी है कि वे सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद इस योजना से अपना नाम वापस लेना चाहते हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू मामले में डीएसपी के खिलाफ एक्शन, पंजाब सरकार ने किया बर्खास्त



चंडीगढ़, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब सरकार ने पुलिस हिरासत में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू कराने के मामले में एक्शन लिया है। लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू के लिए रिकॉर्डिंग की सुविधा देने के आरोप में डीएसपी रैंक के एक अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। ये कार्रवाई गुरुवार को की गई। बर्खास्तगी का आदेश गृह विभाग के सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह ने जारी किया। सरकार ने डीएसपी गुरशेर सिंह संधू को बर्खास्त करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद-311 के तहत हासिल शक्तियों का इस्तेमाल किया। बता दें कि मार्च 2023 में एक निजी समाचार चैनल ने बिश्नोई के दो साक्षात्कार प्रसारित किए थे।

**एसआईटी ने की जांच**

वहीं बर्खास्तगी आदेश के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) ने निष्कर्ष निकाला कि पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) के अधिकारी संधू ने एक टीवी चैनल को उस समय बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा प्रदान की, जब वह सीआईए, खरड़ की हिरासत में था। लॉरेंस बिश्नोई 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले में आरोपी है।

**सात पुलिसकर्मी हुए थे निलंबित**

इससे पहले अक्टूबर में लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू के सिलसिले में सात पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया गया था। एसआईटी ने इन सातों कर्मियों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का दोषी पाया, जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया। पंजाब के गृह सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डीएसपी गुरशेर सिंह संधू, डीएसपी समर वनीत, उपनिरीक्षक रीना (सीआईए खरड़), उपनिरीक्षक जगतपाल जांगू, उपनिरीक्षक शगनजीत सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुख्तियार सिंह और हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश को निलंबित कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है, "मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उपरोक्त सभी अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।"

## चिड़ियाघर में एक सींग वाले गैंडे 'धर्मेंद्र' की मौत, साथ में रहती थी मादा गैंडा

नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। असम से दिल्ली के चिड़ियाघर में लाए गए एक सींग वाले नर गैंडे 'धर्मेंद्र' की अप्राकृतिक मौत हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 'धर्मेंद्र' आज सुह अपने बाड़े में मरा हुआ मिला। बताया जा रहा है कि सितंबर 2024 में यहां लाया गया 11 साल का यह गैंडा अच्छी हालत में था और उसे स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या नहीं थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'धर्मेंद्र' को प्रजनन की उम्मीद में चिड़ियाघर में 'अंजुहा' नाम की एक मादा गैंडे के साथ रखा गया था। बता दें कि बुधवार को ही एक सफेद मादा बाघिन की मौत की भी खबर सामने आई थी।

**'अपने बाड़े में मृत पाया गया धर्मेंद्र गैंडा'**



दिल्ली चिड़ियाघर के डायरेक्टर संजीत कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र सुबह अपने बाड़े में मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि गैंडे को तुरंत चिड़ियाघर के पशु चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, 'लगभग 11 साल का नर गैंडा आज सुबह अपने बाड़े में मृत पाया गया। चूंकि यह एक अप्राकृतिक मौत है और इसका पहले कोई बीमारी का इतिहास नहीं था, इसलिए सभी संभावित वजहों पर विचार किया जा रहा है और जांच जारी है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैंडे का पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत के कारणों का पता लग सकता है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 4 जनवरी - 2025

# क्या कश्यप ऋृषि के नाम पर बसा कश्मीर ?

कश्मीर में एक मुस्लिम सूफी संत और इतिहासकार ख्वाजा मोहम्मद आजम दीदामरी हुआ है। उसने फारसी में 'वाकयात-ए-कश्मीर' नाम से 1747 में एक मनगढ़ंत किताब लिखी। उसने जानबूझकर कश्मीर के कश्यप ऋषि को काशिफ सिर बता डाला। इतिहास से छेड़छाड़ करते हुए उसने लिखा कि एक राक्षस ने पूरे कश्मीर को पानी में डुबा दिया, मगर काशिफ ने बचा लिया। इसके लिए काशिफ ने भगवान शंकर का तप किया, जिसके बाद विष्णु ने राक्षस को मारकर इस क्षेत्र को पानी से उबारा।

हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक किताब के विमोचन के दौरान कहा कि कश्मीर का नाम कश्यप ऋषि के नाम पर पड़ा होगा। अब वक्त आ गया है कि शासकों को खुश करने के लिए लिखे गए इतिहास को मुक्ति का वक्त आ गया है। जानते हैं कश्मीर के असली इतिहास की अनकही कहानी। दिल्ली में 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस' किताब के विमोचन के मौके पर अमित शाह ने एक संबोधन में कहा कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम पर पड़ा होगा। शाह ने कहा कि आज शासकों को खुश करने के लिए लिखे इतिहास से छुटकारा पाने का समय है। उन्होंने आगे बताया कि अगर भारत को समझना है तो इस देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। भारत का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। एक झूठ फैलाया गया कि यह देश कभी एकजुट नहीं हो सकता और लोगों ने इसे मान लिया था। कश्मीर संस्कृत का शब्द है, जिसका मतलब है कश्यप ऋषि की भूमि। पौराणकि मान्यता है कि कश्यप ऋषि के नाम पर ही कश्मीर का नाम रखा गया था। सारस्वत ब्राह्मण कुल के कश्यप ऋषि सप्तर्षियों में से एक थे। उनके ही वंशज आज के कश्मीरी पंडति हैं। 'नीलमत पुराण' के अनुसार, देवी सती की झील में जलोद्भव नाम का एक राक्षस था। उसने आतंक मचा रखा था। तब कश्यप ऋषि ने तप के बाद भगवान विष्णु ने सुअर का रूप धारण कर वराहमूल में उस पहाड़ पर प्रहार किया, जिसमें वह राक्षस रहता था। वाराह के प्रहार से बाढ़ आ गई और राक्षस मारा गया। तभी से इस क्षेत्र को कश्यप मार यानी कश्मीर कहा जाने लगा। जब कश्मीर पर कार्कोट वंश (625 से 885 ईसवी) का राज था, उस वक्त दुनिया में अरबों के हमले हो रहे थे। इस राजवंश के राजाओं चंद्रपीड और ललितादित्य ने जब मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक अपने सैन्य अभियान छेड़े तब उनका परिचय नए-नए उभरे इस्लाम धर्म से हुआ। अरब आततायियों से सम्राट ललितादित्य तो इतना डर गया कि उसने इनके खिलाफ चीनी सम्राट से मदद मांगी। चीन के सम्राट के पास भेजे गए कश्मीर के एक राजदूत ने कहा कि सम्राट ललितादित्य मुक्तापीड अरबों के खिलाफ एक सैन्य गठबंधन बनाना चाहते हैं और इसमें आपकी मदद चाहते हैं। ललितादित्य के शासनकाल के वक्त ही सिंध पर अरबों ने 712 में मुहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में आक्रमण किया। मगर, वह कश्मीर नहीं जा पाया। कुछ समय बाद ही यानी करीब 1000 ईसवी के आसपास अफगानिस्तान गजनी शहर से एक मुस्लिम आक्रमणकारी महमूद गजनवी या गजनी भारत की अपार दौलत के बारे में सुनकर आया। उसने भारत पर 17 बार आक्रमण किया, कई शहर जीते, मगर वह कश्मीर को कभी जीत नहीं पाया। मोहम्मद गजनी के साथ ही एक अरब इतिहासकार अल्बरूनी भी भारत आया था। अलबरूनी (973-1048) एक फारसी विद्वान, लेखक, वैज्ञानिक और विचारक माना जाता था। अल्बरूनी ने भारत के साथ-साथ श्रीलंका की यात्रा भी की थी। उसे भारतीय इतिहास का पहला मुस्लिम जानकार कहा जाता है। अल्बरूनी की एक किताब 'किताब-उल-हिंद' भारत के बारे में विस्तार से लिखा गया है। अल्बरूनी ने 1017 में भारत आने के साथ ही शिकायती लहजे में कश्मीर के बारे में कहा था कि उनके साथ किसी भी तरह का व्यापार करना भी बहुत मुश्किल है। वे किसी ऐसे हिंदू को भी अपने राज्य में नहीं घुसने देते जिन्हें वे व्यक्तिगत रूप से जानते न हों। गजनवी से 100 साल पहले काबुल में लल्लिय नाम के एक ब्राह्मण मंत्री ने अपनी राजशाही स्थापित की थी जिसे इतिहासकार 'हिंदू शाही' कहते हैं। उन्होंने कश्मीर के हिंदू राजाओं के साथ गहरे राजनीतिक और सांस्कृतिक संबंध कायम किए थे। गजनवी ने जब उत्तर भारत पर हमला करने की ठानी तो उसका पहला निशाना यही साम्राज्य बना। उस समय काबुल का राजा था जयपाल। जयपाल ने कश्मीर के राजा से मदद मांगी। मदद मिली भी, लेकिन वह गजनवी के हाथों हार गया। पराजित होने के बाद भी जयपाल के बेटे आनंदपाल और पोते त्रिलोचनपाल ने गजनवी के खिलाफ लड़ाई जारी रखी। राजतरंगिणी के नाम से कश्मीर का इतिहास लिखने वाले कल्हण ने काबुल के हिंदू शाही साम्राज्य के पतन पर दुःख जताया है। त्रिलोचनपाल को तत्कालीन कश्मीर के राजा संग्रामराजा (1003-1028) से मदद भी मिली, लेकिन वह अपना साम्राज्य बचा न सका। गजनवी ने इसके बाद आज के हिमाचल का हिस्सा कांगड़ा भी जीत लिया, लेकिन कश्मीर का स्वतंत्र हिंदू साम्राज्य को आखिरी दम तक नहीं जीत पाया। महमूद गजनवी ने 1015 में पहली बार तोसा-मैदान दर्रे के रास्ते कश्मीर पर हमला किया। मगर, यहां पर पहाड़ों और खाइयों ने उसका साथ नहीं दिया। साथ ही कश्मीरियों ने गजनी की सेनाओं के खिलाफ जमकर लड़ाई लड़ी और उसे भागने पर मजबूर कर दिया। गजनी को बेहद अपमान के साथ कश्मीर से लौटना पड़ा। लौटते वक्त उसकी फौज रास्ता भटक गई और बाढ़ में फंसकर जान गंवा बैठी। अल्बरूनी ने कश्मीर के लोगों के स्वभाव और रहन-सहन के बारे में विस्तार से बताया है। महमूद गजनी ने 6 साल बाद यानी 1021 में अपने सम्मान को लौटाने के लिए फिर उसी दर्रे से कश्मीर पर हमला किया। वह एक महीने तक वहां डेरा डाले बैठा रहा, मगर लौहाकोट की जबरदस्त किलेबंदी की एक ईंट भी टस से मस नहीं कर सका। सर्दियां शुरू हो गई थीं और घाटी में बर्फबारी की शुरुआत हो गई।

गजनी समझ गया कि इस बार उसकी फौजों का मरना तय है। वह फौरन वहां से खिसक लिया। इतिहासकारों के अनुसार, कश्मीर के उत्पल वंश के राजा हर्षदेव पर इस्लाम का इतना गहरा असर पड़ा कि उसने मूर्तिपूजा ही छोड़ दी। कश्मीर की मूर्तियां, मंदिरों और बौद्ध मठों को तोड़ डाला। उसने अपनी सेना में तुरुष्क (तुर्क) सेनानायकों तक को नियुक्त किया था। कल्हण इसी हर्षदेव के समकालीन थे। कल्हण ने मूर्तिभंजक हर्ष को अपमानजनक अंदाज में 'तुरुष्क' यानी 'तुर्क' कहा है। इटली के वेनिस शहर के एक यात्री मार्को पोलो भी भारत आया था। उसने विजयनगर साम्राज्य का दौरा किया। मार्को पोलो के अनुसार, 1277 में कश्मीर में बड़ी संख्या में मुस्लिम मौजूद थे। उस दौरान कश्मीर के बाहरी हिस्सों और सिंधु नदी के आस-पास बसे दराद जनजातियों के लोग बड़ी संख्या में धर्म-परिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार कर रहे थे। उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। कश्मीर में 1301 से 1320 तक का साल राजा सहदेव के शासनकाल के नाम था। इस दौरान बड़ी संख्या में कश्मीर की जनता सूफी धर्म प्रचारकों के प्रभाव में और मजबूरी में इस्लाम स्वीकार कर चुकी थी। दरअसल, तुर्किस्तान से आए एक सूफी धर्म-प्रचारक बुलबुल शाह ने इस्लाम को कश्मीर में जमकर फैलाया, जिसे सैयद शरफुउद्दीन, सैय्यद अब्दुर्रहमान और बिलाल शाह भी कहा गया है। बुलबुल शाह सुहरावर्दी मत के सूफी खलीफ शाह नियामतुल्लाह वली फारसी के चेले थे। इसी के दौर में तिब्बत से भागे हुए रिंचन कश्मीर पहुंचे, जिसे कश्मीरी राजा ने शरण दी।

माना जाता है कि रिंचन ने हिंदू राजा रामचंद्र की बेटी से शादी कर ली। वह हिंदू धर्म अपनाना चाहते थे, मगर उन्हें शामिल नहीं किया गया। उस समय के कश्मीरी शैव गुरु ब्राह्मण देवस्वामी ने उन्हें हिंदू धर्म में शामिल करने से इनकार कर दिया। ऐसे में रिंचन ने हारकर इस्लाम कबूल कर लिया। तब बुलबुल शाह ने रिंचन को सद्रउद्दीन नाम दे दिया। इस तरह वह कश्मीर के पहले मुस्लिम शासक बन गए। कश्मीर को पहला मुस्लिम शासक तब मिला, जब एक लद्दाखी बौद्ध रिंचन ने इस्लाम अपना लिया। उसे तब सदरुद्दीन शाह नाम दिया। उसका शासनकाल 1320 से 1323 तक था। वहीं, पूर्ण रूप से शाह मीर को कश्मीर का पहला मुस्लिम शासक माना जाता है। उन्होंने 1339 में अपना राजवंश स्थापित किया था। उनसे पहले 1318 से 1338 के बीच के बीस साल कश्मीर में युद्ध, षड्यंत्र, विद्रोह और मार-काट का बोलबाला रहा।

## स्कूल बढ़े, एनरोलमेंट घटा

स्कूली शिक्षा में बुनियादी सुविधाओं में सुधार तो देखा जा रहा है लेकिन डिजिटल सुविधाओं में असमानता सबसे बडी बाधा बनी हुई है। शायद इसीलिए स्कूलों की संख्या बढ़ने के बावजूद एनरोलमेंट में गिरावट देखी जा रही है। सेकंडरी स्टेज में ड्रॉपआउट दर बढ़ी है, और राज्यों के बीच टीचर-स्टूडेंट रेश्यो में भी बडा अंतर देखा जा रहा है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से संचालित डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएलई) प्लस की ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों को भी दर्शाती है, जिन्हें दूर किए जाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट से यह पता तो चलता है कि करीब 90 फीसद स्कूलों में बिजली और जेंडर स्पेसिफिक टॉयलेट जैसी सुविधाएं हैं। लेकिन अगर डिजिटल सुविधाओं की बात की जाए तो स्कूलों के बीच गहरी खाई स्पष्ट दिखाई देती है। मसलन, फंक्शनल कंप्यूटर महज 57.2फीसद स्कूलों में उपलब्ध है और 53.9फीसद स्कूलों के पास इंटरनेट ऐक्सेस है। हालांकि, इस मामले में पिछले वर्षों में हुई प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से होता है कि 2021-22 की यूडीआईएसई प्लस रिपोर्ट के मुताबिक 66% स्कूलों में इंटरनेट कनेक्शन नहीं थे। इस तथ्य को भी नकारा नहीं जा सकता कि देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या बढ़ी है, लेकिन एनरोलमेंट में गिरावट आई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला स्टूडेंट्स एनरोलमेंट 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया है। यह गिरावट कमोबेश सभी कैटिगरीज जैसे लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक स्टूडेंट्स के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्टेज में होने वाली बढ़ोतरी गौर करने लायक है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2% है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9% तक पहुंच जाती है। जानकारों के मुताबिक, इसके पीछे ओबीसी और एससी/एसटी कैटिगरी के स्टूडेंट्स को दाखिले के डॉक्युमेंटेशन प्रॉसेस के दौरान होने वाली मुश्किलों और प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। एक और अहम पहलू है टीचर्स और स्टूडेंट्स के अनुपात का। इस मामले में विभिन्न राज्यों के बीच का अंतर विशेष रूप से देखा जाना चाहिए। एक तरफ झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य हैं, जहां सेकंडरी लेवल पर पीटीआर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तय मानक यानी 30:1 से भी ज्यादा है तो दूसरी ओर असम, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्य काफी पीछे चल रहे हैं। कुल मिलाकर, देश में स्कूली शिक्षा को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर दो दिखाई देने लगा है। लेकिन इसके साथ ही नई चुनौतियां भी मुंह बाए खडी हो रही हैं। यदि इनकी अनदेखी की गई तो इसके परिणाम घातक हो सकते हैं।

## जल संकट का अंतरराष्ट्रीय भयावह स्वरूप



संजीव ठाकुर

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध non-governmental ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25% जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5% है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1% से भी कम है।

## 2025 में भी जारी रहेगा तापमान बढ़ने का सिलसिला !



सुनील महला

बढ़ती जनसंख्या, विभिन्न मानवीय गतिविधियों और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन, वनों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण धरती पर निरंतर जलवायु परिवर्तन होता चला जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस जलवायु परिवर्तन का असर अब पृथ्वी पर साफ दिखने लगा है। सच तो यह है कि आज सर्दियों में अधिक सर्दी तथा गर्मियों में अधिक गर्मी पड़ने लगी है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से आज दुनिया के कई देश गर्मी से तो बेहाल हो गए हैं। भारत में भी पिछले साल यानी कि वर्ष 2024 में रिकार्ड गर्मी पड़ी और कई राज्यों में तो पारा पचास के आसपास तक पहुंच गया। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसून के बाद चार महीने अब तक के सबसे गर्म महीने दर्ज किए गए। पिछले साल धरती का तापमान 0.54 डिग्री अधिक दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि वर्ष 1901 के बाद वर्ष 2024 भारत में सबसे गर्म वर्ष रहा। इधर,मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार जनवरी के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। हाल ही में विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यू एम ओ) ने मौसम के बारे में एक चेतावनी जारी की है जो पर्यावरणविदों की चिंताएं बढ़ाता है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में भी वर्ष 2024 की तरह तापमान बढ़ने का सिलसिला जारी रहेगा। कहा गया है कि इस वर्ष भी यानी कि 2025 में ग्रीनहाउस उत्सर्जन के पिछले रिकॉर्ड टूटेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में 1.45 डिग्री सेल्सियस समुद्र की सतह का तापमान बढ़ चुका है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि समुद्र की सतह का तापमान 1.5 डिग्री तक सीमित रखने का लक्ष्य है। पेरिस समझौते ने तमाम देशों ने इस पर सहमति जताई थी। वास्तव में, धरती पर तापमान में लगातार इजाफे की समस्या केवल भारत की ही नहीं है। न केवल एशिया महाद्वीप, बल्कि पश्चिमी देशों से लेकर दक्षिणी गोलार्ध में अंटार्कटिका तक इसकी आंच पहुंच रही है।सच तो यह है कि आज धरती पर अप्राकृतिक मानवीय गतिविधियों ने प्रकृति पर अधिक बोझ डाल दिया है। दरअसल, जीवाश्म ईंधनों जैसे विभिन्न पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला और प्राकृतिक गैस के बेतहाशा इस्तेमाल, जंगलों की अंधाधुंध और अप्राकृतिक कटाई और विकास के नाम पर मानवजाति शहरीकरण, औधोगिकीकरण को लगातार बढ़ावा दे रही है और शायद यही कारण भी है कि आज प्रकृति मानव को अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज मनुष्य ने अपने स्वार्थ और लालच के लिए धरती की जलवायु को संकट में डाल दिया है और इसी का यह परिणाम है कि आज दुनिया में कहीं अधिक गर्मी, तो कहीं ज्यादा सर्दी पड़ रही है। पाठकों को बताता चलूं कि कुछ समय पहले बाकू में यूएनएफसीसीसी शिखर सम्मेलन के कॉप-29 में नवंबर 2024 में जलवायु वित्त पर उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय बैठक में समान विचारधारा वाले विकासशील देशों (एलएमडीसी) की ओर से हस्तक्षेप करते हुए भारत ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव एक आपदा से दूसरी आपदा के रूप में तेजी से स्पष्ट होते जा रहे हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि ब्लैक कॉर्बन, मीथेन, ग्राउंड-लेवल ओजोन और हाइड्रोफ्लोरोकॉर्बन (एचएफसी) जैसे एसएलसीपी( अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक) वायु गुणवत्ता को बिगाड़ने के साथ ग्लोबल वॉर्मिंग की महत्वपूर्ण वजह बनते हैं। वास्तव में, एसएलसीपी ग्रीनहाउस गैसों और वायु प्रदूषकों का एक समूह है, जो जलवायु पर निकट अवधि में वॉर्मिंग प्रभाव डालता है। पर्यावरण तो पर्यावरण अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक अर्थव्यवस्था, कृषि, खाद्य सुरक्षा और श्रम जैसे क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि आज दुनिया के विकसित और विकासशील देश बहुत बड़ी मात्रा में कार्बन और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कर रहे हैं और चीन और अमेरिका जैसे देश आज विकास के नाम पर इतना अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहें है कि इनका ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने में बहुत ज्यादा योगदान है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि समय रहते एसएलसीपी पर नियंत्रण कर लिया जाए तो हम तापमान में कमी लाने के प्रभाव को तेजी से हासिल कर सकते हैं और दीर्घकालिक अवधि के कॉर्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को काफी हद तक धीमा कर सकते हैं। पृथ्वी का औसत वार्षिक तापमान लगभग 15° C है और यदि ग्रीनहाऊस गैस न हो तो पृथ्वी का तापमान गिरकर लगभग 20°C हो जाएगा।

आज विभिन्न मानवीय गतिविधियों के कारण अत्यधिक मात्रा में मीथेन, क्लोरोफ्लोरोकार्बन, नाइट्रस ऑक्साइड, हाइड्रोफ्लोरो कार्बन आदि वायुमंडल में जमा हो रही हैं जो कि ग्रीन हाउस गैसें हैं। वास्तव में ये गैसें (ग्रीन हाउस गैसें) लंबे अवरक्त विकिरण (इंफ्रारेड रेडियेशन) को अवशोषित करती हैं और वायुमंडल में इन्हीं ग्रीनहाऊस गैसों की मात्रा में लगातार वृद्धि होने के कारण संपूर्ण वैश्विक जलवायु लगातार परिवर्तित हो रही हैं, और यही परिवर्तन विश्वव्यापी जलवायु परिवर्तन कहलाता है।

विश्व में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच आज ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोतों का ही अधिक उपयोग किया जा रहा है और ऊर्जा के गैर-परंपरागत स्रोतों का उपयोग बहुत ही कम क्षेत्रों में हो रहा है। मसलन, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वार शक्ति, भू-तापीय शक्ति तथा जल शक्ति जैसे आज ऊर्जा के अनेक वैकल्पिक स्रोत हैं, जो कि अक्षय ऊर्जा के भी स्रोत हैं, परन्तु इनके अल्प विकास के कारण विश्व की अर्थव्यवस्था परंपरागत ऊर्जा के स्रोतों पैट्रोल, डीजल, कोयला आदि पर निर्भर है, जिससे न सिर्फ पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है अपितु वैश्विक तापमान में भी वृद्धि हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि बीसवीं सदी में वैश्विक औसत तापमान लगभग 0.6 बढ़ गया और तापमान में वृद्धि की प्रवृत्ति यदि इसी प्रकार जारी रहती है तो अनुमान लगाया जा रहा है कि इक्कीसवीं शताब्दी के अंत तक पृथ्वी का तापमान लगभग 6°C तक बढ़ जाएगा, जो कि काफी अधिक है।ग्रीन हाउस गैसों में बढ़ोत्तरी से ओजोन परत भी बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एक शोध में यह पाया गया है कि ओजोन परत में 5 प्रतिशत की क्षति 10 प्रतिशत अल्ट्रावॉयलेट रेडियेशन में बढ़ोत्तरी करती है। इसके फलस्वरूप जीवों में त्वचा कैंसर, मोतियाविन्द, पाचनतंत्र और तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग हो सकते हैं। अत्यधिक मात्रा में अल्ट्रावायलेट विकिरण पौधों में भी प्रकाशसंश्लेषण की क्रिया को भी प्रभावित करता है। अतः आज जरूरत इस बात की है कि हम जीवाश्म ईंधन का न्यूनतम उपयोग करें ताकि ग्रीनहाऊस गैसों का उत्सर्जन कम से कम हो।

## क्या ताइवान पर हमला करने वाला है चीन !

राजेश जैन

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नए साल के भाषण में एक बार फिर कहा है कि कोई भी ताकत ताइवान को चीन के साथ मिलाने से नहीं रोक सकती है। इससे पहले भी गत वर्ष के अंत में, ताइवान के आसपास चीनी लड़ाकू जहाज और और विमानों की खासी हलचल रही है। चीन के इस आक्रामक रुख ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है और चर्चा चलने लगी है कि क्या चीन और ताइवान में जंग छिड़ने वाली है।

क्या है चीन-ताइवान विवाद

ताइवान और चीन के बीच तनातनी की शुरुआत दूसरे विश्व युद्ध के बाद तब शुरू हुई जबकि चीन में राष्ट्रवादी सरकारी सेना और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच गृहयुद्ध शुरू हो गया। 1949 में कम्युनिस्ट जीत गए और उनके नेता माओत्से तुंग ने चीन की राजधानी बीजिंग पर कब्जा कर लिया। हार के बाद राष्ट्रवादी पार्टी कुओमिंतांग के नेता ताइवान भाग गए। तबसे ही कुओमिंतांग ताइवान की सबसे प्रमुख राजनीतिक पार्टी है और ताइवान पर ज्यादातर समय इसी पार्टी का शासन रहा है।

अमरीका, रूस और भारत का रुख

हालांकि 1979 में अमेरिका ने भी चीन के साथ एक संधि करते हुए ताइवान को चीन का हिस्सा मानकर 'वन चाइना पॉलिसी' को मंजूरी दे दी थी। इसके बावजूद 1979 में ही अमेरिका ने ताइवान में अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ ताइवान स्थापित किया। यह ताइवान में अमेरिकी दूतावास की तरह काम करता है। अमेरिका ने ताइवान को हथियार सप्लाई किए और आज भी ताइवान को हथियार मुहैय्या करवा रहा है। रूस इस मामले में शुरू से ही चीन के साथ रहा। भारत ने भी ताइवान को मान्यता नहीं दी है। चीन के साथ सीमा विवाद पर समझौते हुए हैं और हमारे रिश्ते सुधरे हैं।

ताइवान पर कब्जा क्यों करना चाहता है चीन

चीन ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है ओर सरकार ने जनता के दिल में यह बात बैठा दी है कि ताइवान के बिना चीन अधूरा है। इसके अलावा चीन ताइवान पर कब्जा करके गुआम और हवाई जैसे अमेरिकी मिलिट्री बेस वाले पश्चिमी प्रशांत महासागर इलाके में अपना दबदबा भी बनाना चाहता है।

अब तक यह रहा चीन का रुख

ताइवान को लेकर चीन की नीति हमेशा से एक जैसी रही है जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले भी जनवरी 1979 में चीन ने ताइवान को मिलाने की बात कही थी। 1980 के दौरान चीन और ताइवान के बीच रिश्ते बेहतर होने लगे तो दोनों देशों के बीच व्यवसाय, निवेश और पर्यटन भी बढ़ने लगा था जो 35 साल जारी रहा। हालांकि चीन ने 2004 में संसद में एक अलगाव विरोधी कानून पास किया था। इसके मुताबिक अगर ताइवान किसी भी तरह से चीन से अलग होने की कोशिश करेगा तो चीन इसे कुचलने के लिए मिलिट्री पावर का इस्तेमाल कर सकता है। 2016 में ताइवान में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के त्साई इंग-वेन राष्ट्रपति बने। वेन ताइवान को चीन में मिलाने का विरोध करते रहे हैं। इसके बाद से चीन और ताइवान के बीच विवाद बढ़ता गया। ताइवान की ओर से लगातार चीन के प्रभाव से आजादी की मांग उठने लगी। 2 जनवरी 2019 को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान के साथ शांतिपूर्वक बातचीत करने का ऐलान किया लेकिन जिनपिंग ने ताइवान की आजादी की मांग को खारिज कर दिया।

फिलहाल यह रहा तनाव का कारण

कोरोना के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई है। बढ़ती जनसंख्या और कम होते संसाधनों को नियंत्रित करना चीन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। जनता इन मुद्दों को बखूबी समझ चुकी है। इसलिए जिनपिंग ताइवान के मुद्दे को हवा देकर जनता का ध्यान भटका रहे हैं। इसके अलावा अक्टूबर 2024 में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने हिंद महासागर में क्वाड ग्रुप का मालाबार युद्धाभ्यास किया था। इसके जरिए क्वाड देशों ने चीन के सामने शक्ति प्रदर्शन किया था और उसे पीछे हटने का मैसेज दिया था। चीन क्वाड इस बढ़ते दबदबे को कम करना चाहता है। ऐसे में दिसंबर 2024 की शुरुआत से चीन ने ताइवान के आसपास के समुद्री इलाकों को घेरना शुरू कर दिया था। दक्षिणी चीन सागर में बड़ी संख्या में नेवी के जवानों और युद्धपोतों को तैनात किया है।

इसके साथ ही चीन ने ताइवान के चारों ओर की समुद्री सीमा में दो सैन्य युद्धाभ्यास भी किए। इसमें एक युद्धाभ्यास रूस के साथ किया।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी ताइवान मुद्दे पर चीन का समर्थन करते हुए कहा कि ताइवान को लेकर रूस हमेशा से चीन का समर्थन करता आया है, ये आगे भी जारी रहेगा। लावरोव ने अमेरिका पर भी आरोप लगाया कि वह ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ाकर नया तनाव पैदा कर रहा है।

## संकल्प ए आई के साथ



डॉ टी महादेव राव

सुनो अलेग्रा कोई अच्छा सा पुराना गाना लगाओ। हिंदी या अंग्रेजी ?हिंदी ही लगाओ। दिलीप कुमार, राज कपूर, देवानंद... किसका गाना लगाऊं? मेरा दिमाग खराब है जो मैंने तुमसे कहा। दिमाग कितना खराब है तुम्हें कैलकुलेट करके बताऊं? मेरे पास आइक्यू टेस्टर भी है।बहुत सारे पैसे लगाकर खरीदा हूं इसलिए चुप हूं वरना पटक के तोड़ देता। शुरू शुरू में तो तुम ठीक थे अभी हो क्या गया है तुम्हें? होना क्या है तुम्हें देख देख कर उकता गया हूं। इस उकताहट से गुस्सा आ रहा है। बताऊं कितना गुस्सा आ रहा है? रहने दो रहने दो। नया साल आ गया है मालूम है न? मेरे पास कैलेंडर है इसलिए मुझे मालूम है। इस साल कुछ नया किया जाना चाहिए। क्या करोगे? जाकर तुरंत जिम ज्वाइन कर लूं? क्यों हफ्ते भर में छोड़ने के लिए? नहीं! मैं क्यों छोड़ने लगा? पिछले साल भी तुमने यही किया था। उससे पहले साल भी। ठीक है ठीक है समझ गया। अगर गिटार बजाना सीख लूं तो...।

देखो! वैसे भी मेरी आयु बहुत कम होती है। तुम मुझे उससे पहले ही पुराने सामानों में बेच देने का मंशा बनाए हो। कोई सरकारी नौकरी हासिल कर लूं? आईएएस आईपीएस जैसे पास होकर कमाल कर दूं? कर दो। तुम पहले बीटेक में जो सब्जेक्ट्स रह गए हैं, उनकी बात सोचो। उन्हें किस तरह से क्लियर करोगे इसके बारे में सोचो। यह क्या ए आई ज्यादा वाले वर्चुअल सहायक के साथ यही पीड़ा है। मुझ से भी ज्यादा ज्ञान होने की वजह से मुझ पर चढ़ बैठ रहे हो। एकल यात्रा यानी सोलो ट्रैवलिंग करके पूरी दुनिया घूम के आ जाऊं? आ जाओ। पिछले सप्ताह पास के गांव जाने के लिए दोस्त को साथ ले गए थे। जब कुत्ते दिखते हैं तो गाड़ी तेजी से भगा ले जाते हो ताकि कुत्ते ना काट सके। वहीं रुक जाओ घर कोई नया धंधा नया बिजनेस करके भयानक रूप से पैसे कमा लूं नरसिम्हा सिनेमा में रजनीकांत की तरह एक गाने के दौरान गरीब से करोड़पति हो जाऊं तो कैसा रहेगा?

तुमने उसे रवि को जो चार सौ रुपए तीन महीने पहले दिए थे उसे ही वसूल नहीं कर पा रहे हो। तुम बिजनेस करोगे?

ठीक है....ठीक है। यह सब कुछ नहीं। सामने के फ्लैट में जो रीना रहती है कभी-कभी मुझे देखकर हंसती है। मेरा नाम अगर प्यार में सेट हो जाए तो शादी करके सेटल भी हुआ जा सकता है न? वह लड़की तुम्हें देखकर नहीं बल्कि हमारी पप्पी को देखकर हंसती है। उसे पोमेरेनियन डॉग्स बहुत पसंद हैं। ऐसा क्या? मैं तो सोचता था मुझे देखकर हंस रही है।

हर दिन अपना चेहरा आईने में देखते हो फिर भी अगर तुम ऐसा सोचते हो? अगर मुझसे पूछते तो मैं पूरा विवरण सहित बताता।

ठीक है ठीक है मैं क्या करूं तुम ही बताओ! कुछ भी बोलूं तो कोई ना कोई वजह बताते हो?

# हैदराबाद का करमनघाट मंदिर
## मंगल नहीं रविवार को होती है हनुमान पूजा



तेलंगाना के हैदराबाद (प्राचीन भाग्यनगर) में स्थित है करमनघाट हनुमान मंदिर। भारत के किसी भी अन्य हिस्सों में स्थित हनुमान जी के मंदिरों से अलग इस मंदिर में मंगलवार या शनिवार की बजाय रविवार को हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है।

हैदराबाद के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक करमनघाट हनुमान मंदिर को भी औरंगजेब ने तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन हनुमान जी के चमत्कार के चलते वह इस मंदिर का कुछ नहीं कर सका। तो आइए आपको इस मंदिर के उस रोचक इतिहास से रू-ब-रू कराते हैं, जिसके कारण यह मंदिर अद्वितीय है।

**जब राजा ने सुना राम नाम का जाप**

12वीं शताब्दी (सन 1143 के आसपास) का दौर था। काकतीय वंश के राजा प्रोला द्वितीय जंगल में शिकार के लिए गए हुए थे। थक कर जब वह एक पेड़ के नीचे विश्राम करने लगे, तब उन्हें उस घने जंगल के बीचोंबीच भगवान राम का जाप सुनाई दिया। राजा को आश्चर्य हुआ कि इस जंगल में कौन है, जो भगवान राम का जाप कर रहा है। जब राजा उस स्थान पर पहुँचे तो उन्हें वहाँ हनुमान जी की एक अद्भुत बैठी हुई प्रतिमा दिखाई दी। इसी प्रतिमा के भीतर से भगवान राम के जाप की आवाज सुनाई दे रही थी। इसके बाद राजा अपनी राजधानी लौट आए और उन्होंने हनुमान जी के इस अद्भुत मंदिर की स्थापना की।

**औरंगजेब के छूटे पसीने**

करमनघाट मंदिर के निर्माण के लगभग 400 वर्षों के बाद यहाँ इस्लामिक आक्रांता औरंगजेब भी आया था। उस समय औरंगजेब भारत भर में हिन्दू मंदिरों को नष्ट करने के मिशन पर था और उसने कई मंदिरों को नष्ट भी कर दिया था। इसी क्रम में जब वह अपनी सेना के साथ इस मंदिर को तोड़ने के लिए आया तो उसकी सेना करमनघाट हनुमान मंदिर के परिसर के भीतर प्रवेश भी न कर सकी। गुस्से में औरंगजेब ने खुद मंदिर को नष्ट करने के लिए हथियार उठाया, लेकिन जैसे ही वह मंदिर के नजदीक पहुँचा, उसे एक भयंकर गर्जना सुनाई दी। इस आवाज को सुनकर औरंगजेब भय से काँप उठा और उसके हाथ से हथियार छूट गए।

उसी समय एक आकाशवाणी हुई, 'मंदिर तोड़ना है राजा, तो कर मन घट' जिसका मतलब था कि अगर मंदिर को तोड़ना चाहता है तो अपने मन (हृदय) को ताकतवर बना। हालाँकि, औरंगजेब इस घटना के बाद चुपचाप मंदिर से चला गया। इसी आकाशवाणी के कारण इस मंदिर का नाम करमनघाट हुआ।

**मंदिर के विशेष विधान**

खुद की रक्षा करने वाले हनुमान जी के इस मंदिर में कुछ विशेष लेकिन रोचक विधान हैं। मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा ध्यान मुद्रा में है, लेकिन उन्हें एक सैनिक के समान वेशभूषा पहनाई जाती है। इसके अलावा, यहाँ हनुमान जी की पूजा में नारियल का उपयोग किया जाता है।

**करमनघाट मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा**

इस मंदिर की एक अन्य रोचक परंपरा है। भारत के अन्य हनुमान मंदिरों में मंगलवार या शनिवार को हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है, लेकिन करमनघाट का हनुमान मंदिर इस मामले में अलग। इस मंदिर में रविवार को विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है।

द्रविड़ शैली में बनाए गए इस मंदिर में हनुमान जी के अलावा श्री राम, भगवान शिव, देवी सरस्वती, माता पार्वती, संतोषी माता, भगवान वेणुगोपाल और भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमाएँ स्थापित हैं। मंदिर में श्रीरामनवमी, हनुमान प्रकटोत्सव और अन्य हिन्दू त्यौहारों पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। मंदिर के प्रशासन द्वारा 'अन्नदानम' का आयोजन किया जाता है। इसके तहत भक्तों, गरीबों और असहाय लोगों को मुफ़्त में भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

**कैसे पहुँचें?**

हैदराबाद मुख्य शहर से करमनघाट हनुमान मंदिर की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। हैदराबाद में ही अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा स्थित है। मंदिर से हवाईअड्डे की दूरी लगभग 22 किलोमीटर है। इसके अलावा, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से करमनघाट मंदिर की दूरी लगभग 18 किलोमीटर है। सिकंदराबाद देश के लगभग सभी बड़े शहरों से रेलमार्ग से जुड़ा हुआ है। हैदराबाद के महात्मा गाँधी बस टर्मिनल से हनुमान मंदिर की दूरी 12 किलोमीटर है। नागपुर, चेन्नई, बेंगलुरु, अमरावती और कई अन्य शहरों से हैदराबाद बस के माध्यम से भी पहुँचना काफी आसान है।

# कब और क्यों माता सती ने ली भगवान राम की परीक्षा?



शक एक ऐसी बीमारी है, जो अच्छे से अच्छे रिश्ते को भी तोड़ देती है। इस बीमारी का ना तो कोई इलाज है और ना ही कोई दवा। परंतु ऐसा नहीं कि संशय केवल मनुष्यों को होता है। इस बीमारी से तो देवी-देवता और दिव्य पुरुष भी अछूते नहीं हैं। क्या आप जानते हैं वह प्रसंग जब माता सती को हो गया था भगवान श्री राम पर संशय...?

**कब हुई ये घटना?**

बात उस समय की है जब रावण ने माता सीता का हरण किया था और भगवान राम और लक्ष्मण उन्हें ढूंढते हुए दर दर भटक रहें थे। उसी समय भगवान शिव और माता सती का काकभुशुण्डि जी से श्री राम कथा सुनकर कैलाश वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में भगवान शिव को प्रभु श्री राम के दर्शन हुए। राम उस समय लीलावश माता सीता के वियोग में रो रहे थें, जिसके कारण उनकी लीला में विघ्न ना बनने की इच्छा से उन्होंने दूर से ही अपने आराध्य भगवान राम को प्रणाम किया।

**जब माता सती को हुआ भगवान राम पर संशय**

यह देख माता सती ने उनसे पूछा, "हे नाथ! ऐसा कौन है जिसे स्वयं आप सिर झुकाकर प्रणाम कर रहे हैं...?" इस पर भगवान शिव ने उत्तर दिया, "देवी! मैं अपने इष्ट प्रभु राम को प्रणाम कर रहा हूं, जिनकी कथा अभी अभी आप और मैं श्रवण करके आ रहे हैं"। तब माता सती ने भगवान राम को देखा और उन्हें सीता जी के वियोग में ऐसे रोता-बिलखता और दर-दर भटकता देख उन्हें उनपर संदेह हो गया कि सच में वह भगवान हैं भी या नहीं।

**जब भोलेनाथ से भी नहीं मानी सती**

यह संदेह उन्होंने भगवान शिव के सामने प्रस्तुत किया जिसे सुन बाबा भोलेनाथ ने उन्हें समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन उन्हें कुछ समझ ना आया, तब भोलेनाथ ने माता सती को उनके विश्वास के लिए भगवान राम की परीक्षा लेने को कहा, और साथ ही हिदायत दी कि परीक्षा विवेकपूर्ण तरीके से ही लें अन्यथा नहीं।

**जब सती की परीक्षा हुई विफल**

तब माता सती भगवान राम की परीक्षा लेने, उनकी पत्नी सीता का रूप धारण करके भगवान राम के सामने पहुंच गईं, उन्हें सीता स्वरूप में देख एक बार को भैया लक्ष्मण भी उन्हें सीता समझ बैठे लेकिन वे कुछ बोले नहीं। तब भगवान राम ने सीता के रूप में आई सती को देखकर प्रणाम किया और बोले, " हे माता! दशरथ पुत्र राम आपको प्रणाम करता है, परंतु माता आज आप अकेले भ्रमण करने कैसे आ गईं? भूतभावन भोलेनाथ को साथ क्यों नहीं लाई...?"

**भगवान ने कराए अपने चतुर्भुज रूप के दर्शन**

यह सुन तो माता के होश ही उड़ गए, उनका शक भी चकनाचुर हो गया, तब उन्हें तृप्त करने के लिए भगवान राम ने उन्हें अपना श्रीहरि रूप दिखाया। माता सती कुछ कहने के काबिल ही ना रहीं और भागी भागी वापस कैलाश आ गईं।

**शिव को पता लगा माता सती का झूठ**

जब भगवान शिव ने उनसे पूछा कि उन्होंने प्रभु राम की परीक्षा कैसे ली? तो देवी सती ने उनसे झूठ बोलते हुए कहा कि उन्होंने तो परीक्षा ली ही नहीं, वे तो बस उन्हें प्रणाम करके वापस आ गईं। यह सुन भगवान शिव को उनकी बातों पर यकीन नहीं हुआ और उन्होंने अपने नेत्र बंद किए और उन्हें सारे प्रसंग का पता लग गया। मान्यता है कि इसके बाद भगवान शिव ने सती को इस शरीर में ना अपनाने का संकल्प लिया जिसके कारण सती ने अग्निदाह करके, माता पार्वती के रूप में जन्म ले दोबारा भगवान शिव से ही विवाह किया।

# कुछ दिनों में शनि करेंगे राशि परिवर्तन! इन 3 राशियों पर टूटेगा दुखों का पहाड़



हर ढाई साल में शनि अपना राशि परिवर्तन करते हैं। हालांकि बीच-बीच में शनि मार्गी या वक्री होते ही रहते हैं। वही नये साल 2025 में शनि अपना राशि परिवर्तन करने वाले हैं। जिसका प्रभाव कई राशियों के ऊपर नकारात्मक पड़ने वाला है।

शनि जब भी अपना राशि परिवर्तन करते हैं तो 12 राशियों के ऊपर प्रभाव पड़ता है। कई राशियों के ऊपर शनि की अच्छी दृष्टि पड़ती है। जिससे उन राशियों का भाग्य चमक जाता है। लेकिन कई राशियों के ऊपर शनि की कुदृष्टि भी पड़ती है जिससे उस राशि जातक के जीवन मे कई तरह की परेशानिया आ जाती हैं।

**कब करेंगे शनि राशि परिवर्तन**

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार शनि अभी कुंभ राशि में विराजमान हैं। लेकिन 29 मार्च को शनि कुंभ से मीन राशि में प्रवेश करने वाले हैं। जैसे ही शनि कुंभ से मीन राशि में प्रवेश करेंगे इन तीन राशियों के जीवन में कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वह तीन राशि हैं मेष, सिंह और कुंभ।

**इन तीन राशियों पर पड़ेगा असर**

जैसे ही मेष अपना राशि परिवर्तन करेंगे मेष राशि के ऊपर नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है। मेष राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती भी शुरू हो जाएगी। मेष राशि वालों का बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। आर्थिक नुकसान हो सकता है। मन काफी भ्रमित हो सकता है। जीवन मे चीड़चिड़ापन बढ़ सकता है। गुस्से पर काबू रखें। किसी भी बात को लेकर वाद विवाद बढ़ सकता है।

**सिंह राशि पर यह होगा असर**

शनि के राशि परिवर्तन करने से सिंह राशि के ऊपर भी नकरात्मक प्रभाव पड़ सकता है। किसी मामले को लेकर कोर्ट कचहरी के चक्कर काटना पड़ सकता है। कोई भी कार्य पूरा होने मे ज्यादा वक्त लग सकता है। यानी की समय पर कोई भी कार्य पूरा नही होगा। पैतृक सम्पति को लेकर वाद विवाद शुरू हो सकता है। घर मे परिवारिक कलह बढ़ सकती है।

**कुंभ राशि पर नकरात्मक प्रभाव**

कुंभ राशि के ऊपर शनि के राशि परिवर्तन करने से नकरात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आर्थिक नुकसान हो सकता है। अगर वाहन चलाते है तो सावधानी पूर्वक चलाये अन्यथा चोटचपेट की संभावनाये ज्यादा रहने वाली हैं। जो जातक रोजी रोजगार की तलाश कर रहे हैं उनको थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। छात्रों को पढ़ाई से मन उचक सकता है। वैवाहिक जीवन मे भी कलह उत्पन्न हो सकती है।

**उपाय**

शनि के प्रकोप से बचने के लिए हर शनिवार को शनि मंदिर जाकर सरसो का तेल भगवान शनिदेव को अर्पण करे। साथ ही मंगलवार को हनुमान जी की पूजा कर बजरंगबाण का पाठ करे। इससे शनि का प्रभाव कम हो जाएगा।

# कोल्हमपुर मंदिर में साक्षात विराजमान हैं मां दुर्गा हिंदू ही नहीं, मुस्लिम भी करने आते हैं दर्शन





उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक ऐसा मंदिर स्थित है, इसके बारे में कहा जाता है कि जिस किसी को भी भूत प्रेत की बाधा हो या किसी भी प्रकार की बीमारी हो, तो इस मंदिर में आने से सारी समस्या दूर हो जाती है। इस मंदिर में मां दुर्गा साक्षात विराजमान है। यह मंदिर कोल्हमपुर दुर्गा मंदिर के नाम से पूरे भारत में जाना जाता है। मंदिर के महंत दीनदयाल वैश्य बताते हैं कि 5 साल की उम्र में ही माता जी की कृपा उन पर हो गई और वह माताजी से बात भी करते हैं। इस मंदिर पर सभी धर्म के लोग आते हैं। चाहे हिंदू हो या मुस्लिम समुदाय प्रसाद चढ़ाते हैं और मां दुर्गा उनकी सारी मनोकामना पूर्ण करती है।

**क्या है मंदिर का इतिहास**

मंदिर के महंत बताते हैं कि इस मंदिर का इतिहास काफी रोचक है। माना जाता है कि जिस किसी को भी भूत प्रेत, ऊपरी सैया, किसी प्रकार की समस्या हो तो इस मंदिर पर आकर मां दुर्गा का दर्शन करें और सारे दुख दर्द दूर हो जाते हैं।

कोल्हमपुर दुर्गा मंदिर का क्या है चमत्कार

मंदिर के महंत बताते हैं कि जिस किसी को भूत प्रेत, ऊपरी सैया या किसी को संतान की प्राप्ति नहीं हो रही हो तो इस मंदिर पर मां के द्वारा पुष्प और फल दिया जाता है, जिससे संतान की प्राप्ति होती है और जब आरती होने लगती है तो जिस किसी पर भूत प्रेत या ऊपरी सैया होता है, तो मंदिर पर जैसे ही आरती अजीबोगरीब हरकत होने लगती है। मंदिर के महंत बताते हैं कि जैसे ही मां के दरबार से भभूत फेंका जाता है तो सबको शांति मिलती है।

मंदिर परिसर में कौन-कौन से हैं भगवान

मंदिर के महंत बताते हैं कोल्हमपुर मंदिर परिसर में राम दरबार, राधा कृष्ण, काली भवानी, भैरव बाबा और शनि देव की प्रतिमा स्थापित है। महंत का कहना है कि शनिदेव की प्रतिमा स्थापित होने के बाद यहां पीपल का पेड़ स्वयं निकल आया और यह पेड़ अभी भी लगा हुआ है।

**कहां-कहां से आते हैं भक्त**

इस मंदिर में जिले समेत पूरे भारत के भक्त आकर दर्शन करते हैं और मां दुर्गा उनकी सारी मनोकामना पूर्ण करती है।

# कांकड माता जी के दर्शन करने के बाद मकान बनाने का सपना होता है पूरा

**बीकानेर** में कई चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर है। ऐसा ही एक मंदिर है जो काफी अनोखा है और इससे जुड़ी मान्यता भी सबसे अलग है। हम बात कर रहे है। बीकानेर से करीब 28 किलोमीटर दूर देशनोक गांव से पहले हाइवे किनारे बना कांकड़ माता के मंदिर है।

यहां लोगो की मान्यता है कि अगर किसी के घर नहीं बन रहा है तो वो एक बार यहां दर्शन करके पत्थरों से मंदिर के बाहर मकान बना दे तो कुछ समय में उसकी मनोकामना पूरी हो जाती है। यहां मंदिर के बाहर हाइवे किनारे पत्थरों से सैकड़ों मकान की आकृति नुमा बने हुए है। हर साल इस मंदिर में हजारों श्रद्धालु आते है। यहां बीकानेर सहित आस पास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आते है और अपनी मनोकामना मांगते है।



**कांकड़ माता जी का मंदिर**

देशनोक से करीब दो किलोमीटर पहले कांकड़ माता जी का मंदिर है। जो भी श्रद्धालु दर्शन करके आते है वो अपने हाथ से पत्थरों से छोटे और बड़े मकान बनाते है। मान्यता है कि माता जी के दर्शन करने के बाद यहां कोई भी व्यक्ति अपने हाथ से पत्थरों से मकान की आकृति बनाता है तो उसकी मनोकामना पूरी होती है और उसका जल्दी से जल्दी मकान बनाने का सपना पूरा होता है।

**रोजाना आते है सैकड़ों लोग दर्शन करने**

श्रद्धालु नवलखी शर्मा ने बताया कि इस मंदिर में करीब 4 सालों से लगातार आ रहा हुं। बीकानेर के लोगों में इस माता में गहरी आस्था है। इस मंदिर से देशनोक करणी माता की परिक्रमा यानी सीमा शुरू होती है। इसके कारण ज्यादातर भक्त देशनोक करणी माता के दर्शन करने के बाद इस माता के दर्शन करते है। कई लोग देशनोक करणी माता मंदिर जाते या आते समय इस मंदिर में दर्शन करते है। इस मंदिर में रोजाना सैकड़ों लोग दर्शन करने के लिए आते है।

# कर्ज से मुक्ति के वास्तु उपाय

**तिजोरी की दिशा**

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर या दुकान में तिजोरी या फिर अलमारी को हमेशा उत्तर दिशा में रखना चाहिए। यह दिशा शुभ माना जाती है। क्योंकि उत्तर दिशा में धन की देवी लक्ष्मी व कुबेर देवता का स्थान माना जाता है। इन्हें धन व समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसलिए अगर इस दिशा में आप अपनी तिजोरी या अलमारी रखते हैं तो इससे आपकी आर्थिक स्थितियां ठीक होती हैं और कर्ज चुकाने में भी आपको आसानी होती है।

**पीपल के पेड़ की पूजा**

अगर आप कर्ज मुक्ति चाहते हैं तो शनिवार के दिन सुबह स्नान करने के बाद आप सबसे पहले पीपल के पेड़ की पूजा करें और पूजा करने के दौरान आप दीपक जलाएं व पेड़ की परिक्रमा करें। इस उपाय से आपके कर्जों से मुक्ति मिल सकती है। क्योंकि पीपल के पेड़ में विष्णु जी का वास होता है और उनके आशीर्वाद से अनेक समस्याएं खत्म हो जाती हैं।

**ऋण मुक्ति मंत्र का जाप**

शास्त्रों द्वारा बताए गए उपायों में मंत्र जाप का महत्व विशेष अधिक माना जाता है। वहीं अगर आप कर्ज से छुटकारा पाना चाहते हैं तो इसके लिए मंत्रों का नियमित जाप कर समस्या को दूर कर सकते हैं। इन मंत्रों का जाप सुबह के समय शांत मन से करें, आपको मानसिक शांति के साथ-साथ आर्थिक स्थिरता भी मिलेगी। मंत्र इस प्रकार हैं-

**ॐ मंगलमूर्तये नमः।**

**ॐ हिरण्यवर्णा हरिणीं सुवर्णरतस्त्रजाम।**

**मंगलवार को लौटाएं कर्ज**

ज्योतिष के अनुसार, मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। उन्हें संकटमोचन भी कहा जाता है। इसलिए अगर आपके उपर कर्जा है और आप उसे लौटाते हैं तो इसके लिए मंगलवार का चुनाव करें। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, ऐसा करने से न केवल कर्ज का बोझ कम होगा, बल्कि आपकी आर्थिक स्थिति में भी जल्द सुधर आने लगेगा।

# काम करवाने के बाद भी गोविंदा को निर्माता नहीं देते थे पैसे

## पत्नी सुनीता ने खूब खरी-खोटी सुनाई थी



गोविंदा के दुनिया भर में बहुत से प्रशंसक हैं। जहां उनके प्रशंसकों ने उन्हें भारतीय फिल्म उद्योग के सुपरस्टार में से एक बना दिया है, वहीं उनकी पत्नी सुनीता आहूजा हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहीं। उन्होंने अपने पति को आज जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करते देखा है। इसलिए, जब लोग अभिनेता से काम करवाने के बावजूद उन्हें पैसे नहीं देते थे, तो वह नाराज हो जाती थीं। अब हाल ही में, सुनीता ने इसके बारे में खुलकर बात की है।

**निर्माता उठाते थे गोविंदा के सीधेपन का फायदा**

हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि कैसे अभिनेता का अक्सर निर्माताओं द्वारा फायदा उठाया जाता था, जो उनके भुगतान में देरी करते थे। हालांकि, सुनीता ने यह भी माना कि गोविंदा ऐसी स्थितियों को संभालने के लिए काफी भोले हैं और उन्होंने आगे बढ़कर अभिनेता की मदद की है और खुद लोगों को खरी-खोटी सुनाकर पैसे लिए हैं।

**अभिनेता नहीं करते थे पैसों की बात**

सुनीता ने एक इंटरव्यू में बताया, मैं गोविंदा का काम देखती थी। मैनेजर होने के नाते मैंने देखा है कि लोग उन्हें पैसे नहीं देते थे और गोविंदा कहते थे , "जाने दो, उसका शो ठीक नहीं हुआ होगा। सुनीता ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि एक कलाकार होने के नाते फीस मिलना आपका अधिकार होता है।

**अभिनेता को नहीं मिलती थी फीस**

सुनीता ने यह भी बताया कि कैसे शो के आयोजक गोविंदा को पैसे न देने के लिए अक्सर बहाने बनाते थे। सुनीता ने बताया कि वह कहते थे, 'चीची भैया, टिकटें नहीं बिकीं। मैं आपको आपके 20-25 लाख रुपए बाद में दे दूंगा।' लेकिन वह उनके बहाने नहीं मानती थीं और उन्हें खरी-खोटी सुनाती थीं। मैं कहती थी कि किसको उल्लू बना रहा है? ' मैं वहीं खड़ी थी और देख रही थी- मैंने देखा कि शो फुल हाउस था।'

**मुखर स्वभाव के लिए जानी जाती हैं सुनीता**

बता दें कि गोविंदा और सुनीता बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं। अभिनेता की पत्नी अपने मुखर स्वभाव और बेबाक बयानों को लेकर भी जानी जाती हैं। सार्वजनिक उपस्थितियों में सुनीता अपनी फनी बातों से लोगों को हंसाती भी रहती हैं।

# कई बार सुसाइड की कोशिश की : साजिद खान

## सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों पर कहा- क्लीन चिट मिलने के बाद भी लोगों ने दोषी माना

डायरेक्टर साजिद खान पर 2018 में कई महिलाओं ने सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। अब हालिया इंटरव्यू में साजिद ने इन आरोपों पर बात की है। उन्होंने बताया है कि कैसे इस वजह से उनके करियर पर गलत असर पड़ा था। यहां तक कि इस मामले में क्लीन चिट मिलने के बाद भी लोग इन्हें दोषी मानते थे।

साजिद ने कहा- मैंने पिछले 6 सालों में कई बार अपनी जान लेने के बारे में सोचा, यह बहुत बुरा रहा है। ऐसा लगा था कि मैं काम से बाहर हो गया हूं। भारतीय फिल्म और टेलीविजन निर्देशक संघ (IFTDA) से मंजूरी मिलने के बावजूद, मैं अपने काम पर वापस आने की कोशिश कर रहा हूं।

कमाई न होने की वजह से मुझे अपना घर बेचना पड़ा और किराए के फ्लैट में रहना पड़ा। मैं 14 साल का था, जब मैंने कमाना शुरू किया क्योंकि पिता का निधन हो गया था। उनके जाने के बाद मैं और फराह (साजिद खान की बहन) कर्ज में डूब गए थे।

मैं सोचता हूं कि मां जिंदा होतीं, ताकि वे मुझे अपने पैरों पर वापस खड़े होने की कोशिश करते हुए देख पातीं। उनके बेटे से ज्यादा, मैं उनका केयरटेकर था।



**साजिद बोले- मैंने पिछले 6 साल में बहुत कुछ खोया है**

साजिद ने आगे कहा- इन आरोपों ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इस हद तक कि मैं अपनी जिंदगी खत्म करना चाहता था। लेकिन किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। जो किस्मत में लिखा होता है, वो होता है। मैंने बहुत कुछ सहा है। 6 साल का नुकसान- अपनी मां को खोना, अपना घर खोना।

मां की मौत बीमारी की वजह से नहीं हुई। वह मेरे बारे में चिंता करती थीं, मेंटल प्रेशर में दबी थीं। मुझे लगता है कि मैंने किसी तरह से उन्हें निराश किया है। लेकिन अब मैं बस अपनी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहता हूं। कुछ लोग जूतों के लिए रोते हैं, जबकि दूसरों के पास पैर भी नहीं होते। मेरा काम सरल है, लोगों का मनोरंजन करना। मैं बस यही करना चाहता हूं।

**साजिद पर बिकनी फोटोज मांगने का आरोप था**

2018 में मीटू मूवमेंट के तहत साजिद पर उनकी पूर्व असिस्टेंट डायरेक्टर और एक्ट्रेस सलोनी चोपड़ा ने सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। सलोनी का कहना था कि साजिद ने उनसे बिकिनी फोटोज मांगे। कई बार गलत जगह छुआ।

सलोनी के अलावा एक्ट्रेस अहाना कुमरा, एक सीनियर जर्नलिस्ट, मॉडल-एक्ट्रेस रेशेल व्हाइट, एक्ट्रेस सिमरन सूरी और प्रियंका बोस भी साजिद पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा चुकी हैं।

## बिग बी ने दिया सुपरस्टार को मशवरा

# 50 साल की उम्र तक करते रहना काम, फिर चाहे जो हो अंजाम



भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन का हर कोई दीवाना है। उनकी एक झलक पाने के लिए उनके घर जलसा के बाहर अक्सर लाखों की तादाद में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि एक बार बिग बी ने एक साउथ सुपरस्टार को एक मशवरा दिया था कि वह 50 की उम्र तक बिना झिझक के काम करते रहे, फिर चाहे कुछ भी हो।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमिताभ बच्चन और रजनीकांत के बीच गहरा रिश्ता है। अमिताभ बच्चन ने रजनीकांत से एक बार कहा था कि 50 साल की उम्र तक व्यस्त रहो। फिर चाहे लोग कुछ भी कहें, इसकी परवाह नहीं करनी चाहिए'

भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज अमिताभ बच्चन और रजनीकांत के बीच एक ऐसा रिश्ता है जिसके बारे में बात करना प्रशंसकों को बहुत पसंद है। 1980 के दशक में, रजनीकांत तमिल सिनेमा में ब्लॉकबस्टर हिट के साथ प्रसिद्ध हुए, जिनमें से कई अमिताभ की हिंदी क्लासिक्स से प्रेरित थीं। दोनों हाल ही में वेट्टैयान के लिए दशकों बाद फिर से साथ आए, जो अमिताभ की तमिल डेब्यू भी थी। मजेदार बात यह है कि रजनीकांत ने 2019 के एक इंटरव्यू में बताया कि अमिताभ की एक सलाह इतने सालों तक उनके साथ रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महानायक बिग बी ने अपने दोस्त सुपरस्टार रजनीकांत को यह सलाह देते हुए कहा, हमें खुद को व्यस्त रखना चाहिए। यह सबसे महत्वपूर्ण है, खासकर जब आप 50 या उससे अधिक उम्र के हो जाते हैं। उन्होंने अमिताभ को एक महान प्रेरणा कहा और शेयर किया कि कैसे दिग्गज अभिनेता अक्सर उन्हें दूसरों की राय की चिंता किए बिना वही करने के लिए कहते हैं, जो उन्हें पसंद है। बिग बी ने कहा, उन्होंने अक्सर मुझे यह भी बताया है कि 'लोग क्या कहेंगे' की चिंता किए बिना मुझे जो करना पसंद है, उसे करने का महत्व है और मैं उसी के अनुसार जीता हूं।

रजनीकांत फिलहाल नागार्जुन, उपेंद्र, श्रुति हासन और सौबिन शाहिर के साथ कुली पर काम कर रहे हैं। उसके बाद, वह जेलर (2023) के सीक्वल जेलर 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। कुली का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं, जिन्होंने इसे चंद्रू अनबझगन के साथ मिलकर लिखा है। इसमें रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं, जबकि नागार्जुन खलनायक की भूमिका में हैं। इसे सन पिक्चर्स के बैनर तले कलानिधि मारन द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जबकि अनिरुद्ध रविचंदर संगीत दे रहे हैं। सिनेमैटोग्राफी गिरीश गंगाधरन ने की है और एडिटर फिलोमिन राज हैं। सौबिन शाहिर इस रिलीज के साथ अपनी तमिल फिल्म की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।

# उपासना सिंह ने बताई कपिल का शो छोड़ने की वजह

## कपिल और कृष्णा की लड़ाई के बाद टॉर्चर हुई

'द कपिल शर्मा शो' में उपासना सिंह बुआ के किरदार के कारण चर्चा में रहीं। उन्होंने फिल्म छोड़ने के पीछे का कारण बताया है। उपासना को साल 2013-16 में इस शो में देखा गया था। उपासना ने साल 2017 में ये शो छोड़ दिया। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में



उन्होंने इस बारे में बात की है।

**अचानक लिया ये फैसला**

उपासना ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने शो को अचानक ही छोड़ने का फैसला लिया था। इसके बाद उन्होंने टीवी से जाने के लिए भी सोच लिया था। उन्होंने बताया कि चैनल के बीच उन दिनों थोड़ी टेंशन चल रही थी। उन्होंने कहा कि मेकर्स पंचलाइन को हटा देते थे, जहां जनता हंस सकती है, इसे टॉर्चर ही कहा जाता है।

**ढाई साल तक किया शो में काम**

सिद्धार्थ कानन के साथ हालिया इंटरव्यू में उपासना ने बताया कि इस शो में उपासना सिंह ने ढाई साल तक काम किया। हमारा शो हमेशा टॉप पर रहता था। हालांकि, एक ऐसा समय आया जब मेरे पास करने के लिए कुछ बचा नहीं था। मैंने इस बारे में कपिल से बात की। हम बहुत अच्छा बॉन्ड साझा करते हैं और लोगों को जैसे लगता है हमारी कोई लड़ाई नहीं हुई है।

कपिल से की कैरेक्टर को लेकर बात

उपासना ने कपिल से कहा कि ये किरदार अब पहले जैसे नहीं रहे। मुझे ये करने में अब मजा भी नहीं आता है।

मेरे किरदार पर थोड़ा ध्यान दो। इसके बाद चैनल और उनके कॉन्ट्रैक्ट को लेकर चीजें थोड़ी पेचीदा हो गईं। शो किसी अन्य चैनल पर चला गया। इसके बाद वे इस शो में दोबारा नहीं आ सकीं।

# 'तारक मेहता..' के फैंस ने की शो बंद करने की मांग, प्रोड्यूसर असित मोदी का यह बयान सुन निराश हुए फैंस

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से अभिनेत्री दिशा वकानी की अनुपस्थिति लंबे समय से चली आ रही है। असित कुमार मोदी के लोकप्रिय शो में दयाबेन की भूमिका निभाने वाली दिशा ने 2018 में बच्चों की देखभाल करने के लिए छुट्टी लिया था और तब से वापस नहीं लौटी हैं। जबकि असित मोदी ने अक्सर प्रशंसकों को दयाबेन को वापस लाने के अपने प्रयास के बारे में बताया है है, उन्होंने अब पुष्टि की है कि दिशा शो में फिर से शामिल नहीं होंगी। इस पर सोशल मीडिया पर फैंस अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

**असित मोदी ने दिया था यह बयान**

बातचीत में असित ने शो से दिशा की लंबे समय से अनुपस्थिति पर बात की। असित मोदी ने कहा कि दयाबेन को वापस लाना बहुत जरूरी है क्योंकि मुझे उनकी याद आती है। कई बार परिस्थितियां इस तरह बदल जाती हैं कि कुछ चीजें हो जाती हैं और उसमें देरी हो जाती है। कई बार कहानी लंबी हो जाती है। असित मोदी ने आगे खुलासा किया कि दिशा वकानी के शो में लौटने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह इस समय अपने दो बच्चों की परवरिश पर ध्यान दे रही हैं।

**लोगों का फूटा गुस्सा**

असित मोदी के इस बयान को सुनकर दर्शक काफी निराश हो रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'शो बंद करो। वही बेस्ट रहेगा।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'इनको हर किरदार का रिप्लेसमेंट मिल जाता है। कोई भी कलाकार



दो-तीन महीने के बाद शो छोड़ कर चला जाता है और इनको नया चेहरा भी मिल जाता है।' एक और यूजर ने लिखा, 'शो अपनी चमक खो चुका है। इसे फालतू में बढ़ाने का कोई मतलब नहीं है। इसे बंद कर दीजिए।' वहीं, कई लोगों का कहना है कि कोई भी उन्हें रिप्लेस नहीं कर सकता है।

**15 साल से कर रहा है मनोरंजन**

बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो 15 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। में दिलीप जोशी भी जेठालाल की अहम भूमिका में हैं। शो का हर किरदार अपने में इतना खास है कि दर्शक इसे देखना काफी पसंद करते हैं।

# 'स्त्री 2' के साथ 'वेदा' का क्लैश टालना चाहते थे निखिल आडवाणी, जॉन अब्राहम पर दिया ये बयान



आपको बता दें कि निखिल आडवाणी की फिल्म 'वेदा' और 'स्त्री 2' के साथ खेल खेल में भी बॉक्स ऑफिस पर साथ में रिलीज हुई थी। 'स्त्री 2' की हाइप इतनी ज्यादा हुई कि उसका असर 'वेदा' पर भी हुआ। निखिल ने कहा कि ये फिल्म लोगों को बहुत पसंद आई। फिल्म में जॉन और अभिषेक बनर्जी की भूमिका को फैंस ने बहुत पसंद किया।

निखिल आडवाणी ने जॉन अब्राहिम को लेकर कहा कि एक कम्फर्ट हो गया। हम इंडस्ट्री के बारे में बात नहीं करते। हम फुटबॉल और पॉलिटिक्स को लेकर बात करते हैं। वो हमेशा मुझे एक्सरसाइज करवाने की कोशिश भी करता है। वो हमेशा मुझे सही डाइट को लेकर बात करता रहता है।

**वेदा की रिलीज को रोकना चाहते थे**

बातचीत में 'वेदा' फिल्म को लेकर निखिल आडवाणी ने कहा कि वे सोच रहे थे कि फिल्म रिलीज न हो।

मैं तो बहुत कोशिश कर रहा था। पटियाला में वीडियो विज्ञापन शूट कर रहा था, तभी सबके फोन आ रहे थे कि सेंसर बोर्ड ने अभी तक सर्टिफिकेट नहीं आ रहा, मैंने कहा मत आने दो यार। उन्होंने कहा लोगों को फिल्म बहुत पसंद आई। ये बहुत अच्छी फिल्म है।

**वेदा को लेकर बताई अपनी राय**

**इस दिन रिलीज करना चाहते थे फिल्म**

निखिल आडवाणी ने खुलासा किया कि वे चाहते थे कि फिल्म 5 या 6 दिसंबर (अंबेडकर की पुण्यतिथि) पर रिलीज हो, क्योंकि ये जातिवाद से जुड़ी फिल्म है। उन्होंने कहा कि वे अपनी गलती और फेलियर से सीखते हैं। इस पर मेरा कंट्रोल नहीं था, मैं अगली बार ऐसी चीजों पर ध्यान रखूंगा।

**यश चोपड़ा और यश जौहर को लेकर बोले निखिल**

निखिल ने कहा कि यश राज फिल्म में हम जल्दी उठते थे, यश चोपड़ा इसके बाद आते थे और डिमांड करते थे कि वो ऐसा मांगते थे, वैसी चीजें करते थे। उन्होंने कहा कि मैं यश चोपड़ा और यश जौहर का आभारी हूं जिन्होंने मेरे बदलावों को भी अपनाया।

# हिंदी दर्शकों को अपनी फिल्म 'गेमचेंजर' की ओर आकर्षित करने मुंबई पहुंचे राम चरण

एस शंकर, पूरा नाम शंकर शनमुगम, पिता का नाम शनमुगम, गांव कुंभकोणम, जिला तंजावुर, तमिलनाडु। उम्र – 60 साल, चार महीने, आज छब्बीसवां दिन चालू है। तमिल सिनेमा में खूब काम किया। हिंदी में फिल्म 'नायक' से डेब्यू किया। ये साल तेलुगु में फिल्म 'गेमचेंजर' से डेब्यू होने वाला है। 'गेमचेंजर' बोले तो जो खेल का नक्शा ही बदल दे। शंकर ने सिनेमा का नक्शा बदलने की शुरुआत अपनी पहली फिल्म 'जेंटलमैन' (1993) से ही कर दी थी। फिर प्रभुदेवा को हीरो बनाया। कमल हासन को इंडियन बनाया। रजनीकांत को रोबोट बनाया। अक्षय कुमार को विलेन बनाया और अब बारी 'आरआरआर' के नाटू नाटू पर दुनिया भर में नाच आए रामचरण की है। दिक्कत बस इतनी सी है कि शंकर की सारी हिट फिल्मों में संगीत ए आर रहमान का रहा है और अब वे जोड़ी टूट चुकी है।

**'इंडियन 2' का हश्र देख एमजी भी नहीं मिली**

शंकर निर्देशित कमल हासन स्टारर फिल्म 'इंडियन 2' का बॉक्स ऑफिस पर जो हाल हुआ है, उसके बाद से फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर ट्रेड के लोग काफी सशंकित रहे हैं। इस फिल्म को लेकर फिल्म के वितरक भी एक्स्ट्रा अलर्ट हैं। फिल्म के हिंदी संस्करण के अधिकार 50 करोड़ रुपये में बिकने की खबरें भले सुर्खियां बनाती रही हों, लेकिन हकीकत ये है कि ये अधिकारों की बिक्री के एवज में दी गई रकम नहीं बल्कि सिनेमा कारोबार की भाषा में एडवांस है। किसी फिल्म को रिलीज करने के एवज में वितरक या तो एमजी यानी मिनिमम गारंटी देता है या एडवांस। एमजी में मिली रकम निर्माता वापस नहीं करता है, फिल्म चले या न चले। एडवांस के तौर पर दी गई रकम फिल्म के फ्लॉप होने पर निर्माता को वापस करनी होती है।

**बहुत फिल्मी रही 'गेमचेंजर' की मेकिंग**

शंकर की लेटेस्ट फिल्म 'गेम चेंजर' की मेकिंग भी कम फिल्मी नहीं रही है। ये उन दिनों की बात है जब शंकर और कमल हासन की बातें चल रही थीं अपनी हिट फिल्म 'इंडियन' की रीमेक बनाने की। ब्रिटेन में रहकर तमिल राजनीति में सीधी दखल रखने वाले लाइका प्रोडक्शंस के मालिक अल्ली राजा सुभाषकरन ने इसके पहले भी शंकर की फिल्मों पर पैसा लगाया था और इस बार भी वह 'इंडियन 2' के लिए राजी थे।



लेकिन ये बात है कोरोना संक्रमण काल के पहले की, जब सेट पर हुए एक हादसे के बाद शूटिंग बंद हुई तो फिर महीनों तक शुरू ही नहीं हो सकी। और, फिर कमल हासन चुनाव में सक्रिय हो गए।

**शंकर का तेलुगु सिनेमा में डेब्यू**

इसके बाद कोई चार साल पहले शंकर ने फरवरी 2021 में अपनी पहली तेलुगु फिल्म बनाने का एलान किया। इस फिल्म में राम चरण और कियारा आडवाणी आए। इस दौरान एक घटना और घटी और वह ये कि शंकर ने फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के निर्माता जयंतीलाल गडा को अपनी एक पुरानी फिल्म 'अन्नियन' के रीमेक के लिए राजी कर लिया। फिल्म के हीरो रणवीर सिंह बनाए गए। लेकिन, ऐन मौके पर फिल्म 'अन्नियन' के निर्माता ने इस फिल्म के हिंदी रीमेक राइट्स देने से इन्कार कर दिया। 'गेम चेंजर' बननी शुरू हुई तो इसका बजट करीब 150 करोड़ रुपये बताया गया था लेकिन फिल्म के बार बार रुकने और बार शूटिंग स्थगित होने से बताते हैं इसका बजट अब 450 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुका है।

**मुंबई पहुंच चुके राम चरण**

फिल्म का ट्रेलर पहले 4 जनवरी को मुंबई और विशाखापट्टनम में एक ही दिन लॉन्च होना था लेकिन फिल्म के निर्माता दिल राजू ने इसे गुरुवार 2 जनवरी को ही ऑन लाइन लॉन्च कर दिया। ट्रेलर को लेकर दर्शकों में खासी उत्सुकता रही है और लोग इसे यूट्यूब और सोशल मीडिया पर खूब देख भी रहे हैं, लेकिन इसके हिंदी ट्रेलर की डबिंग आम साउथ फिल्मों जैसी है और इसकी पूरी मेकिंग भी किसी औसत साउथ सिनेमा जैसी लग रही है। फिल्म 'बेबी जॉन' में पूरी तरह फ्लॉप रहे संगीतकार एस थमन का ही संगीत फिल्म 'गेमचेंजर' में भी है और यह फिल्म को फिलहाल कोई फायदा पहुंचाता नजर नहीं आ रहा। ट्रेड के जानकार कहते हैं कि फिल्म के बजट के हिसाब से इसकी ओपनिंग करीब 90 करोड़ रुपये की होनी चाहिए, लेकिन जैसा फिल्म का ट्रेलर उसे देखते हुए ऐसा होना मुश्किल दिख रहा है।

**जानी मास्टर को लेकर भी ट्रोलिंग**

निर्देशक एस शंकर की 10 जनवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म 'गेम चेंजर' के ट्रेलर को भले रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा हो, लेकिन फिल्म के ट्रेलर की एंड प्लेट पर पॉक्सो केस में गिरफ्तार हो चुके कोरियोग्राफर जानी मास्टर का नाम देखकर लोग हैरान हैं। अभी बीते हफ्ते ही जानी मास्टर ने फिल्म के गाने 'धोप' की एक क्लिपिंग सोशल मीडिया पर शेयर की थी, जिस पर लोगों ने न सिर्फ उन्हें खूब ट्रोल किया, बल्कि यहां तक लिखा कि इस शख्स को क्या जेल में नहीं होना चाहिए?




# वार्षिक राशिफल 2025



ज्योतिषी पं महेशचंद्र शर्मा




## आर्थिक जीवन

यदि तुला राशि के जातकों के आर्थिक जीवन की बात करें तो पं महेशचन्द्र शर्मा आपके लिए यह भविष्यवाणी करता है कि इस वर्ष आर्थिक रूप से आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यह वर्ष मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। वर्ष की शुरुआत में केतु द्वादश भाव में होंगे और बृहस्पति अष्टम भाव में होंगे जिससे आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। आपके खर्चों में तेजी से वृद्धि देखने को मिलेगी और आपको कुछ परेशानी होगी लेकिन मार्च के अंत में शनि महाराज छठे भाव में आकर द्वादश भाव को देखेंगे जिससे खर्चों में और ज्यादा बढ़ोतरी होने के योग बन सकते हैं। हालांकि अच्छी बात यह होगी कि राहु महाराज मई के महीने में आपके पंचम भाव में आ जाएंगे और केतु एकादश भाव में तथा बृहस्पति भी मई के महीने में आपके नवम भाव में आ जाएंगे जिससे आपके खर्चों में कमी आएगी। आमदनी में बढ़ोतरी होगी और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस प्रकार वर्ष का उत्तरार्ध आपके लिए आर्थिक तौर पर ज्यादा सशक्त रहने की संभावना कही जा सकती है। वर्ष के उत्तरार्ध में शेयर बाजार में निवेश करने का मन कर सकता है और उसमें आपको फायदा भी मिल सकता है।

## स्वास्थ्य

तुला 2025 राशिफल के अनुसार यह वर्ष स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उतार चढ़ाव से भरा रहने वाला है। वर्ष की शुरुआत में राशि स्वामी शुक्र शनि महाराज के साथ पंचम भाव में होंगे। छठे भाव में राहु, अष्टम भाव में बृहस्पति, दशम भाव में नीच राशि के मंगल और द्वादश भाव में केतु सेहत को कमजोर बनाने की पुरजोर कोशिश करेंगे जिससे स्वास्थ्य समस्याएं आपको परेशान करेंगी। पेट से जुड़े रोग, लीवर से जुड़ी समस्याएं और आंखों और पैरों में समस्या हो सकती है। वर्ष के उत्तरार्ध में शनि छठे भाव में रहेंगे और राहु पंचम भाव में तथा बृहस्पति नवम भाव में आकर स्वास्थ्य को कुछ मजबूती देंगे। आपको अपनी गलतियों से ही बीमार होने का सामना करना पड़ सकता है इसलिए खुद की गलतियों से बचें। बाहर का ज्यादा भोजन करने से बचें। ज्यादा तला भुना भोजन न खाएं और संतुलित मात्रा में भोजन करें। इससे आप वर्ष के उत्तरार्ध में अच्छी स्थिति में आ जाएंगे और आपकी स्वास्थ्य समस्याओं में भी कमी आएगी।

## करियर

तुला 2025 राशिफल के अनुसार यदि आपके करियर की बात करें तो नौकरी पेशा लोगों को वर्ष की शुरुआत में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। नीच राशि के होकर मंगल दशम भाव में आपको बेवजह कार्यक्षेत्र में लोगों से उलझवा देंगे जिससे किसी से झगड़ा हो सकता है और जिसका आपके कार्यक्षेत्र पर विपरीत पड़ सकता है इसलिए आपको समझना होगा। उसके बाद जब जून से जुलाई के बीच मंगल महाराज आपके एकादश भाव में जाएंगे, तब आपके वरिष्ठ अधिकारियों का सानिध्य आपको मिलेगा और नौकरी में आपकी स्थिति अच्छी हो जाएगी। इस वर्ष के मध्य में नौकरी बदलने में कामयाबी मिल सकती है। व्यापार करने वाले जातकों के लिए यह वर्ष शुरुआती समय में कुछ तनावपूर्ण रहेगा आप और आपके व्यावसायिक साझेदार के मध्य चुनौतियां बढ़ सकती हैं। कहा सुनी हो सकती है लेकिन वर्ष का उत्तरार्ध अपेक्षाकृत अनुकूल रहेगा। व्यापार में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल सकती है। इस वर्ष आप अपने व्यापार के लिए कुछ नए स्रोतों का सृजन भी करेंगे जिनका आपको फायदा होगा।

## शिक्षा

तुला राशि के विद्यार्थी वर्ग की बात की जाए तो तुला राशिफल के अनुसार वर्ष की शुरुआत आपके लिए कठिन रहेगी। आपके कार्यों में बार-बार व्यवधान आएंगे। आप जो पढ़ना चाहेंगे, उस पर आपका ध्यान नहीं लगेगा जिससे आपकी पढ़ाई बार-बार बाधित होती रहेगी और उसमें रुकावटें आती रहेगी इसलिए आपको अपनी एकाग्रता को बढ़ाना होगा। आपकी एकाग्र क्षमता जितनी अच्छी होगी, उतना ही आपको शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। महीने के उत्तरार्द्ध में जब मई में राहु पंचम भाव में आएँगे, तब आपकी बुद्धि तेज होगी। सोचने समझने की शक्ति और अच्छी हो जाएगी, आप तार्किक क्षमता से युक्त हो जाएंगे। इसका आपको बहुत फायदा मिलेगा। बृहस्पति महाराज मई के महीने में आपके नवम भाव में जाएंगे जिससे उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। वह अपने क्षेत्र में विशेष उन्नति प्राप्त कर पाएंगे। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए यह वर्ष अनुकूल है। आपको अपनी मेहनत के अनुसार अच्छी सफलता मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं जिससे आपका किसी सरकारी सेवा में चयन हो सकता है। विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं तो उसके लिए कठिन मेहनत के लिए तैयार रहना होगा।

## पारिवारिक जीवन

तुला 2025 राशिफल के अनुसार वर्ष आपके पारिवारिक जीवन के लिए मध्यम रहने की संभावना है। वर्ष की शुरुआत में भाई बहनों से प्रेम पूर्ण व्यवहार रहेगा। वे आपका साहस बनेंगे। उनके साथ मिलकर आप बहुत सारे काम करेंगे। नीच राशि के मंगल महाराज दशम भाव में बैठकर चतुर्थ भाव को देखेंगे जिससे पारिवारिक जीवन में कुछ लड़ाई झगड़े की या फिर कहा सुनी की स्थिति आ सकती है। पिताजी की सेहत बिगड़ सकती है। चतुर्थ भाव के स्वामी शनि महाराज वर्ष की शुरुआत में तो पंचम भाव में रहेंगे, तब तक परिवार में प्रेम विशेष रूप से देखने को मिलेगा लेकिन उसके बाद मार्च के अंत में वह छठे भाव में चले जाएंगे जिससे पारिवारिक असुविधा बढ़ सकती है, आपसी असंतुलन बढ़ सकता है। एक दूसरे से प्रेम की भावना में कमी आ सकती है इसलिए परिवार की जिम्मेदारियों को समझें। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के योग इस वर्ष आपके बन सकते हैं। परिवार में शांतिपूर्ण रवैया बनाए रखने से आपको और आपके परिवार को विशेष लाभ मिल सकता है। वर्ष का उत्तरार्ध आपके लिए विशेष अनुकूल रह सकता है।

## वैवाहिक जीवन

तुला 2025 राशिफल के अनुसार विवाहित जातकों की बात करें तो वर्ष की शुरुआत कुछ कठिन रहेगी। आप और आपके जीवनसाथी के मध्य तनाव बढ़ सकता है। कहासुनी होने, झगड़ा, आदि की नौबत आ सकती है। द्वादश भाव में केतु महाराज के कारण आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता की कमी होगी और मधुर संबंध नहीं रहेंगे। अष्टम भाव में देवगुरु बृहस्पति ससुराल के लोगों से अच्छा व्यवहार करने वाला बनाएंगे। आपके ससुराल में किसी मेहमान के आने से यानी किसी का विवाह होने अथवा किसी का जन्म होने के कारण पूजा पाठ, उत्सव का माहौल रहेगा जिसमें आपको भी शरीक होने का मौका मिलेगा। मई के महीने में जब देवगुरु बृहस्पति नवम भाव में आकर आपकी राशि को देखेंगे, तब आपकी निर्णय क्षमता मजबूत होगी जिसका लाभ उठाकर आप अपने वैवाहिक जीवन को और बेहतर बना पाने में कामयाब हो सकते हैं। इस वर्ष आपके जीवनसाथी के माध्यम से विशेष लाभ जुलाई से अगस्त के बीच मिलने के योग बन रहे हैं। अपने वैवाहिक जीवन को संभालें और किसी बाहर के व्यक्ति को उसमें हस्तक्षेप न करने दें। इससे आपको फायदा मिलेगा।

## उपाय

शुक्रवार के दिन सफेद रंग के घोड़े को चने की दाल खिलाना आपके लिए बेहतर रहेगा।

आपको स्फटिक की माला धारण करना शुक्रवार के दिन सर्वोत्तम रह सकता है।

## आर्थिक जीवन

यदि आपके आर्थिक जीवन की बात की जाए तो पं महेशचन्द्र शर्मा यह भविष्यवाणी करता है कि वर्ष की शुरुआत आपके लिए अनुकूल रहेगी। निजी प्रयासों से और कार्यक्षेत्र से आपको अच्छा धन लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में दिन प्रतिदिन सुधार होने के योग बनेंगे। शनि महाराज मार्च के अंत में पंचम भाव में प्रवेश करेंगे। वहां से वह आपके एकादश भाव पर पूर्ण सप्तम दृष्टि डालेंगे जिससे आपकी आमदनी के साधनों में वृद्धि करेंगे। आपके पास कोई ना कोई पक्का जरिया बनेगा जिससे आपके पास पूरे वर्ष धन आने के योग बनेंगे। वर्ष की शुरुआत में बृहस्पति महाराज सप्तम भाव में रहकर एकादश भाव को देखेंगे जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे। उसके बाद मई के महीने में वह अष्टम भाव से आपके दूसरे भाव पर दृष्टि डालेंगे जो कि उनका ही भाव है, इससे आपकी आर्थिक स्थिति और धन संचय की प्रवृत्ति को बढ़ाकर आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे और उसके बाद अक्टूबर के महीने में वह आपके भाग्य स्थान में अपनी उच्च राशि में आकर भी आपको सही आर्थिक निर्णय लेने में मदद करेंगे जिससे यह वर्ष आपको आर्थिक तौर पर अनुकूलता प्रदान करेगा।

## स्वास्थ्य

वृश्चिक 2025 राशिफल के अनुसार यह वर्ष स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से ठीक-ठाक रहने की संभावना है, फिर भी आपको अपनी स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वर्ष की शुरुआत अनुकूल रहेगी, जब आपकी राशि के स्वामी नवम भाव में रहकर अच्छी स्थिति में रहेंगे और आपकी राशि पर मई तक देवगुरु बृहस्पति की दृष्टि बनी रहेगी। इससे आपकी स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आएगी और आप तंदुरुस्त महसूस करेंगे। पंचम भाव में उपस्थित राहु कभी-कभी पेट से जुड़ी समस्या दे सकता है। इसके बाद मार्च के अंत में शनि महाराज आपके पंचम भाव में आ जाएंगे और मई में राहु महाराज आपके चतुर्थ भाव में आ जाएंगे जिससे पेट और उसके आसपास के क्षेत्र में समस्या हो सकती है इसलिए आपको नियमित और अच्छे भोजन पर ध्यान देना चाहिए। मई के मध्य में देवगुरु बृहस्पति अष्टम भाव में आ जाएंगे जो आपको बहुत ध्यान देने का समय होगा। वसायुक्त पदार्थों के ज्यादा इस्तेमाल से शरीर को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अक्टूबर में बृहस्पति महाराज आपके नवम भाव में आ जाएंगे जिससे स्वास्थ्य में फिर से सुधार होगा लेकिन दिसंबर में वक्री अवस्था में बृहस्पति का अष्टम भाव में आना स्वास्थ्य को पीड़ित कर सकता है, इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा।

### करियर




वृश्चिक 2025 राशिफल के अनुसार यदि आपके करियर की बात करें तो वर्ष की शुरुआत अनुकूल रहेगी। राशि स्वामी मंगल महाराज नवम भाव में और दशम भाव के स्वामी सूर्य महाराज द्वितीय भाव में होंगे जिससे नौकरी करने वाले जातकों को विशेष शुभ लाभ प्राप्त होंगे। आप अपने कार्यक्षेत्र में मजबूती से अपना प्रदर्शन कर पाएंगे और कोई भी समस्या आपको परेशान नहीं कर पाएगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी अच्छी रहेगी जो आपको कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता प्रदान कर सकती है। मई के महीने में जब केतु महाराज आपके दशम भाव में आएँगे, तब आपको अपने कार्यक्षेत्र पर ध्यान देना होगा क्योंकि आपका मन काम में काम लगेगा जिससे काम में समस्या होने की संभावना बढ़ जाएगी। नौकरी बदलने की संभावना भी मई के बाद बन सकती है। व्यापार करने वाले जातकों के लिए वर्ष की शुरुआत बहुत अनुकूल है। बृहस्पति महाराज की कृपा से आपका अच्छे लोगों से व्यापार बढ़ेगा जिससे आपको लाभ होगा। वर्ष के उत्तरार्ध में कुछ चुनौतियां सामने आएंगी लेकिन आप अपनी मेहनत और विश्वास के दम पर अपने काम को मजबूत बना पाएंगे। वर्ष के अंतिम महीने के दौरान कुछ समस्याएं हो सकती हैं।

### शिक्षा

वृश्चिक 2025 के अनुसार विद्यार्थी वर्ग के लिए यह वर्ष उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है। पंचम भाव में राहु महाराज की वर्ष की शुरुआत में उपस्थिति आपकी बुद्धि को तीव्र बनाएगी। आपकी सोचने समझने की क्षमता मजबूत होगी। आप कम समय में ही कठिन से कठिन चीजों को याद और कर पाएंगे और उनको हल कर पाएंगे। इससे आपको अपनी पढ़ाई में अच्छा लाभ मिलेगा। बृहस्पति महाराज की दृष्टि प्रथम भाव पर होने से आपकी बुद्धि का तीव्र विकास होगा। आपके मन में ज्ञान प्राप्ति की इच्छा भी रहेगी, जो शिक्षा में आपको सफलता देगी। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है लेकिन आपको इधर-उधर की बातों से दूर रहकर अपना एक मजबूत उद्देश्य बनाकर पढ़ना होगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को वर्ष की शुरुआत में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन वर्ष का उत्तरार्ध आपके लिए अनुकूल रहेगा। विदेश जाकर पढ़ने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों का सपना फरवरी से अप्रैल के बीच पूरा हो सकता है।

### पारिवारिक जीवन

वृश्चिक 2025 राशिफल के अनुसार वर्ष की शुरुआत आपके पारिवारिक जीवन के लिए अनुकूल रहेगी। शनि और शुक्र महाराज आपके चतुर्थ भाव में विराजमान रहेंगे, दूसरे भाव में सूर्य महाराज होंगे। आपके कुटुंब की वृद्धि होगी। परिवार के लोगों के बीच आपसी सामंजस्य बहुत बेहतर होगा जिससे आपको भी कोई समस्या नहीं होगी। भाई बहनों से आपके संबंध मधुर बनेंगे। मई के महीने में जब राहु महाराज चतुर्थ भाव में और मंगल महाराज तुम्हारे दशम भाव में आएँगे, तब घर में सामंजस्य में कुछ कमी आ सकती है जिससे परिवार के बुजुर्गों की सेहत भी बिगड़ सकती है इसलिए उनकी स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान दें। अप्रैल और अगस्त के महीनों में किसी के बीमार होने की स्थिति बन सकती है। इसके अतिरिक्त पारिवारिक जीवन ठीक-ठाक रहेगा। इस वर्ष परिवार में किसी का विवाह हो सकता है।

### वैवाहिक जीवन

वृश्चिक 2025 राशिफल के अनुसार यदि विवाहित जातकों की बात करें तो वर्ष की शुरुआत बहुत अनुकूल रहेगी। सप्तम भाव के स्वामी शुक्र महाराज चतुर्थ स्थान में होंगे और देवगुरु बृहस्पति सप्तम भाव पर होंगे तथा बुध महाराज प्रथम भाव में बैठकर सप्तम भाव को देखेंगे। इन सभी ग्रह स्थितियों के अनुसार वैवाहिक जीवन में सुंदर प्रेम पुष्पित और पल्लवित होगा। आपसी समस्याएं दूर होंगी। आप और आपके जीवन साथी एक दूसरे के निकट आएंगे और आपसी समस्याओं को नजरअंदाज करने की कोशिश भी करेंगे जिससे आपका वैवाहिक जीवन सुखद होने लगेगा। उसके बाद जब मई के महीने में बृहस्पति महाराज अष्टम भाव में आ जाएंगे, तब आपके ससुराल के लोगों से मिलने जुलने का मौका मिलेगा।

वहां किसी नए मेहमान के आने के योग बन सकते हैं। शनि महाराज मार्च के अंत में आपके पंचम भाव में आकर सप्तम भाव पर पूर्ण दृष्टि डालेंगे जिससे अविवाहित जातकों के विवाह होने के योग भी बन सकते हैं। इस दौरान जीवनसाथी को विशेष लाभ भी हो सकता है। उनकी विचारधारा स्पष्ट होगी जिसे समझने के लिए आपको प्रयत्न करना होगा।

### उपाय

आपको श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।

देवगुरु बृहस्पति के बीज मंत्र का जाप करना आपके लिए सर्वाधिक लाभप्रद रहेगा।

मंगलवार के दिन अपने भाई को कोई लाल रंग की वस्तु भेंट में देना भी अच्छा रहेगा।

## आर्थिक जीवन

धनु 2025 राशिफल आपके लिए आर्थिक रूप से यह भविष्यवाणी कर रहा है कि यह वर्ष आपके लिए अनुकूल रहने की प्रबल संभावना दिखाई दे रही है। वर्ष की शुरुआत कुछ कमजोर जरूर रहेगी क्योंकि वर्ष की शुरुआत में मंगल महाराज अष्टम भाव में, बृहस्पति महाराज छठे भाव में और बुध महाराज द्वादश भाव में होंगे जो आपके खर्चों को बढ़ाएंगे और आपकी आर्थिक स्थिति पर बराबर दबाव डालेंगे लेकिन मार्च के महीने तक शनि महाराज तीसरे भाव में विराजमान रहेंगे और उनकी दशम दृष्टि आपके द्वादश भाव पर होने से खर्चों में कमी लेकर आएंगे। देवगुरु बृहस्पति मई के महीने में आपके सप्तम भाव में आ जाएंगे और मई से लेकर अक्टूबर तक वहां से आपके एकादश भाव पर भी और आपकी राशि पर भी प्रभाव डालेंगे जिससे आपकी आर्थिक क्षमताएं बढ़ेंगी और आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आप आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। खर्चों में कमी आएगी। मंगल महाराज भी वर्ष के मध्य तक आपको अच्छे परिणाम देने प्रारंभ कर देंगे और मई के महीने से राहु आपके तीसरे भाव में आ जाएंगे और केतु नवम भाव में आएंगे जिससे यात्राओं पर तो धन व्यय होगा लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी। अक्टूबर से दिसंबर के बीच कुछ चुनौतियां रह सकती हैं। उसके बाद का समय यानि दिसंबर का महीना भी आर्थिक रूप से मजबूती लेकर आएगा।

## स्वास्थ्य

धनु 2025 राशिफल के अनुसार यह वर्ष स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। वर्ष की शुरुआत में राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति छठे भाव में विराजमान रहेंगे। यह आपके लिए अनुकूल स्थिति नहीं है। इसके अतिरिक्त मंगल महाराज भी अपनी नीच राशि कर्क में अष्टम भाव में साल की शुरुआत में रहेंगे जिससे किसी तरह की चोट, एक्सीडेंट या दुर्घटना होने की संभावना बन सकती है। राहु और केतु क्रमशः चौथे और दसवें भाव में रहेंगे। यह सभी ग्रह स्थितियां आपके स्वास्थ्य को लगातार पीड़ित करती रहेंगी इसलिए आपको अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सावधानी बरतना अपेक्षित होगा, नहीं तो आपको पेट से जुड़े रोग, बड़ी आंत से जुड़ी समस्याएं, पाचन शक्ति और एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। मई के महीने में जब राशि स्वामी बृहस्पति महाराज सप्तम भाव में आकर आपकी राशि को पूर्ण सप्तम दृष्टि से देखेंगे तो उससे आपकी सभी बीमारियों में कमी आएगी और चली आ रही पुरानी समस्याओं में भी कमी आएगी।




## करियर

धनु 2025 राशिफल के अनुसार यदि आपके करियर की बात करें तो नौकरी करने वाले जातकों को वर्ष की शुरुआत में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दशम भाव के स्वामी बुध महाराज द्वादश भाव में रहेंगे जो यह बताते हैं कि आपको काम के सिलसिले में काफी भाग दौड़ करनी पड़ेगी और केतु महाराज के दशम भाव में होने से कार्यक्षेत्र में आपका मन कम ही लगेगा जिससे कार्यों में गड़बड़ी होने की आशंका बनी रहेगी। आपको अपने काम पर पूरा ध्यान देना चाहिए। वर्ष के मध्य में स्थिति में बदलाव आएगा, जब शनि महाराज चतुर्थ भाव में बैठकर दशम भाव पर पूर्ण दृष्टि डालेंगे और आपसे मेहनत कराएंगे। व्यापार करने वाले जातकों के लिए भी वर्ष की शुरुआत कमजोर है लेकिन विदेशी संपर्कों से आपके व्यापार में सफलता मिल सकती है। मई के महीने से जब बृहस्पति महाराज अक्टूबर तक आपके सप्तम भाव में रहेंगे तो आपकी व्यावसायिक गतिविधियों में बढ़ोतरी करेंगे। तब आपके व्यवसाय में लाभ होगा और नित्य नए लाभ प्राप्ति के योग भी बनेंगे। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा जिससे व्यापार खूब उन्नति करेगा।

## शिक्षा

धनु राशि के विद्यार्थी वर्ग की बात की जाए तो वर्ष की शुरुआत कुछ कठिन रहेगी। पंचम भाव के स्वामी मंगल महाराज अष्टम भाव में नीच राशि के होकर बैठेंगे जिससे शिक्षा में व्यवधान आएंगे और स्वास्थ्य परेशान करेगा। ज्योतिषी पं महेशचन्द्र शर्मा के अनुसार वर्ष का उत्तरार्ध आपकी शिक्षा के लिए अनुकूल रहने की अच्छी संभावना दिख रही है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अप्रैल से अगस्त के बीच का समय ज्यादा लाभदायक रह सकता है। इस दौरान आपका कहीं पर चयन हो सकता है। उच्च शिक्षा ग्रहण करने विद्यार्थियों को वर्ष की शुरुआत और वर्ष के मध्य में विशेष अच्छे परिणाम मिलने की संभावना की जा सकती है और आपके मनपसंद विषयों को पढ़ने का मौका भी मिलेगा। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो उसके लिए वर्ष के मध्य तक इंतजार करना पड़ सकता है लेकिन इस वर्ष शिक्षा में आपकी स्थिति मजबूत होगी और आप कठिन मेहनत करेंगे।

## पारिवारिक जीवन

धनु 2025 राशिफल के अनुसार वर्ष 2025 आपका पारिवारिक जीवन के लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आएगा। वर्ष की शुरुआत में चौथे भाव में राहु और दसवें भाव में केतु पारिवारिक जीवन में उतार-चढ़ाव बनाए रखेंगे। चौथे भाव के स्वामी बृहस्पति महाराज का छठे भाव में होना यह बताता है कि वर्ष की शुरुआत में माता जी को कुछ स्वास्थ्य समस्याएं परेशान कर सकती हैं इसलिए उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सावधानी रखना अपेक्षित होगा। वर्ष के मध्य में राहु महाराज तीसरे भाव में जाएंगे और केतु महाराज नवम भाव में आ जाएंगे तथा शनि महाराज मार्च के अंत में चतुर्थ भाव में आकर दशम भाव को देखेंगे जिससे पारिवारिक जीवन में कुछ समस्याओं में तो कमी आएगी लेकिन माता-पिता के स्वास्थ्य पर आपको ध्यान देना होगा। भाई बहनों से संबंध मजबूत रहेंगे फिर भी उनको कुछ समस्याएं हो सकती हैं जिन पर आपको ध्यान देना होगा और उनकी मदद करने के लिए तैयार रहना होगा। वैसे इस वर्ष आपको भाई बहनों से सुख मिलेगा और आपका उनसे स्नेह भी बढ़ेगा।

## वैवाहिक जीवन

धनु 2025 राशिफल के अनुसार यदि विवाहित जातकों की बात करें तो वर्ष की शुरुआत कुछ कमजोर रहेगी। सूर्य महाराज आपकी राशि में बैठकर सप्तम भाव पर पूर्ण दृष्टि डालेंगे। उधर सप्तम भाव के स्वामी बुध महाराज द्वादश भाव में होंगे और मंगल महाराज नीच राशि के होकर अष्टम भाव में होंगे जिससे यह समय वैवाहिक संबंधों के लिए अनुकूल नहीं कहा जा सकता है। इस दौरान आप दोनों के बीच वैवाहिक जटिलताएं बढ़ेंगी। आपस में विचारों का मतभेद होगा। लड़ाई झगड़ा हो सकते हैं और जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्याएं परेशान कर सकती हैं लेकिन जैसे ही मई के महीने में देवगुरु बृहस्पति सप्तम भाव में प्रवेश करेंगे और तब तक बुध महाराज और मंगल महाराज जी अपने-अपने भावों से निकल चुके होंगे, तब इन परिस्थितियों में धीरे-धीरे कमी आने लगेगी। आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

वे अन्य कार्यों में आपकी मदद करेंगे और आपके बीच अच्छा संबंध से देखने को मिलेगा। आपको महसूस होगा कि आपके जीवन साथी वास्तव में आपके लिए खास हैं। उनके साथ अच्छी यात्राएं करने और धार्मिक स्थलों पर जाने का मौका मिलेगा जिससे आपका रिश्ता परिपक्व होगा।

## उपाय

आपको बृहस्पतिवार के दिन अपने मस्तक पर हल्दी या केसर का तिलक लगाना चाहिए।

रविवार के दिन तांबे के लोटे में पीले चावल मिलाकर सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए।

मंगलवार के दिन श्री हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का पाठ अवश्य करें।



# बजट में पूंजीगत खर्च 10-12 फीसदी बढ़ा सकती है सरकार, जेफरीज की रिपोर्ट में किया गया यह दावा



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने और हितधारकों में भरोसा पैदा करने के लिए मोदी सरकार आगामी बजट 2025-26 में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) 10-12 फीसदी बढ़ा सकती है। जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा, सरकार के पूंजीगत खर्च में लगातार वृद्धि चुनावी साल के बाद अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत खर्च में दहाई अंकों में वृद्धि को लेकर 2025-26 के बजट पर कड़ी नजर रहेगी क्योंकि, चुनावी नतीजों को ध्यान में रखते हुए भी 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च में 16 फीसदी की सालाना वृद्धि को बरकरार रखा गया था। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा, एक फरवरी, 2025 को पेश होने वाले बजट में पूंजीगत खर्च में 10-12 फीसदी सालाना वृद्धि की इसलिए भी जरूरत है, ताकि कैपेक्स और जीडीपी अनुपात को बनाए रखा जा सके। साथ ही, यह दर्शाया जा सके कि सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दे रही है।

**रक्षा क्षेत्र में 8 फीसदी तक बढ़ोतरी की उम्मीद**

रक्षा के मोर्चे पर जेफरीज ने कहा, सरकार 2023-24 से 2029-30 तक अपने खर्च में सालाना 7-8 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ोतरी कर सकती है। यह पिछले दशक के रुझानों के अनुरूप होगा।

मौजूदा नीतियों के साथ, घरेलू रक्षा क्षेत्र अगले 5-6 वर्षों में 100-120 अरब डॉलर के अवसर प्रस्तुत करता है। इसका अर्थ है कि उद्योग 13 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ेगा।

अगर निर्यात बेहतर होता है, तो वृद्धि 15 फीसदी तक पहुंच सकती है।

**सात महीनों में 15 फीसदी घट गया खर्च**

चुनावों के कारण वित्त वर्ष 2025 के पहले सात महीनों में सरकारी पूंजीगत खर्च में 15 फीसदी गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष के लिए मामूली 5 फीसदी की वृद्धि पाने के लिए नवंबर, 2024 से मार्च, 2025 तक पूंजीगत खर्च में 32% बढ़ोतरी की जरूरत होगी।

# साल के पहले दिन 17.7 डालर की गिरावट, एलन मस्क के साथ चीन ने कर दिया बड़ा खेल




नई दिल्ली,3 जनवरी (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी टेस्ला की सेल में एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार गिरावट आई है। कंपनी ने चौथी तिमाही में रेकॉर्ड डिलीवरी की लेकिन इसके बावजूद 2024 में उसकी बिक्री 17.9 लाख रही जबकि 2023 में उसने 18 लाख गाड़ियां बेची थी। इससे कंपनी के शेयरों में गुरुवार को छह फीसदी से अधिक गिरावट आई। पिछले साल चीन की ईवी कंपनियों खासकर बीवाईडी ने टेस्ला की नाक में दम किए रखा। इस कंपनी ने 2024 में 17.6 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेची। माना जा रहा है कि इस साल यह चीनी कंपनी आसानी से टेस्ला से आगे निकल जाएगी। टेस्ला के शेयरों में गिरावट से मस्क की नेटवर्थ में 17.7 अरब डॉलर की गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ अब 415 अरब डॉलर रह गई है। पिछले साल उन्होंने 203 अरब डॉलर की रेकॉर्ड कमाई की थी। लेकिन नए साल में उनकी नेटवर्थ में 17.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। टेस्ला के लिए चीन अहम बाजार है लेकिन घरेलू कंपनियों के उभार से वहां उसकी हालत खस्ता हो रही है। बीवाईडी अपनी 90 फीसदी कारें घरेलू बाजार में बेचती है। लेकिन दुनिया के कई देशों में उसका दबदबा बढ़ रहा है।

**अंबानी-अडानी का हाल**

दुनिया के अमीरों की लिस्ट में जेफ बेजोस $239 अरब के साथ दूसरे और मार्क जकरबर्ग $212 अरब के साथ तीसरे नंबर पर है। जकरबर्ग की नेटवर्थ में गुरुवार को $4.70 अरब की तेजी आई। लैरी एलिसन ($190 अरब) चौथे, बर्नार्ड अरनॉल्ट ($175 अरब) पांचवे, लैरी पेज ($168 अरब) छठे, सर्गेई ब्रिन ($158 अरब) सातवें, बिल गेट्स ($158 अरब) आठवें, स्टीव बालमर ($146 अरब) नौवें और वॉरेन बफे ($141 अरब) दसवें नंबर पर हैं। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को $1.79 अरब की तेजी आई। वह $92.4 अरब की नेटवर्थ के साथ 17वें नंबर पर हैं। गौतम अडानी $78.9 अरब के साथ 19वें नंबर पर हैं।

# अमेरिकी अदालत ने अदाणी के खिलाफ एक साथ मुकदमे चलाने का दिया आदेश



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य के खिलाफ 265 मिलियन अमरीकी डॉलर की रिश्वतखोरी के आरोप में चल रहे तीन मामलों की सुनवाई एक साथ करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि इन मामलों की सुनवाई एक संयुक्त मुकदमे में एक साथ की जाएगी। जिन मामलों को एक साथ जोड़ा गया है उनमें यूएस बनाम अदाणी व अन्य (अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामला), प्रतिभूति व विनिमय आयोग (एसईसी) बनाम अदाणी एवं अन्य (अदाणी के खिलाफ दीवानी मामला) और एसईसी बनाम कैबनेस (अन्य आरोपियों के खिलाफ दीवानी मामला) शामिल हैं। न्यायालय के अनुसार यह निर्णय न्यायिक दक्षता को बढ़ावा देने और परस्पर विरोधी अनुसूचियों से बचने के लिए लिया गया है। सभी मामलों को जिला न्यायाधीश निकोलस जी गरौफिस को सौंपा जाएगा, जो अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामले की भी सुनवाई कर रहे हैं। न्यायालय के कर्मचारियों को मामलों का पुनः आवंटन करने का निर्देश दिया गया है। अदाणी और अन्य पर राज्य बिजली वितरण कंपनियों के साथ सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 265 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,029 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने का आरोप है। इससे पहले, अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया था कि यह तथ्य उन अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाया गया था, जिनसे अदाणी समूह ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए धन जुटाया था। दूसरी ओर अदाणी समूह ने आरोपों को निराधार बताते हुए खंडन किया है और कहा है, हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं, हम सभी कानूनों का पूरी तरह से पालन करते हैं।

# जब रवैया ऐसा तो कौन लेगा हेल्थ इंश्योरेंस ?

नई दिल्ली,3 जनवरी (एजेंसियां)। मेडिक्लेम पॉलिसी रिजेक्शन को लेकर चौंकाने वाले वाली रिपोर्ट आई है। पिछले तीन सालों में लगभग आधे लोगों ने जो हेल्थ इंश्योरेंस ले रखा है, उन्हें बीमारी या दुर्घटना होने पर बीमा कंपनी ने पूरा फायदा नहीं दिया। एक नए अध्ययन से इसका पता चलता है। इसमें कहा गया कि करीब आधे मेडिक्लेम पॉलिसीहोल्डर्स को बीते तीन सालों में पूरे या आंशिक रूप से क्लेम रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। यह अध्ययन सोशल मीडिया पोर्टल और सर्वे फर्म लोकल सर्किल्स ने जून से दिसंबर 2024 के बीच किया था। इस सर्वे में 327 जिलों के 1 लाख से ज्यादा पॉलिसीधारकों ने हिस्सा लिया। सर्वे में पाया गया कि 33% पॉलिसीहोल्डर्स को आंशिक भुगतान मिला, जबकि 20% के क्लेम 'अमान्य' कारणों से रिजेक्ट कर दिए गए। पॉलिसीधारकों की एक और बड़ी शिकायत डिस्चार्ज में देरी की थी। 60% उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें क्लेम अप्रूवल के बाद डिस्चार्ज के लिए 6 से 48 घंटे तक इंतजार करना पड़ा। चिंता की बात यह है कि 80% पॉलिसीधारकों का मानना है कि जानबूझकर देरी की जाती है ताकि वे कम क्लेम राशि स्वीकार कर लें। 83% पॉलिसीधारकों ने बीमा नियामक आईआरडीएआई से क्लेम प्रोसेसिंग के लिए वेब-बेस्ड सिस्टम अनिवार्य करने की मांग की। इंश्योरेंस ब्रोकर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानी आईबीएआई के मार्च 2023 के आंकड़ों के अनुसार, पब्लिक सेक्टर के बीमाकर्ताओं ने क्लेम पेमेंट में प्राइवेट कंपनियों से बेहतर प्रदर्शन किया। न्यू इंडिया ने क्लेम पेमेंट में टॉप किया, जबकि आदित्य बिड़ला हेल्थ दूसरे नंबर पर रही। क्लेम के निपटारे के अलावा, पॉलिसीधारकों की एक और प्रमुख शिकायत अस्पतालों के साथ कॉर्डिनेशन और छुट्टी को मंजूरी देने में बीमा कंपनियों की ओर से लिया गया समय था। इतने बड़े पैमाने पर रिजेक्शन या पूरा फायदा नहीं मिलना, कंपनियों की नीतियों पर भी सवाल खड़ा करता है।

# शेयर बाजार में फिर बिकवाली हावी

## सेंसेक्स 720 अंक गिरा, निफ्टी 24050 से नीचे आया

नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन और 2025 में पहले दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 (0.90%) अंकों की गिरावट के साथ 79,223.11 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 183.91 (0.76%) अंक टूटकर 24,004.75 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान, जोमैटो के शेयर चार प्रतिशत जबकि अदाणी पोर्ट के शेयर दो प्रतिशत तक गिर गए। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे गिरकर 85.78 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।शेयर बाजार में कंपनियों के तिमाही परिणामों, जो अगले हफ्ते से आने शुरू होंगे, से पहले बैंकिंग और आईटी शेयरों पर दबाव दिखा। इससे बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लगभग एक-एक प्रतिशत तक फिसल गए। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भी बाजार में बिकवाली को बढ़ावा मिला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 720.60 अंक या 0.90 प्रतिशत टूटकर 79,223.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 833.98 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 79,109.73 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 183.90 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 24,004.75 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में जोमैटो, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक और आईटीसी प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ में रहीं। एशियाई बाजारों में सियोल और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि शंघाई में गिरावट दर्ज की गई। जापानी बाजार नए साल की छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार भी लाल निशान पर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कई दिनों से बिकवाली कर रहे थे, लेकिन गुरुवार को उन्होंने खरीदारी की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने 1,506.75 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे गिरकर 85.78 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत घटकर 75.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। पिछले सत्र में बीएसई का सूचकांक 1,436.30 अंक या 1.83 प्रतिशत उछलकर 79,943.71 अंक पर बंद हुआ था, जो एक महीने से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त थी। बीते सत्र में निफ्टी 445.75 अंक या 1.88 प्रतिशत मजबूत होकर 24,188.65 अंक पर बंद हुआ था।

# एक साल में एलन मस्क की नेटवर्थ से पांच गुना कमाई किसने किया यह चमत्कार




नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया पिछले साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप हासिल करने वाली कंपनी रही। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 170 फीसदी तेजी रही और उसके मार्केट कैप में करीब 2 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। यह दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ (415 अरब डॉलर) से करीब पांच गुना है। ऐपल के बाद एनवीडिया दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में दुनिया की बढ़ रही दिलचस्पी और विभिन्न इंडस्ट्रीज में एआई सेंट्रिक चिप्स की बढ़ती मांग से एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी आई। 2023 के अंत में कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.2 ट्रिलियन डॉलर थी जो 2024 के अंत में 3.28 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई। 2023 में कंपनी का शेयर 240% उछला था। इस बीच ऐपल दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी रही। इसका मार्केट कैप $4 ट्रिलियन के करीब पहुंच चुका है। कंपनी ने एआई पर फोकस किया है जिससे उसकी बिक्री में आगे तेजी आने की उम्मीद है। यही वजह है कि कंपनी में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। 2024 के अंत में माइक्रोसॉफ्ट $3.1 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी वैल्यूबल कंपनी रही जबकि गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और ऐमजॉन की वैल्यू करीब $2.3 ट्रिलियन डॉलर रही। सऊदी अरामको, फेसबुक, टेस्ला, ब्रॉडकॉम और टीएसएमसी टॉप 10 में शामिल रहीं।भारत की मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए पिछला साल अच्छा नहीं रहा। 10 साल में पहली बार कंपनी के शेयरों ने निगेटिव रिटर्न दिया और यह दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 68वें नंबर पर पहुंच गई थी। गुरुवार को इसमें पांच स्थान का सुधार हुआ और यह 63वें नंबर पर आ गई। इसका मार्केट कैप 196.13 अरब डॉलर है। टीसीएस 173.19 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ 79वें नंबर पर है जबकि एचडीएफसी बैंक $163.31 अरब के साथ 87वें नंबर पर है।

# कौन है केतन पारेख, जिसका था कभी शेयर मार्केट में बोलबाला फिर क्यों किया सेबी ने बैन



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने फ्रंट रनिंग घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें मार्केट में पहले भी घोटाला करने वाले शख्स केतन पारेख सहित तीन और लोगों का नाम सामने आया है। आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर फ्रंट रनिंग योजना से संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) के ट्रेडों में हेराफेरी की है और निवेशकों को 65.77 करोड़ रुपये का चूना लगाया है, जिसके बाद सेबी ने इनके पैसे जब्त करने का निर्देश दिया और साथ ही साथ कारण बताओ नोटिस भी जारी किया और तीनों आरोपियों को बैन कर दिया है। सेबी ने गुरुवार 2 जनवरी को बयान जारी कर कहा कि केतन पारेख सिंगापुर के ट्रेडर रोहित सलगांवकर और अशोक कुमार पोद्दार ने फ्रंट रनिंग के जरिए घोटाला किया है। सेबी ने कहा कि रोहित सालगांवकर और केतन पारेख ने फ्रंट-रनिंग को अंजाम देकर बड़े निवेशकों से संबंधित एनपीआई से गलत तरीके से पैसा बनाने की स्कीम बनाई। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने इनके साथ 22 यूनिट्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें सेबी ने पूछा है कि जुर्माना और प्रतिबंध क्यों न लगाएं जाएं। सेबी ने आगे बताया कि शेयरों को खरीदने और बेचने के लिए ये लोग पहले फ्रंट रनर को सीधे फोन कॉल नहीं कर रहे थे।

बल्कि, वॉट्सऐप चैट और वॉट्सऐप कॉल के जरिए संपर्क किया जा रहा था। इन नंबरों को जैक, जैक न्यू या जैक लेटेस्ट के नाम से सेव किया किया गया था। नियामक बोर्ड ने कहा कि इन नंबरों की जांच की गई तो पता चला कि ये नंबर केतन पारेख के नाम पर रजिस्टर्ड हैं और रोहित उसकी मदद कर रहा है। केतन पारेख का नाम 2000 के समय भारतीय शेयर मार्केट में काफी फेमस था।

# सोना-चांदी के दाम में आज तेजी : 24 कैरेट गोल्ड का भाव 390 रुपए बढ़कर 77,469 पर पहुंचा, चांदी भी 500 ऊपर



मुंबई,3 जनवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार (3 जनवरी) को तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 390 रुपए बढ़कर 77,469 रुपए पर पहुंच गया है। कल यानी गुरुवार को सोने की कीमत 77,079 रुपए प्रति दस ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव आज 500 रुपए बढ़कर 87,667 रुपए पर पहुंच गया है। कल चांदी 87,167 रुपए प्रति किलोग्राम थी। पिछले साल 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**2024 में सोना ने 20% और चांदी ने 17% का रिटर्न दिया**

बीते साल यानी 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच सोने का भाव 20.22% बढ़ा। 1 जनवरी 2024 को 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 63,352 रुपए थी, जो सालभर में 12,810 रुपए बढ़कर 76,162 रुपए पर पहुंच गई। वहीं, 1 जनवरी को एक किलो चांदी 73,395 रुपए में बिक रही थी, जिसकी कीमत 12,622 रुपए बढ़कर साल के आखिरी दिन 86,017 रुपए पर पहुंच गई। एक साल में चांदी का भाव 17.19% बढ़ा।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,350 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,200 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 79,200 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,200 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,250 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,600 रुपये है।

# मुकेश अंबानी को टक्कर देने के लिए कोक और पेप्सी ने कसी कमर, पेप्सिको का प्लान



नई दिल्ली,3 जनवरी (एजेंसियां)। देश की कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है लेकिन कोल्ड ड्रिंक के बाजार में गर्मी शुरू हो गई है। गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक का मार्केट कब्जाने के लिए कंपनियों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कोका-कोला, पेप्सिको और कैंपा ब्रांड की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने डिस्ट्रिब्यूशन और मैन्यूफैक्चरिंग कैपेसिटी का विस्तार करने में जुटी हैं। भारत के गैर-अल्कोहल पेय बाजार की बिक्री 2030 तक 1.47 लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है जो 2019 में 67,100 करोड़ थी। यही वजह है कि कंपनियों में इस बाजार को कब्जाने की होड़ मची है। जुबिलेंट भरतिया ग्रुप ने कोका-कोला इंडिया की बॉटलिंग कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (एचसीसीबी) में 12,500 करोड़ में 40% हिस्सेदारी हासिल करने के बाद बाजार में अपनी रणनीति को बेहतर बना रहा है। इसी तरह रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (आरसीपीएल) भी आक्रामक कदम उठा रही है। कंपनी अपने कैंपा ब्रांड का विस्तार विभिन्न चैनलों के माध्यम से उत्तरी और पश्चिमी बाजारों में कर रही है। इसके लिए उसने स्विगी इंस्टामार्ट जैसे क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म से हाथ मिलाया है। कंपनी ने करीब दो साल पहले आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में इस ब्रांड को रिलॉन्च किया था। इंडस्ट्री से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि अन्य शहरों की तरह, उत्तर में भी रिलायंस कैंपा ब्रांड को प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कम कीमत और ज्यादा ट्रेड मार्जिन पर बेच रही।

पेप्सिको की बॉटलिंग पार्टनर वरुण बेवरेजेज भी क्यूआईपी के जरिए 7,500 करोड़ रुपये जुटाकर अपनी पूंजी को मजबूत कर रही है। कंपनी के चेयरमैन रवि जयपुरिया ने कहा कि सॉफ्ट ड्रिंक्स करीब 40 लाख दुकानों में डिस्ट्रिब्यूट किए जाते हैं, जो कुल एफएमसीजी मार्केट का करीब 35% है। इससे पता चलता है कि इसमें ग्रोथ की कितनी संभावना है। उन्होंने कहा कि कंपनी ड्रिस्ट्रिब्यूशन का विस्तार कर रही है क्योंकि बाजार काफी बड़ा है और उपभोक्ता पैकेज्ड बेवरेजेज के प्रति संवेदनशील हैं। कंपनी मांग को पूरा करने के लिए अपने नए बाजारों में नए विजी-कूलर लगा रही है। पैकेज्ड पानी का बिजनस करने वाली कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल भी अपने सॉफ्ट ड्रिंक्स पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु मे | धनु---- | 05-25 बजे |
| चंद्र- | कुंभ मे | मकर.... | 07-31 बजे |
| मंगल | कर्क मे | कुंभ - | 09-22 बजे |
| बुध- | वृश्चिक मे | मीन- | 11-00 बजे |
| गुरु- | वृष मे | मेष--- | 12-36 बजे |
| शुक्र- | कुंभ मे | वृष--- | 14-21 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | मिथुन | 16-22 बजे |
| राहु- | मीन मे | कर्क... | 18-34 बजे |
| केतु- | कन्या मे | सिंह--- | 20-46 बजे |
| | | कन्या--- | 22-53 बजे |
| | | तुला---- | 00-58 बजे |
| | | वृश्चिक... | 03-08 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-51
सूर्यास्त. - 17-51
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- पंचमी . 22-01 तक उपरान्त षष्ठी
मास - पौष शुक्ल , शनिवार 04 January
नक्षत्र - शतभिषा 21-23 तक उपरान्त पूर्वभाद्रपद
योग - सिद्ध 10-07 तक उप व्यतिपात
करण- बव 10-51 तक उप बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - धनु मे बुध

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:35 से 10:58 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 06:51 - 08:12 | अशुभ | लाभ | 17:51 - 19:31 | शुभ |
| शुभ | 08:12 - 09:35 | शुभ | उत्पात | 19:31 - 21:08 | अशुभ |
| रोग | 09:35 - 10:58 | अशुभ | शुभ. | 21:08 - 22:44 | शुभ |
| उत्पात | 10:58 - 12:21 | अशुभ | अमृत | 22:44 - 00:21 | शुभ |
| चंचल. | 12:21 - 13:44 | शुभ | चंचल | 00:21 - 01:58 | शुभ |
| लाभ | 13:44 - 15:08 | शुभ | रोग | 01:58 - 03:35 | अशुभ |
| अमृत | 15:08 - 16:31 | शुभ | काल | 03:35 - 05:12 | अशुभ |
| काल | 16:31 - 17:51 | अशुभ | लाभ. | 05:12 - 06:51 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपका धैर्य , कर्तव्य और जिम्मेदारी की अपनी भावना आपके रास्ते में आ रही सभी बाधाओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी । आपको अपने हास्य क्षमता को जागृत करना होगा ताकि आपका कार्य क्षेत्र में एक अच्छे माहौल का निर्माण हो सके जिससे की आप आराम से अपने कार्य को कर सके ।दिन के अंत में एक गंभीर वित्तीय लाभ का मौका आपको मिल सकता है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपका धैर्य , कर्तव्य और जिम्मेदारी की अपनी भावना आपके रास्ते में आ रही सभी बाधाओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी । आपको अपने हास्य क्षमता को जागृत करना होगा ताकि आपका कार्य क्षेत्र में एक अच्छे माहौल का निर्माण हो सके जिससे की आप आराम से अपने कार्य को कर सके ।दिन के अंत में एक गंभीर वित्तीय लाभ का मौका आपको मिल सकता है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
बड़े रोजगार के अवसर आप का इंतजार कर रहे हैं! ध्यान से इस बारे में सोचे और आपके पूर्ण संतुष्ट होने पर अपने करियर की दिशा परिवर्तित करे । आपका सहकर्मी नौकरी को त्याग सकता है और उसकी जगह आप किसी जरूरतमंद को अपने यहाँ काम पर लगवा सकते है । हालाँकि आप अवगत नहीं है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
यदि आपने नौकरी के लिए आवेदन किया है, तो कंपनी से इसकी जाँच करें। आपको नौकरी से संबध में एक अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। पदोन्नति या वेतन वृद्धि भी आपको आज मिल सकती है । यह निवेश के किसी भी प्रकार के लिए एक शुभ दिन है। अगर आप संपत्ति खरीदने के लिए योजना बना रहे है, तो आज का दिन सौदे के लिए अनुकूल है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
ग्रहों की ऊर्जा के प्रभाव के तहत आज आप अपने भीतर की आवाज सुनने के लिए सक्षम हो पायेंगे । इन आवाजों के गहरे अर्थ को आप समझने की कोशिश करे । अगर आप उन्हें समझ लेते हैं, तो आप आसानी से काम कर पायेंगे । इसके अलावा, स्पष्ट रूप से अपने आप को व्यक्त करने में संकोच न करे ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप कुछ दिनों से निर्णय नहीं ले पा रहे थे जिसका असर आपके व्ययहार में भी झलक रहा था पर ये समय ये सब बाते छोड़ कर कुछ कर दिखाने का समय है और साथ ही साथ अपने इस व्ययहार को बदलने का भी । आप बिना भयभीत हुए निर्णय ले जो की आपके भविष्य के लिए अछा साबित हो । आप किसी अच्छे जानकर से भी अपने पैसे और अपने पेशे से संबंधित सुझाव ले सकते है जो की आज फायदेमंद साबित होगा ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप आज कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी ले। अगर आप इसे अच्छी तरह से करते हैं, तो आपको एक दैनिक आधार पर इस तरह की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस के साथ, वेतन में वृद्धि भी आयेगी । इसलिए ईमानदारी से काम करते रहे और लगातार अपने आप को प्रेरित करते रहे। हो सकता है की लाभ आज दिखाई न दे।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप अपने आप पर संदेह कर सकते है और अपनी खुद की क्षमता को नजरअंदाज कर सकते हैं। यह सब आपके असुरक्षित व्यवहार की वजह से है जिसे आपको नियंत्रित करना होगा । एक गहरे स्तर पर दूसरों के साथ संदेशो का आदान प्रदान करने का प्रयास करें। इससे न केवल आप उन लोगों के साथ बेहतर सम्बन्ध बना सकोगे।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आप एक लापरवाह और असाधारण अवस्था में रहेंगे । आज के दिन आप किसी पार्टी के आयोजन में आनंद लेंगे और आस पास के व्यक्तियों को प्रभावित भी करेंगे । आज आप ये नहीं सोचेंगे की धन कहा से आ जा रहा है जिसकी वजह से आपके वित्त पर एक नकारात्मक असर पड़ने की संभावना है। हालांकि, आपकी लापरवाही के बावजूद , आपका वित्तीय स्वास्थ्य सही रहेगा ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपका भाग्य आपके वित्तीय उपक्रम को पूरा समर्थन दे रहा है एवं आपकी नौकरी भी काफी अच्छी है परन्तु आपको अपने धन पर ध्यान रखने की जरुरत है जैसे की हम सब जानते है की पैसे पेड पर नहीं उगते है। आपके अपव्यय करने की आदत से आपको अपने निकट के व्यक्तियों से आलोचना सुननी पड़ती है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज के दिन अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के योग है । आज का दिन लॉटरी और सट्टा बाजार के लिए भी लाभप्रद है परन्तु ये धन लाभ कई तरह की जिम्मेदारियां भी साथ लायेगा जिसे आपको नजरअंदाज नहीं करना है । आपको इस पैसे के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण काम का निर्वहन करना पड़ सकता है। इस अप्रत्याशित उपहार के वजह से आज आप कुछ हलकी फुलकी खरीदारी भी कर सकते है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
अगर आप अपने कार्यक्षेत्र या अपने आर्थिक लक्ष्यों के लिए किसी पारंगत व्यक्ति या अपने निकट जानने वाले व्यक्ति से परामर्श लेते है तो ये सुझाव आपको काफी लाभ दे सकता है । आज का दिन इंजीनियरों और कंप्यूटर में प्रवीण व्यक्तियों के लिए काफी अछा रहेगा । आपको दूसरी नौकरी का प्रस्ताव भी मिल सकता है या उसी नौकरी में स्थान परिवर्तन के संकेत भी आपको मिल सकते है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज

## हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, बलौदाबाजार में हिंसा भड़काने का आरोप, 4 महीने से जेल में हैं विधायक





बिलासपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। बता दें कि हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर आज शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है। दरअसल, पुलिस ने बलौदाबाजार हिंसा के केस में विधायक देवेंद्र यादव को आरोपी बनाया है। इस मामले में पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया, लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव की जमानत लोअर कोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसके बाद उनके वकील ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इधर, केस में देवेंद्र यादव और ओमप्रकाश बंजारे के खिलाफ पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में 449 पेज का चालान पेश किया है। आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसक प्रदर्शन मामले में आरोपी बनाया है। विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने 17 अगस्त को भिलाई से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से लगातार न्यायिक रिमांड बढ़ी। वे रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद रहे। पिछले दिनों तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच उन्होंने जमानत के लिए कई बार अर्जी लगाई। लेकिन, जमानत नहीं मिल पाई।

विधायक देवेंद्र यादव पर हिंसा भड़काने का आरोप है। पुलिस का दावा है कि देवेंद्र के खिलाफ पर्याप्त सबूत और गवाह है। इसके अलावा पुलिस के पास कुछ वीडियो भी है। इसको आधार बनाकर उन्हें हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया गया है।

विधायक देवेंद्र यादव के वकील ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान तर्क दिया था कि, उनके क्लाइंट का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। पुलिस उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। वकील ने कहा कि राजनीतिक दबाव के चलते देवेंद्र यादव को आरोपी बनाया गया है। जबकि, वे घटना के समय वहां मौजूद ही नहीं थे। न ही उनके खिलाफ पुलिस के पास कोई सबूत है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व कर लिया था, जिस पर आज फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है।

# सूर्य से घर पर बिजली बनाओ, हर साल 16 हजार बचाओ

## 3 किलोवाट सोलर-पैनल से बनेगी 360 यूनिट इलेक्ट्रिसिटी, 2 लाख के लोन में 78 हजार सब्सिडी

रायपुर, 3 जनवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए छत्तीसगढ़ से 2 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने 360 यूनिट बिजली उत्पादन कर रहे हैं। इससे हर साल 16 हजार रुपए तक का खर्च बचाया जा रहा है।

आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिलेगी। सोलर पैनल की लाइफ 25 साल की है। यानी एक उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत कर सकेगा। केंद्र सरकार की इस योजना का फायदा रायपुर से लेकर बस्तर इलाके तक के उपभोक्ता ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक 2 लाख 38 हजार 427 उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इनमें से 32 हजार 396 उपभोक्ताओं ने



सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन भी दे दिया है।

वर्तमान में 1 हजार 52 उपभोक्ताओं के घर में सोलर पैनल लगाया जा चुका है।

858 उपभोक्ताओं के घर का निरीक्षण होना है, उसके बाद उनके यहां भी पैनल लगाकर योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। भाटापारा शहर के गोकुल नगर निवासी ऋषि अग्रवाल ने योजना के तहत पैनल लगवाया है। भाटापारा शहर के गोकुल नगर निवासी ऋषि अग्रवाल ने योजना के तहत पैनल लगवाया है।

**छत्तीसगढ़ में 1 लाख 30 हजार घरों में लगेगा सोलर पैनल**

छत्तीसगढ़ में 1 लाख 30 हजार घरों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाया जाएगा। 2026 तक इस टारगेट को पूरा करने का निर्देश बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दिया गया है। योजना के तहत वर्तमान में सबसे ज्यादा सोलर पैनल रायपुर और सबसे कम खैरागढ़ में लगा है। हालांकि, सूरजपुर, सुकमा, नारायणपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा और बलरामपुर में अब तक खाता भी नहीं खुला है।

**क्या है पीएम सूर्य घर योजना**

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 13 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लॉन्च किया था। इसके तहत देश में एक करोड़ घरों में छत पर सौर संयंत्र स्थापित करना है। लोगों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को 75,021 करोड़ रुपए की लागत के साथ पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी।

केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए नेशनल पोर्टल लॉन्च किया है। इसके लिए आप वेबसाइट www.pm-suryaghar.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसमें आपको अपने बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर नंबर, नाम, पता, राज्य और कितनी क्षमता का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भरनी होगी।

उसी के अनुसार आपके यहां सोलर पैनल लगेगा और आपको सब्सिडी मिल पाएगी। पोर्टल पर दी गई जानकारियों को बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर सत्यापित करेंगे। इसके बाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। पोर्टल पर कई सारे वेंडर पहले से पंजीकृत हैं जो सोलर पैनल लगाते हैं। आप अपने हिसाब से कोई भी वेंडर चुन सकते हैं। वेबसाइट के अलावा मोबाइल में प्रधानमंत्री सूर्य घर ऐप डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के इच्छुक हितग्राही बिजली ऑफिस या क्रेडा जिला कार्यालय में भी योजना से संबंधित जानकारी लेकर पंजीयन करा सकते हैं।

## चाय बनाने से मना किया तो कुल्हाड़ी से काट डाला

बालोद, 3 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद में चाय बनाने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी कुल्हाड़ी से काट दिया। मामला कंवर चौकी क्षेत्र के ग्राम सांगली का है। परिजन घायल महिला को जिला अस्पताल धमतरी लेकर आए, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम ईश्वरी साहू (35) बताया जा रहा है, वहीं आरोपी पति का नाम केवल साहू (40) है। उनके 2 बच्चे एक लड़का और एक लड़की है। लड़का 6वीं क्लास में पढ़ता है और लड़की चौथी कक्षा में पढ़ती है। घटना के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। मृतका ईश्वरी साहू की मां सरस्वती साहू ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि केवल साहू ने पत्नी ईश्वरी साहू को चाय बनाने बोला, ईश्वरी साहू रसोई अंदर गई तो पति केवल साहू ने रसोई का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया।

# ऑटो चालक हत्याकांड में तीन बदमाश गिरफ्तार

## जान से मारने की धमकी के बाद हत्या की रची साजिश, काफी समय से था विवाद

जमशेदपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। सोनारी थाना क्षेत्र के कार्मल स्कूल के पीछे ऑटो चालक सूरज प्रमाणिक की हत्या मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज जायसवाल उर्फ मनोज पगली, पिंटू सिंह, प्रकाश कुमार सिंह और विकास सिंह उर्फ हेते शामिल हैं। सूरज की हत्या गुरुवार को सुबह गोली मारकर की गई थी।

एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सूरज प्रमाणिक और मुख्य आरोपी मनोज जायसवाल के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। कुछ दिनों पहले सूरज ने मनोज को जान से मारने की धमकी दी थी। इस धमकी के बाद मनोज ने अपने साथियों के साथ मिलकर सूरज की हत्या की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक, मनोज ने अपने साथियों पिंटू सिंह और प्रकाश कुमार सिंह के साथ हत्या की पूरी योजना बनाई। गुरुवार की सुबह इस साजिश को अंजाम देते हुए सूरज पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तकनीकी और साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद किया गया है।

## कीटनाशक खाने से एक ही परिवार के 7 बीमार

जहर मिली रोटी खाने से बिगड़ी तबीयत, सदर अस्पताल में इलाजरत

गुमला, 3 जनवरी (एजेंसियां)। गुमला में कीटनाशक मिली रोटी खाने से एक ही परिवार के 7 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आनन फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल स्थिति में सुधार है। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नता पोल टोंगो की है। डॉक्टर की देखरेख में फिलहाल इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि शांता खलखो किचन में रोटी बनाने गई थी। रैक पर रखे कीटनाशक को मकई का आटा समझकर आटा में मिलाकर रोटी बनाया और सभी को शुक्रवार की सुबह खिला दिया। इसके कुछ ही देर बाद सभी की तबियत बिगड़ने लगी। सभी को चक्कर आने लगे और उल्टियां होने लगी। बीमार लोगों में अर्पण टोप्पो (16), नीलिमा खलखो (28), एंथोनी खलखो (7), कांता टोप्पो (48), अंकित खलखो (16), एलीना खलखो (8) और एंजेल टोप्पो (8) शामिल है।

# शराब घोटाला, लखमा बोले-परेशान करने वालों को भगवान नहीं छोड़ेगा

## कहा- रेड में फूटी कौड़ी नहीं मिली, ईडी दफ्तर में हरीश-जयंत से भी चल रही पूछताछ

रायपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से रायपुर के ईडी दफ्तर में अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। यहां लखमा के बेटे हरीश कवासी और उनके तत्कालीन ओएसडी रहे जयंत देवांगन भी मौजूद हैं। लखमा ने कहा मैं निर्दोष हूं, गरीब आदमी हूं, सरकार जानबूझकर फंसा रही है। जो भी मुझे परेशान करेगा ऊपरवाला उसे नहीं छोड़ेगा। लखमा ने ये बातें दफ्तर जाने से पहले कही हैं।

लखमा ने आगे कहा घर और गाड़ी से जितने कागजात मिले हैं वो विधानसभा से संबंधित थे। कहीं पर भी कैश और फूटी कौड़ी नहीं मिली। ये लोग सब कुछ कर सकते हैं पर सच को छुपा नहीं सकते। बता दें कि शराब घोटाला मामले में ईडी को कवासी के खिलाफ सबूत मिले हैं। ईडी का दावा है कि कवासी अवैध शराब बिक्री पर कमीशन लिया करते थे। लखमा के मुताबिक विधानसभा में मैंने बस्तर की आवाज उठाई। इसलिए मेरे खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मैं लगातार चुनाव जीतता आ रहा हूं। बीजेपी ना जिला पंचायत जीत पाई ना नगर पंचायत। इसी वजह से मुझे दबाया जा रहा है।

शराब घोटाले में ईडी के छापे के बाद कवासी लखमा ने कहा मैं हूं निर्दोष हूं। पूर्व मंत्री ने अपनी संपत्ति पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मैं राजनीतिक परिवार से नहीं हूं। जगदलपुर में 2009 में 2 एकड़ जमीन ली थी। उसके अलावा मेरे पास कोई संपत्ति नहीं है। मैं कभी वार्ड मेंबर और सरपंच तक नहीं था। टोरा, महुआ, इमली का धंधा करता था। फिर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गया। मुझे सुकमा से टिकट मिला और जीता। 15 साल में भाजपा वहां जीत नहीं पाई है। लेकिन मुझे न्यायपालिका पर विश्वास है।

इससे पहले ईडी सबूतों का दावा करते हुए शराब कारोबारी और रायपुर महापौर रहे एजाज



ढेबर के भाई अनवर ढेबर, आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। ऐसे ही लखमा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

28 दिसंबर 2024 को ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश कवासी के घर छापा मारा था। टीम रायपुर के धरमपुरा स्थित कवासी लखमा के बंगले पहुंची थी। पूर्व मंत्री की कार को घर से बाहर निकालकर तलाशी ली गई। साथ ही, कवासी के करीबी सुशील ओझा के चौबे कॉलोनी स्थित घर और सुकमा जिले में लखमा के बेटे हरीश लखमा और नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर पर भी दबिश दी गई। ईडी ने X पर लिखा कि, छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत रायपुर, धमतरी और सुकमा जिलों में स्थित 7 जगह तलाशी अभियान चलाया गया। ईडी घोटाले की प्रासंगिक अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में (पीओसी) प्रोसीड ऑफ क्राइम यानी की अपराध से अर्जित आय के उपयोग से जुड़े सबूत जुटाने में सक्षम हो गया है। इसके अलावा, तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गईं, जिनके बारे में माना जाता है कि उनमें आपत्तिजनक रिकॉर्ड हैं। निदेशालय की ओर से लखमा के खिलाफ एक्शन को लेकर कहा गया कि, ईडी की जांच में पहले पता चला था कि अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अन्य लोगों का शराब सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था।

# झारखंड की बिटिया अर्जुन अवार्डी

## सलीमा पुरस्कार पाने वाली झारखंड की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी, कभी बांस की स्टिक से करती थीं प्रैक्टिस

रांची, 3 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड की स्टार महिला हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से नवाजा जाएगा। 17 जनवरी को उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सलीमा झारखंड की पहली महिला और दूसरी हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें अर्जुन अवार्ड दिया जाएगा।

इससे पहले 1972 में ओलंपियन स्व. माइकल किंडो को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जबकि, सिलवानुस डुंगडुंग और सुमराय टेटे को मेजर ध्यानचंद अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि यह पल झारखंड और हॉकी से जुड़े हुए सदस्यों के लिए सम्मान का है। सिमडेगा के सदर प्रखंड के गांव बड़की छापर में पली-बढ़ी



सलीमा का बचपन अभाव में बीता। बांस से बनी स्टिक से हॉकी की शुरुआत हुई। पिता सुलक्षण टेटे और मां सुभानी टेटे किसान हैं। सलीमा के पिता भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं। इसका फायदा उन्हें मिला और पिता के रूप में ही आरंभिक कोच मिल गया था। वे सलीमा को जिले में होनेवाली लठ्ठाखम्हन प्रतियोगिता में खेलने के लिए पहली बार 2011 में ले गए थे। सलीमा ने बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इसी दौरान गांव में हॉकी को प्रमोट करनेवाले तत्कालीन हॉकी सिमडेगा के संयुक्त सचिव मनोज कोनबेगी की नजर सलीमा पर गई। और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक-दो साल तक सलीमा का चयन सिमडेगा के हॉकी आवसीय सेंटर में नहीं हो पाया। पर, वह निराश नहीं हुई। उसी कैंपस में दूसरे हॉस्टल में रहने लगी। घर से लकड़ी लाकर खुद खाना बनाती थी। फिर, आवासीय सेंटर के खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस करती थी। उनकी प्रतिभा व मेहनत को देखते हुए उनको 2013 में आवासीय सेंटर शामिल किया गया। दो माह के अंदर ही सलीमा ने एसजीएफआई की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में जगह बना ली।

2014 में भी सब जूनियर झारखंड टीम में चुनी गईं। 2016 में पहली बार जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में चुनी गई और स्पेन दौरे पर गईं।

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर

## डीआरजी और एसटीएफ के 300 जवानों ने घेरा, शव और ऑटोमैटिक हथियार बरामद



गरियाबंद, 3 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम ने नक्सलियों को घेरा है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के करीब 300 जवान मौके पर मौजूद हैं।

ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से भी जवानों ने घेराबंदी की थी, जिससे नक्सलियों को भागने का मौका नहीं मिला। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने कई ऑटोमैटिक हथियार भी जब्त किए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। हालांकि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये नक्सली बस्तर से भागकर इस क्षेत्र में सक्रिय थे। मुठभेड़ के साथ सर्चिंग ऑपरेशन अभी जारी है। आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान से इलाके में नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# मंत्री देवांगन के प्रतिनिधि की सरेआम पिटाई

## प्रोफेसर की पत्नी ने डंडे से पीटा, बेटे ने मारा तमाचा, विवाद शांत कराने पहुंचे थे

कोरबा, 3 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रतिनिधि से मारपीट का वीडियो सामने आया है। प्रतिनिधि राजेंद्र पटेल को दबंगों ने सरेआम थप्पड़ जड़ दिया। राजेंद्र पटेल किसी जमीनी विवाद को शांत कराने पहुंचे थे। मामला दादरखुर्द गांव का है। जानकारी के मुताबिक, गांव में गौ-शाला की एक जमीन को लेकर गांव के बुजुर्ग और प्रोफेसर के परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। गुरुवार को भी दोनों गुटों के बीच इसी जमीन को विवाद छिड़ा हुआ था। इसी बीच मौके पर पटेल पहुंचे थे।

पीड़ित राजेंद्र पटेल ने बताया कि गांव की एक जमीन पर एक बुजुर्ग किसान बिसाहू यादव की गौ-शाला है। इसी जमीन पर प्रोफेसर सुरेश तिवारी और उनका



परिवार अपना स्वामित्व होने का दावा करता है। फिलहाल मामला एसडीएम कोर्ट में हैं, और इस पर कोई फैसला अब तक नहीं आया है। गुरुवार को बिसाहू यादव ने पटेल को बताया कि प्रोफेसर तिवारी और उनका परिवार गौ-शाला में तोड़-फोड़ कर रहा है। बुजुर्ग की फरियाद पर पटेल मामला शांत कराने मौके पर पहुंचे। लेकिन प्रोफेसर सुरेश तिवारी, उनका बेटा सौरभ तिवारी और बेटी सुधा तिवारी ने फसाद शुरू कर दिया। विवाद पढ़ा तो प्रोफेसर के बेटे ने पटेल को थप्पड़ जड़ दिया। प्रोफेसर की पत्नी ने भी पटेल की डंडे से पिटाई की है। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। मंत्री प्रतिनिधि पटेल का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने अब तक दबंगों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि पटेल ने पहले मौके पर मौजूद उनकी मां के साथ बदसलूकी की। इसे लेकर ही विवाद बढ़ा। राजेंद्र पटेल का आरोप है कि बार-बार चौकी बुलाकर उन्हें ही मानसिक प्रताड़ित किया गया है। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत एसपी सिद्धार्थ तिवारी और कलेक्टर से भी की है। वहीं मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि दोनों पक्ष से शिकायत मिली है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच कार्रवाई की जा रही है।

# ससुराल में विवाहिता की फंदे से लटकी मिली लाश

पलामू, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पलामू में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई है। पंडवा थानाक्षेत्र के कोकरसा गांव निवासी अरुण दुबे की बेटी प्रिया दुबे (21) का शव उसके ससुराल शहर थानाक्षेत्र के निमिया में शुक्रवार को फांसी पर लटका मिला। इधर, दहेज हत्या के आरोप में पति, सास और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रिया की शादी आठ माह पहले अप्रैल में अरुण तिवारी के पुत्र मणिकांत तिवारी के साथ हुई थी। वह गर्भवती थी। प्रिया छह बहनों में सबसे छोटी थी। मृतका के जीजा बड़कागांव के रहने वाले बमशंकर तिवारी को मणिकांत ने फोन कर बताया कि प्रिया ने फांसी लगा ली है। बमशंकर तिवारी मौके पर पहुंचे तो साली को फंदे पर लटका देखा। फंदा काटकर तत्काल प्रिया को नीचे उतार कर एमएमसीएच लेकर आए। जहां डॉक्टर ने प्रिया को मृत बताया। बमशंकर तिवारी ने बताया कि प्रिया के ससुराल वाले तिलक के दिन से ही कम दहेज मिलने की बात पर विवाद कर रहे थे। गुरुवार की रात भी प्रिया के साथ पति और सास-ससुर की लड़ाई हुई थी। इसकी जानकारी मिलने पर रात 10 बजे वो कुछ रिश्तेदार के साथ प्रिया को मायके ले जाने के लिए पहुंचे थे। उसके ससुराल वालों ने मायके भेजने से इंकार कर दिया। फिर वे तीन बजे सुबह में वहां से लौटे। बमशंकर ने कहा- इसके बाद ही प्रिया को मारकर ससुराल वालों ने उसके शव को फांसी के फंदे से लटका दिया।

# मां की नस काटी, बेटी को गला दबाकर मारा

## फर्श-दीवार पर खून के छींटे, रायपुर पुलिस अवैध संबंध समेत कई एंगल से कर रही जांच

रायपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर में मां-बेटी की हत्या मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि जांच में ये बात सामने आई है कि, धारदार हथियार से महिला के दोनों हाथों की नस काट कार जान ली गई है। वहीं 14 साल की लड़की को गला दबाकर मारा गया है। घर के अंदर जमीन और दीवार पर खून के छींटे मिले हैं। फोरेंसिक टीम से मिले सबूत और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर एंटी क्राइम यूनिट हत्यारे की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक वारदात को 31 दिसंबर की रात को अंजाम दिया गया है।

महिला की हत्या धरसींवा थाना क्षेत्र और बेटी की हत्या खमतराई थाने इलाके में हुई है। दोनों केस अलग-अलग थाने में दर्ज हैं। हालांकि पुलिस अफसरों का कहना है कि एंटी क्राइम यूनिट की टीम धरसींवा पुलिस के साथ मिलकर जांच करेगी। दरअसल, रायपुर-बिलासपुर हाइवे से लगी एक बस्ती में बच्ची और उसकी मां हमीदा बेगम रहती थी। महिला के पति की कुछ साल पहले ही मौत हो चुकी है। 1 जनवरी को नाबालिग लड़की की लाश खमतराई इलाके के एक नाले में पड़ी मिली थी। वहीं दूसरे दिन 2 जनवरी को उसकी मां हमीदा बेगम की लाश करीब 2 किलोमीटर दूर धरसींवा पुलिस स्टेशन एरिया में घर से बरामद की गई है। दोनों मां-बेटी रायपुर-बिलासपुर हाईवे से लगी एक बस्ती में रहते थे। बताया जा रहा है कि महिला के रिश्तेदार ने उसकी नाबालिग बेटी की लाश वॉट्सऐप पर देखी। वह उसकी मां हमीदा को बताने के लिए घर पहुंचा। घर के भीतर अंधेरा था और से तेज बदबू आ रही थी। उसने घबराकर आसपास के 2-3 लोगों को बुलाया। सभी लोग अंदर घुसे तो हमीदा की लाश बिस्तर के पास जमीन पर पड़ी हुई थी।

पहला एंगल- पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्यारा किसी बुरी नीयत से घर में घुसा था। उसे पता था कि घर में मां-बेटी अकेली रहती हैं। उसने महिला और उसकी बेटी के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। मना करने पर उसने झगड़ा कर उनकी हत्या कर दी और फरार हो गया।

दूसरा एंगल- हमीदा के 4 भाई बहन हैं। धनेली हमीदा का मायका है। उसे बंटवारे में नेशनल हाईवे किनारे सड़क पर एक मकान मिला है। इसमें वह अपनी बेटी के साथ रह रही थी। उस मकान के आसपास की जमीन उसके भाइयों की है, जिसे उन्होंने बेच दिया है। ऐसे में आशंका है कि प्रॉपर्टी हड़पने के लिए हत्या की गई होगी।

तीसरा एंगल- मोहल्ले वालों के मुताबिक कई बार घर में अलग-अलग तरह के व्यक्तियों का भी आना होता था। इनमें कई ट्रक ड्राइवर भी शामिल थे। हमीदा पास के ही ढाबे में बर्तन धोने का काम करती थी।

ढाबे में अक्सर आने जाने वाले लोग उससे मिला करते थे। पुलिस को आशंका है कि यह हत्या किसी अवैध संबंध से भी जुड़ी हो सकती है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों मां बेटी गरीबी में गुजारा कर रहे थे।

# बस और ट्रक में टक्कर, दो की मौत

## कोहरे की वजह से एनएच-39 पर हुआ हादसा, दोनों वाहनों के परखच्चे उड़े, पांच गंभीर

पलामू, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पलामू में शुक्रवार की सुबह घने कोहरे की वजह से ट्रक और यात्रियों से भरी बस में टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा मेदिनीनगर-रांची मुख्य पथ पर सतबरवा थानाक्षेत्र के कसियाडीह के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ही वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। वहीं, 10 यात्रियों को हल्की चोट आई है। एनएच-39 पर हुए इस हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सतबरवा के नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों में उत्तर प्रदेश के एटा जिले के कलुआ थानाक्षेत्र अंतर्गत टोलो गांव निवासी ट्रक ड्राइवर पुष्पेंद्र कुमार (35) और सतबरवा के मुक्ता गांव का रियासत मियां (52) शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह 7:30 बजे के करीब घने कोहरे की वजह से हादसा हुआ। सुबह कोहरे के कारण सड़क पर विजिबिलिटी काफी कम थी। जेपीएस बस रोज की तरह मेदिनीनगर बस स्टैंड से यात्रियों को लेकर रांची जा रही थी। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे ट्रक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों का ड्राइवर केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर होते ही घटनास्थल पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। शोर सुन स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लोगों को बचाने में जुट गए।

# राफेल संग भारत पहुंचा यूरोप का सबसे शक्तिशाली परमाणु युद्धपोत

## 40 साल बाद ऐक्शन में फ्रांसीसी नौसेना, निशाने पर कौन?




पेरिस, 3 जनवरी (एजेंसियां)। यूरोप का सबसे शक्तिशाली युद्धपोत चार्ल्स डी गाले भारत पहुंचा है। परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर चार्ल्स डी गाले फ्रांसीसी नौसेना के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ हिंद महासागर पहुंचा है। बताया जा रहा है कि करीब 40 साल बाद फ्रांस ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपना कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भेजा है। यह फ्रांसीसी बेड़ा गोवा तट के पास भारतीय नौसेना के साथ वरुणा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेगा। इस नौसैनिक अभ्यास का मकसद इलाके में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। चार्ल्स डी गाले पर राफेल फाइटर जेट हमेशा तैनात रहते हैं और ये परमाणु हमला करने की ताकत रखते हैं। माना जा रहा है कि फ्रांस ने चीन को कड़ा संदेश देने के लिए अपने कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को इस इलाके में भेजा है। चीन लगातार हिंद प्रशांत क्षेत्र में दादागिरी दिखा रहा है। फ्रांसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप फ्रांस की नौसेना के मिशन क्लेमेंस्यू 25 के तहत आया है ताकि हिंद प्रशांत क्षेत्र में देश के हितों की रक्षा की जा सके। साथ ही इस इलाके में यूरोपीय अभियानों में योगदान दिया जा सके। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप क्षेत्रीय भागीदारों और सहयोगियों खासकर भारत के साथ संयुक्त ट्रेनिंग को अंजाम दे रहे हैं। इस अभ्यास के दौरान दोनों देशों के युद्धपोतों पर एक-दूसरे के सैनिकों के काम करने का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान हवा, सतह और सबमरीन से होने वाले खतरे को निपटने का भी अभ्यास किया जाएगा। भारत के बाद फ्रांसीसी युद्धपोतों का दल इंडोनेशिया के लिए निकल जाएगा। फिर से वहां से यह दक्षिण चीन सागर होते हुए जापान भी जाएगा। इस पूरे इलाके में चीनी नौसेना दादागिरी दिखा रही है और पड़ोसी देशों को डरा रही है। फ्रांस ने कहा कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में 15 लाख फ्रांसीसी नागरिक रहते हैं। फ्रांस ने अपने बयान में भारत को साल 1998 से ही सबसे करीबी रणनीतिक भागीदार करार दिया। भारत ने उस समय परमाणु परीक्षण किया था। भारत में अक्सर फ्रांसीसी युद्धपोत आते रहते हैं। दोनों देश हिंद महासागर में अवैध तस्करी, अवैध रूप से मछली पकड़ने के खिलाफ ऐक्शन और राहत तथा बचाव को अंजाम देते हैं। चांस डी गाले एयरक्राफ्ट कैरियर 42,500 टन का है और परमाणु ऊर्जा से चलता है। अमेरिका के बाद फ्रांस ही है जिसका परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर भारत पहुंचा है। चार्ल्स डी गाले राफेल फाइटर जेट से लैस है जिसे भारत भी अपनी नेवी के लिए खरीद रहा है। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही राफेल मौजूद है।

## आखिरकार बातचीत के रास्ते पर लौटा इजरायल

### बंधकों को छुड़ाने के लिए कतर भेजेगा प्रतिनिधि दल

तेल अवीव, 3 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल ने हमास और हिजबुल्ला की कमर तोड़ दी है, लेकिन इसके बावजूद इजरायल अभी तक अपने बंधकों को नहीं छुड़ा पाया है। यही वजह है कि अब इजरायल की सरकार बातचीत के जरिए अपने बंधकों को छुड़ाने की कोशिशों में जुट गई है। इजरायल का एक प्रतिनिधिमंडल आज कतर दौरे पर जाएगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल को कतर जाने की मंजूरी दे दी है। ये प्रतिनिधिमंडल बंधकों को छुड़ाने के लिए बातचीत करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इजरायल और हमास के बीच बीते कुछ दिनों से बंधकों को छुड़ाने के लिए बातचीत की सहमति बन रही थी। कतर जा रहे प्रतिनिधिमंडल में इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद, शिन बेत और इजरायली सेना आईडीएफ के अधिकारी शामिल होंगे।

## कैलिफोर्निया में प्राइवेट प्लेन क्रैश, दो की मौत

### 18 घायल, फर्नीचर बनाने वाली बिल्डिंग की छत से टकराया, जहां 200 लोग मौजूद थे



वॉशिंगटन, 3 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में गुरुवार को (भारतीय समयानुसार देर रात) एक छोटा प्लेन एक बिल्डिंग की छत से टकराकर क्रैश हो गया। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है, साथ ही 18 लोग घायल भी हुए है। पुलिस के मुताबिक 10 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि 8 का मौके पर ही इलाज किया गया है।

मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। इसके अलावा अभी ये भी साफ नहीं को मृतक प्लेन में थे या जमीन पर। इस प्लेन ने ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 2 मिनट के अंदर ही यह क्रैश हो गया। मौके पर दमकल और पुलिस की टीम पहुंची हैं। बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। साथ आसपास के इलाके को खाली कर लिया गया है। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया उसमें फर्नीचर बनाने का काम होता है। हादसे के वक्त बिल्डिंग में लगभग 200 लोग काम कर रहे थे।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक ये एक सिंगल इंजन वाला वैन आरवी-10 विमान था। इसमें 4 लोग सवार हो सकते हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्लेन के मालिक का यहां हैंगर है और वह अक्सर यहीं से उड़ान भरता है। एक कर्मचारी के मुताबिक प्लेन के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताया था कि वह इमरजेंसी लैंडिंग के लिए वापस लौट रहा है। हालांकि, प्लेन में क्या समस्या थी, इसकी ये साफ नहीं हो सका।

बीते 10 दिन में ये तीसरा प्लेन हादसा है। इससे पहले 25 दिसंबर को अजरबैजान से रूस जा रहा एक प्लेन कजाकिस्तान में क्रैश हो गया था। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हुई थी। इसके 3 दिन बाद ही 29 दिसंबर को साउथ कोरिया में एक प्लेन एयरपोर्ट पर क्रैश हो हुआ था। इसमें सवार 181 लोगों में से 179 की मौत हो गई थी।

# चीन में कोरोना जैसा नया वायरस फैला

## छोटे बच्चों पर ज्यादा असर, दावा- प्रभावित इलाकों में इमरजेंसी, 2019 में वुहान से कोविड फैला था



बीजिंग, 3 जनवरी (एजेंसियां)। कोविड-19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैल रहा है। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही है। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) है, जो कि एक आरएनए वायरस है। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के मुताबिक इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल हैं। एचएमपीवी के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड-19 के केस भी सामने आ रहे हैं। इसके मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है। सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में मरीजों की फोटो पोस्ट करते हुए दावा किया गया है कि चीन ने वायरस के फैलने के बाद कई जगहों पर इमरजेंसी घोषित कर दी है। दावे के मुताबिक अस्पतालों और श्मशान घाटों में भीड़ बढ़ रही है। हालांकि, चीन की तरफ से ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है। द स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक सीडीसी ने पहले से अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों में संक्रमण का खतरा ज्यादा होने की बात कही है। खांसने और छींकने से वायरस के फैलने का खतरा अधिक है। वायरस का असर ज्यादा होने पर इससे ब्रोंकाइटिस और निमोनिया भी हो सकता है। रॉयटर्स के मुताबिक चीन इससे निपटने के लिए एक निगरानी सिस्टम की टेस्टिंग भी कर रहा है। एचएमपीवी वायरस की पहचान पहली बार 2001 में हुई थी। एक डच शोधकर्ता ने सांस की बीमारी से जूझ रहे बच्चों के सैंपल में इस वायरस का पता लगाया था। हालांकि, ये वायरस पिछले 6 दशकों से मौजूद है। कोविड-19 का पहला मामला 2019 में चीन के वुहान शहर में मिला था। तब इसे एक रहस्यमयी निमोनिया समझा गया था। ये सार्स-कोव-2 वायरस से फैला था। इसके बाद ये वायरस दुनिया में तेजी से फैला। 30 जनवरी 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे ग्लोबल पेंडेमिक घोषित किया था।

## साउथ कोरिया में गिरफ्तारी से बचे अपदस्थ राष्ट्रपति



सियोल, 3 जनवरी (एजेंसियां)। साउथ कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक-योल की गिरफ्तारी शुक्रवार को नहीं हो सकी। योल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लागू करने के लिए आपराधिक जांच चल रही है। मंगलवार को सियोल की कोर्ट ने योल के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। साउथ कोरिया में बड़े अधिकारियों के घोटालों की जांच के लिए बनी एजेंसी के अधिकारी और पुलिस अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक योल को हिरासत में लेने के लिए उनके घर पहुंचे थे। लेकिन योल की सुरक्षा में लगे करीब 200 गार्ड्स ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। इसी बीच वहां यून के घर के बाहर प्रदर्शनकारियों की भीड़ जुट गई और नारेबाजी करने लगी। अपदस्थ राष्ट्रपति की गिरफ्तारी को लेकर करीब 6 घंटे तक हंगामा होता रहा लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई।

# इजराइल की सीरिया में सर्जिकल स्ट्राइक जारी

## 120 कंमाडो ने टनल में 3 घंटे में मिसाइल फैक्ट्री तबाह की



तेल अवीव/ दमिश्क, 3 जनवरी (एजेंसियां)। इजराइली वायुसेना ने सीरिया में 8 सितंबर 2024 को ईरान के मिसाइल फैक्ट्री पर स्ट्राइक की थी। इस ऑपरेशन को वायुसेना की एक स्पेशल यूनिट ने सीरिया में 200 किमी घुसकर अंजाम दिया था। गुरुवार, 2 जनवरी को सेना ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया। इससे एक दिन पहले (1 जनवरी) इजराइल ने इसकी जानकारी दी थी।

इजराइली सेना के मुताबिक ईरान ने पश्चिमी सीरिया के मस्फया इलाके में पहाड़ को खोदकर अंडरग्राउंड (जमीन के अंदर) मिसाइल फैक्ट्री बना रखी थी। यहां से किलर मिसाइलें बनाकर उसे लेबनान में हिजबुल्लाह और असद की सेना को दिया जाता था।

इजराइल के 120 कमांडो ने सुरंग में अंदर जाकर ढाई घंटे तक विस्फोटक बिछाए और सुरक्षित बाहर निकल गए। इजराइल ने जब इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, उस समय सीरिया में बशर अल असद की सरकार थी। इस समय तक इजराइल, हिजबुल्लाह के साथ सीधी जंग में शामिल भी नहीं हुआ था। इजराइली सेना ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन मेनी वेज' और स्ट्राइक की लोकेशन को 'डीप लेयर' नाम दिया था। इस ऑपरेशन को वायुसेना की शालडाग यूनिट ने अंजाम दिया। उसके साथ सर्च और रेसक्यू यूनिट 669 भी मौजूद थी। पूरे ऑपरेशन के दौरान इजराइल के किसी भी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

आईडीएफ के मुताबिक ईरान ने इस फैक्ट्री (डीप लेयर) को बनाने की शुरुआत 2017 में की थी। इसी साल इजराइल ने रॉकेट इंजन बनाने वाली फैसिलिटी सीईआरएस को एक हवाई हमले में तबाह कर दिया था। इसके बाद ईरान ने यहां अंडरग्राउंड मिसाइल फैक्ट्री बनाने की शुरुआत की। आईडीएफ के मुताबिक इस फैक्ट्री को तबाह करने का आइडिया कई साल पुराना था। हालांकि पिछले एक साल से हमास और हिजबुल्लाह से जंग के दौरान इजराइल ने इसकी प्लानिंग शुरू की। शालडाग यूनिट की ट्रेनिंग और क्षमताओं की वजह से वायुसेना ने उसे इस मिशन को अंजाम देने के लिए चुना। स्ट्राइक के दो महीने पहले से शालडाग और यूनिट 669 के सैनिकों को इसके लिए ट्रेनिंग दी जा रही थी। इस ट्रेनिंग में लोकेशन के कई मॉडल भी शामिल किए गए थे। इसके जरिए ऑपरेशन के दौरान बैकअप को तैयार रखने की प्लानिंग की गई। ऑपरेशन से पहले इंटेलिजेंस यूनिट को अधिक सक्रिय किया गया। इसके जरिए सैनिकों के उतरने की लोकेशन और सुरंग में घुसने और नष्ट करने के मॉडल तैयार किए गए। साथ संभावित खतरों और सीरियाई सेना से निपटने के लिए भी तैयारी को भी ध्यान में रखा गया। ऑपरेशन मेनी वेज के लिए 8 सितंबर का दिन चुना गया, क्योंकि इस दिन मौसम साफ था। इससे शाम के समय लोकेशन पर सैनिकों को ले जाने हेलिकॉप्टर्स को आसानी होती। शाम को शालडाग यूनिट के 100 कमांडो और यूनिट 669 के 20 सैनिक मिशन के लिए रवाना हुए।

# सिलिकॉन वैली में अब ट्रंप की पकड़ बहुत मजबूत

## भारतीय अमेरिकी निवेशक का बड़ा दावा

वॉशिंगटन, 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय अमेरिकी निवेशक आशा जडेजा मोटवानी ने दावा किया है कि नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सिलिकॉन वैली पर मजबूत पकड़ है और अब सिलिकॉन वैली की हर चीज से ट्रंप गहराई से जुड़े हुए हैं। इसकी वजह ये है कि ट्रंप ने सिलिकॉन वैली के कई एंटरप्रेन्योर्स को अपनी सरकार में अहम जिम्मेदारी दी है।

अमेरिका की शीर्ष निवेशक आशा जडेजा मोटवानी ने कहा कि 'सिलिकॉन वैली अब ट्रंप से गहराई से जुड़ी हुई है। मैं अपने साथी निवेशकों और तकनीकी उद्यमियों डेविड सैक्स और श्रीराम कृष्णन आदि के साथ मिलकर स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल नियामक प्रणाली विकसित करने के लिए काम करने के लिए उत्साहित हूं।' ट्रंप ने सिलिकॉन वैली के डेविड सैक्स को व्हाइट हाउस एआई और क्रिप्टो ज़ार के रूप में नामित किया है और भारतीय अमेरिकी श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए वरिष्ठ नीति सलाहकार नियुक्त किया है।

मोटवानी, गूगल के शुरुआती निवेशकों में से एक हैं और गूगल के अलावा उन्होंने सिलिकॉन वैली के 100 से भी ज्यादा स्टार्टअप में निवेश किया हुआ है। आशा जडेजा मोटवानी के दिवंगत पति स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजीव मोटवानी ने ही गूगल के कंपनी बनने से पहले उसकी एल्गोरिदम को बनाया था और वे गूगल के संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन के गुरु थे।

# बशर अल असद को जहर देकर मारने की कोशिश

मॉस्को, 3 जनवरी (एजेंसियां)। रूस में रह रहे सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद को जान से मारने की कोशिश की गई है। ब्रिटिश अखबार द सन के मुताबिक 59 साल के असद रविवार को गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। उन्हें बहुत ज्यादा खांसी और सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो रही थी। इसके बाद डॉक्टरों ने उनकी जांच की। टेस्ट के बाद उनके शरीर में जहर के मौजूदगी की पुष्टि हुई। रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को उनकी हालत में सुधार हुआ और अब वे बेहतर हालत में हैं। इस बीच रूसी अधिकारी जहर देने में शामिल अपराधी का पता लगाने में जुट गए हैं। हालांकि, इस घटना को लेकर रूसी अधिकारियों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बशर अल असद पिछले महीने सीरिया में तख्तापलट के बाद से अपने परिवार के साथ मॉस्को में हैं। रूस ने असद परिवार को राजनीतिक शरण दी है और एक अपार्टमेंट में उनके रहने की व्यवस्था की गई है।

रूस के एक पूर्व जासूस की ओर से चलाए जा रहे ऑनलाइन अकाउंट जनरल एसवीआर ने सबसे पहले दावा किया था कि बशर अल असद बीमार हो गए हैं। हालांकि, असद को जहर किसने दिया है, अब तक इसका खुलासा नहीं हो सका है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव समेत रूसी अधिकारियों को इस घटना के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद से यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि असद किस तरह से जहर के संपर्क में आए। पिछले महीने यह जानकारी सामने आई थी कि उनकी पत्नी अस्मा ब्रिटेन लौटना चाहती हैं लेकिन पासपोर्ट की वैलिडिटी खत्म होने के वजह से वह लंदन वापस नहीं लौट पाएंगी। अस्मा का जन्म 1975 में लंदन में सीरियाई माता-पिता के यहां हुआ था। उनके पास ब्रिटेन और सीरिया की दोहरी नागरिकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अस्मा अल-असद गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। अस्मा को ब्लड कैंसर यानी ल्यूकेमिया है। डॉक्टरों ने उनके बचने की संभावना सिर्फ 50% बताई है। ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि वे मॉस्को में अपना इलाज करा रही हैं। ब्रिटिश मूल की अस्मा अल-असद को 2019 में ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। इलाज के बाद उन्होंने खुद को कैंसर मुक्त घोषित किया था। फिलहाल, उन्हें आइसोलेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। अस्मा ने दिसंबर 2000 में असद से शादी की थी। अस्मा और असद के तीन बच्चे हैं, जिनके नाम हाफिज, जीन और करीम हैं।

# शेख हसीना के पिता अब बांग्लादेश के राष्ट्रपिता नहीं

## नई स्कूली किताबों में खालिदा जिया के पति जियाउर रहमान को आजादी का क्रेडिट दिया




ढाका, 3 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने शेख हसीना के पिता और पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की विरासत को मिटाना शुरू कर दिया है। मौजूदा सरकार ने बांग्लादेश की पाठ्य पुस्तकों में बदलाव करने का फैसला किया है। डेली स्टार के मुताबिक अब से किताब में बताया जाएगा कि साल 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने दिलाई थी। जियाउर रहमान बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति खालिदा जिया के पति थे। वे बांग्लादेश की आजादी के बाद को-आर्मी चीफ बने। बाद में वे देश के राष्ट्रपति भी बने। साल 1981 में सेना से जुड़े कुछ लोगों ने उनकी हत्या कर दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक नई किताब में मुजीब की राष्ट्रपिता की उपाधि को भी हटा दिया गया है। यह किताब प्राइमरी से लेकर सेकेंडरी लेवल तक के छात्रों को पढ़ाई जाएगी।

बांग्लादेश में यह हमेशा से विवादित रहा है कि वहां आजादी की घोषणा किसने की थी। अवामी लीग का दावा है कि यह घोषणा 'बंगबंधु' मुजीबुर्रहमान ने की थी, जबकि खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी अपने संस्थापक जियाउर रहमान को इसका श्रेय देती है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह पहली बार नहीं हुआ है जब बांग्लादेश की टेक्स्ट बुक में ऐसा बदलाव हुआ है। वहां पर सरकार बदलने के साथ ही किताब में आजादी की घोषणा करने वाले नेता के नाम में भी बदलाव होता रहा है। टेक्स्ट बुक में बदलाव कराने वाले लेखकों में शामिल रिसर्चर राखल राहा ने कहा कि पहले के किताबों में कोई तथ्य आधारित जानकारी नहीं थी। एनसीटीबी के अधिकारियों ने कहा कि जब 1996-2001 तक देश में स्वतंत्र सरकार चल रही थी तब टेक्स्ट बुक में लिखा था कि शेख मुजीब ने बांग्लादेश के आजादी की घोषणा की और जियाउर रहमान ने यह घोषणा पढ़ी। इसके बाद 2001 में जब खालिदा जिया की सरकार बनी तो उन्होंने इसमें बदलाव कर दिया। साल 2009 में शेख हसीना के सत्ता में आने के बाद 2010 में भी किताबों में बदलाव हुआ था।

# एफबीआई ने माना ट्रक अटैक आतंकवादी हमला था

वाशिंगटन, 3 जनवरी (एजेंसियां)। एफबीआई ने गुरुवार को कहा कि न्यू ऑरलियन्स हमले में शमसुद्दीन जब्बार अकेला आतंकवादी था और वह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) का समर्थक था। वह इसी साल गर्मियों में आईएसआईएस में शामिल हुआ था। साथ ही बताया कि अटैक में 14 लोग मारे गए। इससे पहले न्यू ऑरलियन्स कोरोनर ने कहा था कि हमले में 15 लोग मारे गए हैं।

एफबीआई के डिप्टी असिस्टेंट डायरेक्टर क्रिस्टोफर राया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जब्बार ने आईएसआईएस के समर्थन में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किए थे। पहले उसका प्लान अपने परिवार और दोस्तों को मारने का था। मगर ऐसा करने पर उसका 'वॉर बिटविन बिलीवर्स एंड नॉन बिलीवर्स' (विश्वासियों और अविश्वासियों के बीच युद्ध) का मकसद पूरा नहीं होता। राया ने टाइमलाइन के साथ बताया कि जब्बार ने 30 दिसंबर को ह्यूस्टन टेक्सास में ट्रक किराए लिया। फिर 31 दिसंबर की शाम को न्यू ऑरलियन्स चला गया। उसने अपने फेसबुक अकाउंट पर आईएसआईएस के समर्थन में 5 वीडियो पोस्ट किए। पहले वीडियो में जब्बार ने अपने पुराने प्लान के बारे में बताया।

अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस में 1 जनवरी की रात नए साल का जश्न मना रहे लोगों को एक तेज रफ्तार पिकअप ट्रक ने रौंद दिया। यह घटना रात के 3 बजकर 15 मिनट पर हुई। तब शहर की सबसे व्यस्ततम बॉर्बन स्ट्रीट पर हजारों लोग जश्न मना रहे थे। अचानक एक गाड़ी भीड़ को रौंदते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद हमलावर पिकअप ट्रक से बाहर आया और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें हमलावर की मौत हो गई। मुठभेड़ में दो पुलिस वाले भी घायल हो गए। इस हमले में 35 लोग घायल हुए थे। घटनास्थल से लॉन्ग गन के अलावा दो घरेलू बम और आईएसआईएस का झंडा मिला था। जांच एजेंसियों ने बताया कि हमलावर शमसुद्दीन जब्बार टेक्सास स्टेट का रहने वाला था और 2007 से 2020 तक अमेरिकी सेना में रहा था। सेना ने उसकी अफगानिस्तान में तैनाती भी की थी। ट्रक हमला करने से पहले जब्बार ने कई वीडियो भी रिकॉर्ड किए थे। एक वीडियो में उसने अपने परिवार को मारने की बात कही थी। इसके अलावा वह चाहता था कि इस हमले को कवर करने के लिए उसका परिवार हादसे वाली जगह पर मौजूद रहे।


**एलजीबीटीक्यू पार्टियों के लिए जाना जाता है बॉर्बन स्ट्रीट**

बॉर्बन स्ट्रीट पर कई बार और रेस्तरां हैं। यह इलाका एलजीबीटीक्यू पार्टियों के लिए चर्चित है और इस इलाके को समलैंगिक समुदाय का दिल कहा जाता है। बुधवार को नए साल का जश्न मनाने के लिए यहां एलजीबीटीक्यू समुदाय के कई लोग पहुंचे थे।

# यूएनएससी में पाकिस्तान का कार्यकाल शुरू

## चीन के साथ गठजोड़ बनाकर भारत को घेरने की होगी कोशिश, बढ़ेगी दिल्ली की टेंशन!

इस्लामाबाद, 3 जनवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कई सदस्य नए साल यानी 1 जनवरी, 2025 से बदल गए हैं। परिषद में दो साल के कार्यकाल के लिए नए गैरस्थायी सदस्यों की एंट्री हुई है। इन सदस्यों में एक पाकिस्तान भी है। इस एंट्री ने खासतौर से भारत का ध्यान खींचा है। पाकिस्तान के यूएनएससी के इतिहास और भारत से रिश्ते में तनाव को देखते हुए ये नई दिल्ली की परेशानी बढ़ा सकता है। ये इसलिए भी अहम है क्योंकि बांग्लादेश, म्यांमार, अफगानिस्तान जैसे कई एशियाई देश अस्थिरता से गुजर रहे हैं। इसका फायदा पाकिस्तान अपने भारत विरोधी एजेंडे के लिए उठा सकता है। पाकिस्तान के यूएनएससी में शामिल होने से भारत ही नहीं दक्षिण एशिया के कई देशों की चिंता बढ़ सकती है। पाकिस्तान फिहाल अस्थायी सदस्य बना है लेकिन जुलाई 2025 में पाकिस्तान यूएनएससी का अध्यक्ष भी बनेगा। इतना ही नहीं पाकिस्तान इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा बैन कमेटी में भी शामिल होगा, जो आतंकवादियों को नामित और उनको बैन करती है। ऐसे में पाकिस्तान के फैसले भारत को प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। पाकिस्तान ने यूएनएससी के सदस्य के रूप में अपने एजेंडे में 'अफगानिस्तान में आतंकवाद' का मुद्दा उठाने की बात कही है। यह पाक का टीटीपी और दूसरे गुटों को काबू करने का प्रयास है। पाकिस्तान ने इन हमलों के लिए अफगानिस्तान और उसके तालिबान शासकों को जिम्मेदार ठहराया है। पाकिस्तान दुनिया को दिखाना चाहता है कि वह आतंकवाद से पीड़ित है। वह खुद को आतंक का शिकार दिखाकर भारत के उस स्टैंड को कमजोर करना चाहता है, जिसमें भारत कहता रहा है कि पाकिस्तान में आतंक को पनाह मिल रही है। पाकिस्तान ने कश्मीर के मुद्दे पर भी अपने एजेंडे को छुपाया नहीं है। पाकिस्तान के लिए यूएनएससी में कश्मीर का मुद्दा सबसे प्रमुख रहने वाला है। पाकिस्तान की कोशिश है कि कश्मीर मुद्दे को मुखरता से उठाकर दुनिया के सामने इसे एक बड़े विवाद की तरह पेश किया जाए और भारत को आर्टिकल 370 हटाने के लिए घेरा जाए। पाकिस्तान ने कश्मीर को यूएनएससी के एजेंडे पर सबसे पुराने मुद्दों में से एक कहा है। पाकिस्तान को चीन से यूएनएससी में कश्मीर मुद्दे पर खुली मदद मिल सकती है। चीन की मदद से पाकिस्तान जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने के मामले पर चर्चा की कोशिश करेगा। पाकिस्तान की ओर से सिंधु जल संधि जैसे द्विपक्षीय समझौते को भी यूएनएससी के मंच पर उठाया जा सकता है।



# ओम बिरला ने किया एमबीएस अस्पताल का निरीक्षण

## कहा-इमरजेंसी सुविधाओं को बेहतर बनाएं, खामियों को सुधारें



कोटा, 3 जनवरी (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के एमबीएस अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने करीब दो घंटे तक अस्पताल प्रशासन, केडीए और निगम के अधिकारियों के साथ एमबीएस के नए ब्लॉक, पुरानी बिल्डिंग और जेके लोन के बाहर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

बिरला ने नए ब्लॉक के मेडिसिन आईसीयू में ऑक्सीजन लाइन और वेटिंग एरिया में एयर कंडीशनिंग नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को तुरंत व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। बिरला ने अस्पताल की इमरजेंसी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में मरीजों को बेहतर इलाज मिले, इसके लिए इमरजेंसी विभाग में न्यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी सेवाओं को भी जोड़ा जाए। इमरजेंसी में केवल मेडिसिन, सर्जरी और ऑर्थो सेवाएं उपलब्ध हैं। बिरला ने नगर निगम को अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। वहीं, केडीए अधिकारियों को परिसर में अनुपयोगी स्थानों के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया ताकि उनका सही उपयोग हो सके। उन्होंने नए आईपीडी ब्लॉक को लेकर भी चिकित्सा मंत्री से वार्ता कर जल्द ही स्टाफ की कमी का समाधान करने की बात कही।

स्पीकर बिरला ने अधिकारियों को पुराने वार्डों और कॉरिडोर के रिनोवेशन, सेंट्रल लैब के विस्तार और अन्य जरूरी सुधारों के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि एमबीएस अस्पताल परिसर बड़ा है, इसलिए ओपीडी काउंटर पर ही मरीजों को संबंधित विभाग के बारे में उचित मार्गदर्शन मिलना चाहिए। इससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने स्ट्रेचर के लिए एक निर्धारित स्थान तय करने और आपातकालीन स्थिति में तुरंत व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**एमआरआई मशीन का बनाएं प्रस्ताव**

बिरला ने एमबीएस अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि अस्पताल में एमआरआई मशीन लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि फिलहाल एमआरआई के लिए मेडिकल कॉलेज पर भार है। यदि, एमबीएस अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी तो मरीजों को राहत मिलेगी और उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा।

**सुपोषित मां अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ आज**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर कोटा-बूंदी में गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से संचालित सुपोषित मां अभियान के तीसरे चरण का शुक्रवार को शुभारम्भ होगा। दोपहर 12 बजे छप्पन भोग परिसर से स्पीकर बिरला व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी इस पहल की शुरुआत करेगी।

इस अभियान के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कोटा-बून्दी संसदीय क्षेत्र में अभावग्रस्त परिवारों की 1500 गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है, जिन्हें कार्यक्रम में पोषण किट उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके साथ ही, उन्हें प्रसव तक प्रतिमाह पोषण किट, चिकित्सकीय परामर्श, निशुल्क दवाइयां और नियमित वैक्सिनेशन की सुविधा भी दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर नवीन पंजीकरण भी किए जाएंगे। गर्भावस्था में महिलाओं को आवश्यक पोषण और संतुलित आहार मिले, इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टर्स व न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह पर गर्भवती महिलाओं के लिए 12.5 किग्रा की पोषण किट तैयार की गई है।

# अजमेर शरीफ दरगाह में पीएम मोदी की चादर पेश

## > किरेन रिजिजू ने अदा की परंपरागत रस्म



अजमेर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजी गई चादर पेश की। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा और ख्वाजा साहब से देश में शांति, समृद्धि और एकता के लिए दुआ मांगी। अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद के अध्यक्ष सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने प्रधानमंत्री मोदी के इस कदम का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा, यह एक पुरानी परंपरा रही है। 1947 में जब से देश आजाद हुआ है, तब से जो भी भारत का प्रधानमंत्री होता है वह सालाना उर्स के मौके पर चादर भेजता है। यह परंपरा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद बनाए रखी है। यह हिंदुस्तान की संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा है, जिसमें हर धर्म, हर संप्रदाय और हर सूफी संत का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों से इस परंपरा को न केवल जारी रखा है, बल्कि इसे पूरी श्रद्धा और अकीदत के साथ निभाया है। वे हर साल चादर भेजते हैं और इस परंपरा को पूरी गरिमा के साथ निभाते हैं।

यह एक सकारात्मक संदेश है और उन लोगों के लिए जवाब है, जो कुछ महीनों से मंदिर-मस्जिद के विवाद को हवा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान' का सिद्धांत इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। यह एक सकारात्मक संदेश है और मैं हमेशा इसका समर्थन करता रहूंगा। जब चादर आएगी, तो हम उसकी मेजबानी के लिए तैयार रहेंगे। यह उन लोगों को जवाब है, जो देश को तोड़ने की बात कर रहे हैं और मजहब के नाम पर विवाद खड़ा कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने दिलाया भरोसा, शेखावाटी के विकास में नहीं होगी कमी - स्वामी सुमेधानंद सरस्वती



जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व लोकसभा सांसद और भाजपा नेता स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने सीकर में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के नेताओं द्वारा राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों का करारा जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा बनाए गए नए जिलों की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया। उस समिति द्वारा जिलों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के बाद दिए गए सुझावों के आधार पर ही राज्य सरकार ने उचित निर्णय लिया है। सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजनैतिक लाभ लेने के लिए आनन-फानन में नए जिलों की घोषणा की। उन्होंने इस संदर्भ में रामलुभाया समिति की रिपोर्ट का ठीक प्रकार से अध्ययन तक नहीं किया। पूर्व सांसद ने कहा कि आज शेखावाटी की चिंता करने वाले कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तब कहां गए थे जब यमुना जल बंटवारे का मुद्दा वर्षों से लंबित चल रहा था और यहां की जनता प्यासी मर रही थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन तथा भारतीय जनता पार्टी ने ही पहल करते हुए यमुना जल समझौता और कुंभाराम लिफ्ट कैनाल जैसे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए कार्य किया। सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि शेखावाटी के बेटे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी भाजपा के शासन में ही इस उच्च संवैधानिक पद पर पहुंचे जबकि शेखावाटी की आन-बान-शान की बात करने वाले कांग्रेस और कम्युनिस्ट नेताओं द्वारा राज्यसभा में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, तब कांग्रेसी नेता एवं तीनों सांसद मौन रहे। क्या तब उनको शेखावाटी का अपमान नजर नहीं आया।

## फॉर्म भरवाने निकली युवती लापता : 3 दिन से घर नहीं लौटी

सीकर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। जिले में 23 साल की युवती की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। युवती 3 दिन पहले फॉर्म भरवाने के लिए गई थी। जो अब तक वापस नहीं लौटी है। फिलहाल अब पुलिस जांच में जुटी है। युवती के मामा ने पुलिस में रिपोर्ट दी है कि उनकी भांजी बचपन से ही ननिहाल में रह रही है। जो 31 दिसंबर की सुबह 9 बजे के फॉर्म भरवाने की बात कहकर ननिहाल से निकली थी। जो अब तक वापस नहीं लौटी है। परिवार के लोगों ने अपने स्तर पर भी काफी तलाश की लेकिन युवती का कुछ भी पता नहीं चल पाया। जिले में 27 साल की शादीशुदा महिला की गुमशुदगी का भी मामला सामने आया है।

# महिला एसआई ने जीता मिसेज इंडिया ग्लैम टाइटल

## पहली बार रैंप पर उतरी थीं, ड्यूटी के साथ-साथ कैटवॉक की प्रैक्टिस की



जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर ने ब्यूटी पेजेंट में मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 का अवॉर्ड जीतकर सभी को चौंका दिया है। जयपुर में हुए इस कॉम्पिटिशन में देशभर से पार्टिसिपेंट शामिल हुए थे। दरअसल, दिल्ली हाईवे के एक रिजॉर्ट में मिस एंड मिसेज इंडिया सीजन-6 का आयोजन किया गया था। इसमें वैशाली नगर थाने में पोस्टेड सब-इंस्पेक्टर हेमलता शर्मा भी रैंप पर उतरीं। उनकी जीत पर सीनियर अधिकारियों ने कहा कि हेमलता की जीत सभी के लिए गर्व की बात है।

**पहली बार उतरी थी रैंप पर, ड्यूटी के दौरान आयोजकों से मिली थी**

हेमलता शर्मा ने बताया कि इवेंट से पहले इस पेजेंट के आयोजक उनसे मिले थे। हालांकि, उन्होंने इस कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने से मना कर दिया था। क्योंकि वो पहले कभी ऐसे इवेंट में शामिल नहीं हुई थीं। तब उन्हें बताया गया कि इस इवेंट में मिस और मिसेज दो कैटेगिरी हैं और कॉन्सेप्ट एकदम साफ-सुथरा है। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि इस ऑफर के बाद उन्होंने अपने परिवार से भी बात की। जब सभी ने उन्हें इवेंट में शामिल होने के लिए सपोर्ट दिया तो उन्होंने तैयारी शुरू कर दी। इसके लिए उन्होंने एक्सपर्ट से भी मदद ली। रैंप पर प्रैक्टिस के दौरान वे कुछ नर्वस हुई थीं, लेकिन लगातार कोशिश के बाद उनमें काफी विश्वास आ गया था।

**मंच पर पहनाया क्राउन, अधिकारी बोले- ये हमारे लिए गर्व की बात**

मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 के फाइनल में 15 पार्टिसिपेट थे। हेमलता को फाइनल जीतने पर आयोजक पवन टांक, अनंता के चेयरमैन रविंद्र प्रताप सिंह, एसकेजे ज्वेलर्स के डायरेक्टर संजय जोशी, मंदाकिनी साड़ीज के डायरेक्टर प्रशांत पोद्दार ने उन्हें क्राउन भी पहनाया। राजस्थान पुलिस डिपार्टमेंट में हेमलता शर्मा की इस बड़ी उपलब्धि हासिल करने की खासी चर्चा है। पुलिस अधिकारियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी जा रही हैं । इस मौके पर वैशाली नगर क्षेत्र के एसीपी आलोक कुमार गौतम ने कहा कि हमारी पूरी पुलिस फोर्स के लिए गर्व का पल है। हेमलता ने इस खिताब को जीतकर साबित किया है कि बेटियों को बस मौका मिलने की देरी है। वह अपने आप को किसी भी मंच पर साबित कर सकती हैं। मेरे सर्किल पुलिस थाने की होनहार हमारी बेटी का यह देशव्यापी सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है ।

## पुलिसकर्मी के बेटे ने नगर-कीर्तन में घुसाई थार

**लोगों को टक्कर मारने के बाद भी नहीं रुका; भीड़ ने गाड़ी पर हमला किया**

जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर में सिख समाज के नगर कीर्तन में एक थार गाड़ी घुस गई। हादसे में एक महिला और एक बच्ची सहित 4 लोग घायल हो गए। गुस्साई भीड़ ने थार पर हमला कर तोड़फोड़ कर दी। आरोपी ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है आरोपी नाबालिग है पुलिसकर्मी का बेटा है। गाड़ी पर विधायक का स्टीकर भी लगा है। जानकारी के अनुसार इस थार के पहले भी ओवरस्पीडिंग के 6 चालान कट चुके हैं। घटना गुरुवार रात करीब 8.30 बजे आदर्श नगर थाना इलाके के राजापार्क एरिया की है। पुलिस के अनुसार राजापार्क में पंचवटी सर्किल के पास नगर कीर्तन निकल रहा था।

# सरकार ने जिले-संभाग खत्म किए

**विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस, अब जयपुर तक होंगे बड़े आंदोलन**

जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। आने वाले कुछ महीने राजस्थान में सियासी पारा चरम पर होगा। जिले खत्म करने के सरकार के फैसले के विरोध में कांग्रेस सड़क पर उतर गई है। सीकर से गुरुवार को इसकी शुरुआत हो चुकी है। यह विरोध सदन तक भी गूंजेगा।

कांग्रेस प्रदेश भर में बड़े आंदोलन की तैयारी कर चुकी है। जल्द ही सरकार विधानसभा का बजट सत्र भी बुलाएगी। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सदन में जबरदस्त विरोध दर्ज करवाना चाहती है। इस लिहाज से यह बजट सत्र भी सरकार के लिए आसान नहीं होगा।

**संघर्ष समितियों का होगा गठन**

पहले कांग्रेस खत्म करने वाले जिलों और संभाग मुख्यालयों पर बैठकों का आय़ोजन करके आंदोलन की रूपरेखा बनाएगी। फिर संघर्ष समितियों का गठन होगा। आखिर में राजधानी जयपुर में बड़ा प्रदर्शन होगा। विधानसभा में भी कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर जमकर विरोध करेगी।

## भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत

**ब्रेक फेल होने के कारण ट्रेलर ने टैंपो को मारी टक्कर, ड्राइवर भागा**

उदयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। उदयपुर में भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे एनएच-27 पर गोगुंदा-पिंडवाड़ा के पास दोपहर करीब साढ़े 12 बजे यह हादसा हुआ है। इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया था, इस कारण वह टैंपो से जाकर भिड़ गया। 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोगों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से भाग गया।

## टाइगर फॉर्महाउस के किचन से पकड़ा गया

अलवर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। तीन दिन में पांच लोगों पर हमला कर चुका युवा और भारी-भरकम टाइगर आखिरकार ट्रैंकुलाइज कर लिया गया। सरिस्का टाइगर रिजर्व से निकला टाइगर एसटी-2402 एक गांव में बने फॉर्म हाउस के किचन में बैठा हुआ था। खास बात यह है कि उस किचन के बगल के कमरे में ही एक कर्मचारी दरवाजा खुला रखकर सोया हुआ था, जब टाइगर ने दहाड़ा तब उसे पता चला।

देर रात वनकर्मियों को अलवर जिले के रैणी में चिल्कीबास रोड स्थित एक फॉर्म हाउस के किचन में होने की जानकारी दी गई। सुबह 6 बजे टीम मौके पर पहुंची और करीब 3 घंटे बाद टाइगर को ट्रैंकुलाइज कर लिया गया। टाइगर 1 जनवरी(बुधवार) को सरिस्का से दौसा जिले के महुखुर्द गांव में घुस गया था।

## प्रभारी राधामोहन बोले-जिलों के निर्णय से बैरवा सबसे ज्यादा खुश

**अधिकारियों को लेकर कहा-जिसके हाथ में चाबुक वो घोड़ा चलाएगा; जो काम करेगा वहीं रहेगा**

जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल संगठन चुनाव की प्रक्रिया को लेकर जयपुर दौरे पर है। बातचीत में उन्होंने गहलोत सरकार पर पलटवार किए। भजनलाल सरकार के 9 जिले और 3 संभाग खत्म करने के निर्णय पर अशोक गहलोत की टिप्पणी पर बीजेपी प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने पलटवार किया है। वे बोले- गहलोत को लगता है कि राजनीति में हर व्यक्ति इसी तरह सोचता हैं। चूंकि उनकी वही मानसिकता है, इसलिए उन्हें लगता है कि ऐसा ही काम किया जा रहा है।

कभी प्रेमचंद बैरवा जी से भी तो पूछिए, बैरवा जी तो दूदू के ही रहने वाले हैं। लेकिन आज वो इस निर्णय से सबसे अधिक खुश हैं। बीजेपी प्रभारी ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर कहा कि जो काम करेगा वो ही रहेगा। दरअसल, जिले खत्म करने का निर्णय होने पर गहलोत ने सीएम भजनलाल पर तंज कसते हुए कहा था कि भजनलाल ने उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के जिले दूदू को खत्म कर दिया। लेकिन अपने क्षेत्र में आने वाले डीग जिले को बनाए रखा। जबकि भरतपुर से डीग की दूरी मात्र 38 किलोमीटर हैं।

## युवती के किडनैप की कोशिश

अजमेर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। अजमेर में एक युवती के किडनैप की कोशिश का मामला सामने आया है। बदमाशों ने कार से पीड़िता का पीछा किया गया और गाड़ी पर पत्थर भी फेंके गए। पीड़िता ने जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाते हुए क्रिश्चियन गंज थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार 31 वर्षीय पीड़िता ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया है।

## कोहरे के कारण ट्रक में घुसी कार, एक की मौत

जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में कोहरे के कारण शुक्रवार (3 जनवरी) को भीलवाड़ा और धौलपुर में 4 बड़े एक्सीडेंट हुए। धौलपुर में एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इन हादसों में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार सुबह भी कोटा, दौसा, धौलपुर, श्रीगंगानगर, भरतपुर, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कोटा में धुंध के कारण 9 से ज्यादा ट्रेनें भी लेट हुईं। जयपुर में आज सुबह कोहरा नहीं रहा, लेकिन यहां से उड़ान भरने वाली 3 फ्लाइट लेट हुईं।

# घने कोहरे के कारण भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर हादसा

## *एक दूसरे से टकराए दर्जनभर वाहन; लगा लंबा जाम*

भीलवाड़ा, 3 जनवरी (एजेंसियां)। भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे 79 पर कोठारी नदी की पुलिया पर घने कोहरे के कारण एक के बाद एक दर्जनभर वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक यात्री बस भी शामिल है। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। राहत कार्य और ट्रैफिक सुचारू करने के लिए मांडल थाना प्रभारी संजय गुर्जर के साथ आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। दअरसल, शुक्रवार सुबह मंडल क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई। कोठारी नदी की पुलिया पर पहले दो वाहन आपस में टकराए। इसके बाद पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी एक-एक करके भिड़ गए। वाहनों की धीमी गति होने के कारण किसी को गंभीर चोटें नहीं आईं। हालांकि, वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। दुर्घटना में एक व्यक्ति ट्रक के केबिन में फंस गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसे बाहरनिकालकर अस्पताल पहुंचाया।


कई वाहनों के आपस में टकराने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्री और चालक परेशान नजर आए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को सुचारू करने के प्रयास शुरू किए। मांडल थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया कि जाम हटाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, घने कोहरे के कारण दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

# पाकिस्तान से अब 6 नहीं 5 जिलों की लगेगी सीमा

## कोचिंग स्टूडेंट के लिए चुनौती बना रद्द हुए जिलों का भूगोल, सीमा-संस्कृति से जुड़े सवाल भी बदलेंगे

जयपुर, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के साथ अब राजस्थान के 6 नहीं 5 जिलों की ही सीमा लगेगी। पड़ोसी राज्य गुजरात से अब सांचौर नहीं जालोर जिले की सीमा लगेगी। कांतली नदी के किनारे बसी ताम्रयुगीन गणेश्वर सभ्यता अब नीमकाथाना जिले में नहीं सीकर जिले में होगी।

राजस्थान में सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले लाखों कोचिंग छात्रों को अब ये सवाल कुछ इस तरीके से रटने पड़ेंगे। क्योंकि 9 जिले और 3 संभाग को रद्द करने के साथ ही राजस्थान का भूगोल भी बदल गया है। आगामी सालों में राज्य सरकार ने कई विभागों में एक लाख से ज्यादा नौकरियों की घोषणा कर रखी है। इनमें से कुछ भर्तियों के एग्जाम तो 15-30 दिन के अंतराल बाद ही हैं। भूगोल में बदलाव का सबसे बड़ा असर कोचिंग छात्रों पर पड़ रहा है। जनवरी-फरवरी में होने वाली भर्ती परीक्षाओं के सवालों को लेकर कंफ्यूजन है। उनमें राजस्थान में 41 जिलों के हिसाब से प्रश्न पूछे जाएंगे या 50 या फिर पुराने 33 के हिसाब से। इस मुद्दे पर कोचिंग छात्रों से मिलकर उनकी समस्या और उनके सवाल जाने। फिर राजस्थान में भर्तियां आयोजित करने वाले बोर्ड के अधिकारियों से सवाल-जवाब किए। अनूपगढ़ जिले को खत्म करने के बाद अब प्रदेश के पांच जिले पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगेंगे। प्रतियोगी पेपर में भी सवाल इसी तरीके के आते हैं कि राजस्थान के कितने जिलों की सीमा अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगी हुई है? या फिर उनकी दूरी कितनी है? फर्स्ट ग्रेड शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे नरेंद्र ने बताया कि जिलों में बदलाव से केवल भूगोल नहीं बदला है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।



# महाप्रबंधक की समग्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शील्ड सिकंदराबाद और विजयवाड़ा डिवीजनों को मिली



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक की समग्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दक्षता शील्ड सिकंदराबाद और विजयवाड़ा डिवीजनों को संयुक्त रूप से प्रदान की गई। महाप्रबंधक की समग्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शील्ड सिकंदराबाद और विजयवाड़ा डिवीजनों को अरुण कुमार जैन द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई। शील्ड को भारतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद डिवीजन और ए नरेंद्र पाटिल, मंडल रेल प्रबंधक, विजयवाड़ा डिवीजन ने प्राप्त किया। महाप्रबंधक ने जोन के विभिन्न डिवीजनों और वर्कशॉप को अन्य 35 जोनल स्तरीय दक्षता शील्ड भी प्रदान कीं। सिकंदराबाद डिवीजन: वाणिज्यिक शील्ड प्राप्त की सर्वश्रेष्ठ ट्रैक शील्ड (गुंटकल डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सिविल इंजीनियरिंग शील्ड (विजयवाड़ा डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); वर्क्स शील्ड (नांदेड़ डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); मैकेनिकल शील्ड (हैदराबाद डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सर्वश्रेष्ठ लोडिंग प्रयास शील्ड (विजयवाड़ा डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); शिकायत निवारण मशीनरी; एचआरडी (कार्मिक) शील्ड (गुंटूर डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सुरक्षा शील्ड; सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाली एमआरवी शील्ड; स्टोर डिपो शील्ड और इनोवेशन शील्ड मिली। इसी क्रम में हैदराबाद डिवीजन: सफाई (स्टेशन) के लिए महाप्रबंधक की शील्ड प्राप्त की; विद्युत सामान्य सेवा शील्ड (विजयवाड़ा डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); लेवल क्रॉसिंग के उन्मूलन के लिए सर्वश्रेष्ठ डिवीजन; मैकेनिकल शील्ड (सिकंदराबाद डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सर्वश्रेष्ठ डिवीजन के लिए सिग्नल और दूरसंचार शील्ड और रेल मदद शील्ड प्राप्त किया। विजयवाड़ा डिवीजन: वित्त (लेखा) शील्ड प्राप्त पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग शील्ड; सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाली लंबी दूरी की ट्रेनें (ट्रेन संख्या 17211/17212 कोंडावीडु एक्सप्रेस); यांत्रिक कार्यशाला – रायनपाडु कार्यशाला; चिकित्सा शील्ड; सर्वश्रेष्ठ लोडिंग प्रयास शील्ड (एससी डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); संचालन शील्ड; हिंदी (राजभाषा) शील्ड और सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाली एआरटी (दुर्घटना राहत ट्रेन) को मिला।गुंटकल डिवीजन: ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन शील्ड प्राप्त की; ट्रैक मशीनों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग (गुंटूर डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सर्वश्रेष्ठ ट्रैक शील्ड (एससी डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सुरक्षा शील्ड और स्क्रैप निपटान शील्ड प्रदान की गई। गुंटूर डिवीजन: सर्वेक्षण और निर्माण शील्ड (एससी डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); संचालन और रनिंग रूम शील्ड (नांदेड़ डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); ट्रैक मशीनों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग (जीटीएल डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से) और एचआरडी (कार्मिक) शील्ड (एससी डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से) प्राप्त की। नांदेड़ डिवीजन: संचालन एवं रनिंग रूम शील्ड (जीएनटी डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से) और वर्क्स शील्ड (एससी डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से) प्राप्त की। सर्वेक्षण एवं निर्माण शील्ड – डिप्टी सीई/निर्माण/काजीपेट और डिप्टी सीई/निर्माण – II/गुंटूर सर्वश्रेष्ठ डीजल/इलेक्ट्रिक लोको शेड: इलेक्ट्रिक लोको शेड/काजीपेट सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित डीईएमयू/एमईएमयू/ईएमयू शेड: डीजल लोको शेड/मौला-अली, सर्वश्रेष्ठ स्टोर डिपो शील्ड -एम एंड ई, लालगुडा और इलेक्ट्रिक लोको शेड, काजीपेट को मिला। 69वें रेलवे सप्ताह समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवा के सम्मान में 75 व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गया।

## कोरल के अवैध कब्जे और व्यापार के लिए 2 गिरफ्तार

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 30 दिसंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में मृत काले मूंगे और मृत नरम मूंगे के अवैध कब्जे और व्यापार में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने उनसे लगभग 9.812 किलोग्राम मृत काले मूंगे (वैज्ञानिक नाम: एंटीपाथरिया, स्थानीय नाम: इंद्रजाल), 0.286 किलोग्राम मृत नरम मूंगे (वैज्ञानिक नाम: एल्सीओनेसिया, स्थानीय नाम: महेंद्रजाल) और छह समलम्ब आकार के अश्व शंख (वैज्ञानिक नाम: प्लरोप्लोका समलम्ब आकार के शंख) जब्त किए। अधिकारियों के अनुसार, यह पता चला कि वन्यजीव सामग्री का आपूर्तिकर्ता आंध्र प्रदेश के तटीय शहर ओंगोल का रहने वाला था। त्वरित कार्रवाई में, डीआरआई हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई की विजयवाड़ा क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों की एक टीम ने आपूर्तिकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया।

# 'अपनी सेना को जानें' मेले को मिली जबरदस्त सफलता



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को एक अनोखे अवसर में, भारतीय सेना के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए उच्च स्तरीय तोपों, संचार प्रणालियों, परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध सूटों को देखने का मौका मिला। यह रोमांचक अनुभव तीन दिवसीय 'अपनी सेना को जानो' मेले का हिस्सा था, जिसका उद्घाटन राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मेजर जनरल अजय मिश्रा, जीओसी, टीएएसए और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को ऐतिहासिक गोलकोंडा किले में किया।

सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक और रविवार, 5 जनवरी तक आयोजित होने वाले 'अपनी सेना को जानें' मेले का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम सशस्त्र बलों और जनता के बीच एक सेतु का काम भी करता है, जो भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और समावेशिता को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में अत्याधुनिक सैन्य उपकरण, परिचालन क्षमता और स्वदेशी नवाचारों को प्रदर्शित किया जाता है।

तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र मुख्यालय (मुख्यालय टीएएसए) के तत्वावधान में आयोजित और आर्टिलरी सेंटर, हैदराबाद द्वारा समन्वित इस कार्यक्रम में पंजाब रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा गतका सहित लाइव प्रदर्शन भी दिखाए जाएंगे। आर्टिलरी सेंटर के सैनिकों ने निहत्थे युद्ध मार्शल आर्ट का भी प्रदर्शन किया, जो उनके अनुशासन और कौशल को दर्शाता है। 'अपनी सेना को जानें' मेले के दौरान आगंतुकों के लिए अन्य आकर्षणों में सिम्फनी और पाइप बैंड, इंटरैक्टिव जोन, भर्ती बूथ, तोपखाने के उपकरणों और सैनिक वर्दी के साथ फोटो खिंचवाने के अवसर, सेना की वर्दी और वीरता पुरस्कारों की प्रदर्शनी शामिल हैं।

# आरआरआर के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाएं : सीएम



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां सचिवालय में क्षेत्रीय रिंग रोड, आरएंडबी और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान, अधिकारियों को संक्रांति त्योहार तक नागपुर-विजयवाड़ा गलियारे से संबंधित अधूरी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कदम उठाने का भी आदेश दिया गया।

रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों से वन विभाग के तहत मुद्दों को तुरंत हल करने के लिए भी कहा और सुझाव दिया कि वन विभाग और आरएंडबी विभागों को समन्वय में आगे बढ़ना चाहिए और इस उद्देश्य के लिए दोनों विभागों में से प्रत्येक से एक अधिकारी को विशेष रूप से नियुक्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे आदेश दिया कि दोनों विभागों के बीच एक बैठक आयोजित की जानी चाहिए और संबंधित विभागों के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि तेलंगाना के हर गाँव में मंडल मुख्यालय तक एक बीटी सड़क हो, मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि सड़क को इस तरह से डिज़ाइन किया जाना चाहिए कि इसकी चौड़ाई भविष्य की ज़रूरतों के अनुरूप हो। "अधिकारियों को किश्तों में धनराशि जारी करनी चाहिए। ऐसा नहीं कहा जाता है कि भविष्य में किसी भी गाँव में सड़क नहीं होगी।

## तेज रफ्तार कार और ऑटो में टक्कर

### 3 महिलाओं की मौत, कई घायल

मेदक, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को नरसापुर के पास एक कार ने दो ऑटो को टक्कर मार दी, जिसमें 3 महिलाओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गईं। घायलों में डूडी ऐश्वर्या, पापागरी मनीषा और एक अन्य महिला शामिल हैं।

नरसापुर-हैदराबाद रोड पर मेडलम्मा मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने विपरीत दिशा से आ रहे दो ऑटो को टक्कर मार दी। दोनों की तत्काल मौत हो गई। घायलों को नरसापुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

मंचेरियाल, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चुन्नमबट्टीवाड़ा में शुक्रवार को एक ऑटोरिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई जब उसका तिपहिया वाहन टीजीएसआरटीसी बस से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि नासपुर मंडल के सीसीसी (कोल केमिकल कॉम्प्लेक्स) इलाके के एमडी गौसुद्दीन (59) उस समय गंभीर रूप से घायल हो गए जब ऑटो-रिक्शा ने सड़क पर खड़ी बस को टक्कर मार दी। उन्हें तुरंत सरकारी सामान्य अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर के भाई जाकिर हुसैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज कर लिया गया। जांच शुरू कर दी गई।

## राजैया ने कडियम श्रीहरि की आलोचना की

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व उपमुख्यमंत्री और बीआरएस पार्टी के नेता टाटीकोंडा राजैया ने स्टेशन घनपुर के विधायक कडियम श्रीहरि पर निशाना साधा और उन्हें चेतावनी दी कि अगर उन्होंने अपना रवैया नहीं बदला तो बीआरएस कार्यकर्ता उन्हें सड़कों पर घूमने नहीं देंगे। गुरुवार को कडियम श्रीहरि ने केसीआर परिवार की आलोचना की।

शुक्रवार क्रवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राजैया ने कडियम श्रीहरि के खिलाफ केसीआर के परिवार के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि श्रीहरि की संस्कृति उन लोगों को धोखा देने की है, जो उन पर विश्वास करते हैं। केसीआर, केटीआर, हरीश राव और कविता के खिलाफ उनकी टिप्पणियां शर्मनाक हैं। वह 10 साल से परिवार के अंदरूनी सदस्य हैं। वह कांग्रेस पार्टी में मरे हुए सांप की तरह पड़े हुए हैं। उन्हें केसीआर के परिवार के बारे में सावधानी से बोलना चाहिए, अन्यथा, उन्हें बीआरएस कार्यकर्ताओं द्वारा सड़कों पर घूमने नहीं दिया जाएगा," राजैया ने चेतावनी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीहरि विश्वासघात के प्रतीक हैं और कहा कि कांग्रेस के नेता भी उन्हें अपने करीब नहीं आने दे रहे हैं। उन्होंने श्रीहरि से पूछा कि 1994 से पहले और अब उनकी संपत्ति के बारे में बताएं?

## आईटी हब के लिए भूमि अधिग्रहण में विवाद

### अपने हिसाब से तय किया जा रहा मुआवजा

मंचेरियाल, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हाजीपुर मंडल के वेमपल्ली, मुलकल्ला और पोचमपहाड़ गांवों में प्रस्तावित औद्योगिक और आईटी हब के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया विवादों में घिर गई है। आरोप हैं कि यह प्रक्रिया बिना किसी अधिसूचना के शुरू कर दी गई है, जिसमें कुछ कांग्रेसी नेता और अधिकारी अपने हिसाब से मुआवजा तय कर रहे हैं और किसानों पर जमीन उन्हें सौंपने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

अधिकारियों ने अनुमान लगाया था कि 3 गांवों में हब बनाने के लिए 276 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। अधिकारियों ने कथित तौर पर प्रति एकड़ 13.50 लाख रुपये का मुआवजा तय किया था। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया कथित तौर पर औपचारिक अधिसूचना प्रकाशित किए बिना ही शुरू हो गई थी। कांग्रेस के कुछ नेता किसानों को इस सुविधा के लिए ज़मीन देने के लिए मजबूर करने के लिए आलोचना का शिकार हो रहे हैं।

किसानों के एक समूह ने कलेक्टर कुमार दीपक को एक आवेदन देकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता किसानों पर दबाव बना रहे हैं कि वे सरकार को हब के लिए उनकी जमीनें अधिग्रहित करने दें। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता किसानों से जमीन देने की इच्छा जताने के लिए उनके हस्ताक्षर जुटा रहे हैं।

किसानों ने कलेक्टर से राजस्व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया, जिन्होंने हब के लिए भूमि अधिग्रहण के हिस्से के रूप में एक समारोह हॉल में नेताओं द्वारा आयोजित एक अनौपचारिक बैठक में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस नेताओं द्वारा सुझाए गए कम दामों पर भूमि अधिग्रहित की गई तो उन्हें नुकसान होगा क्योंकि परिसंपत्तियों की कीमत लगभग 50 लाख रुपये प्रति एकड़ है। उन्होंने घोषणा की कि वे शीघ्र ही एक कार्य योजना तैयार करेंगे। किसानों ने बताया कि कुमार दीपक ने उन्हें न्याय दिलाने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर ने भूमि अधिग्रहण से पहले जल्द ही उनके साथ बैठक बुलाने का वादा किया है और मुआवजे के बारे में सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस बीच, किसान डोमाटी अर्जुन ने कुछ सप्ताह पहले सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत राजस्व अधिकारियों के समक्ष हब के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे बताएं कि यह सुविधा निजी होगी या सरकारी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक आंकड़े नहीं दिए हैं।

# संक्रांति पर होगी मुर्गों की लड़ाई

## जिले में 100 से ज़्यादा गेमकॉक ब्रीडिंग फ़ार्म

कोत्तागुडेम, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की सीमा पर स्थित कोत्तागुडेम और खम्मम जिलों के गांवों में मुर्गों की लड़ाई के आयोजकों के लिए संक्रांति का त्योहार जल्दी आ गया है, क्योंकि त्यौहार के मौसम के लिए मुर्गों को तैयार किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती गांवों के संभावित खरीदारों के साथ गांवों में मुर्गा फार्म व्यस्त हो गए हैं, जो जिले के असवाराओपेट, अल्लीगुडेम, गंगाराम, पांडुवारीगुडेम, मंडलपल्ली, भद्राचलम, दम्मापेट, असवाराओपेट, सथुपल्ली और मुलकलापल्ली के फार्मों का दौरा कर रहे हैं।

जिले में 100 से ज़्यादा गेमकॉक ब्रीडिंग फ़ार्म हैं। वे ज़्यादातर कृषि क्षेत्रों के पास या तेल ताड़ के खेतों में स्थापित किए गए हैं, जहाँ बड़े खुले क्षेत्र उपलब्ध हैं। दम्मापेट के पक्षी प्रजनक सत्यनारायण ने कहा कि सीजन शुरू होने से पहले ही, अधिकांश गेमकॉक बिक जाते हैं। खरीदने से पहले, खरीदार यह सुनिश्चित करने के लिए वीडियो कॉल करते हैं कि पक्षी स्वस्थ हैं और संक्रांति त्यौहार की लड़ाई के मौसम के लिए अच्छी स्थिति में हैं।



**मुर्गों के लिए विशेष मेनू**

पक्षियों को विशेष प्रोटीन युक्त आहार खिलाया जाता है जिसमें उबले अंडे, बादाम, काजू और बाजरा शामिल हैं। सहनशक्ति बढ़ाने के लिए अश्वगंधा पाउडर मिलाया जाता है जबकि बेहतर स्वास्थ्य के लिए बी-कॉम्प्लेक्स की गोलियां पानी में मिलाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य स्थिति बनाए रखने के लिए लड़ाकू मुर्गों को साप्ताहिक तैराकी और गर्म पानी से नहलाया जाता है। मुर्गों की कीमत 20,000 रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक होती है। मुर्गों की लड़ाई के लिए आमतौर पर डेढ़ साल से दो साल की उम्र के मुर्गों का इस्तेमाल किया जाता है। मुर्गों को पक्षी के रंग के आधार पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है जैसे नेमाली (बहुरंगी), काकी (काला), डेगा (लाल) और कोडी (सफेद)। उन्होंने बताया कि रसंगी, अबरासी और परला जैसी उप श्रेणियां भी हैं।

## तापमान में गिरावट के कारण ठंड जारी

कुमराम भीम असिफाबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुमराम भीम असिफाबाद और आदिलाबाद दोनों जिलों में न्यूनतम तापमान शुक्रवार को दूसरे दिन भी गिरता रहा। तेलंगाना राज्य विकास सोसाइटी की वेबसाइट पर प्रकाशित मौसम रिपोर्ट के अनुसार, तिरयानी और सिरपुर (यू) मंडल केंद्र के गिन्नधारी गांव में तेलंगाना में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केरामेरी मंडल में न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वानकीडी, कागजनगर, रेबेना, चिंतलामनेपल्ली, सिरपुर (टी), दहेगांव, बेज्जुर और आसिफाबाद मंडलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और 12.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। इस बीच, बेला मंडल मुख्यालय का तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। भीमपुर मंडल के अरली (टी) गांव में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज किया गया। जैनाद, मावला, तलमदागु, बोथ, नेराडीगोंडा, आदिलाबाद ग्रामीण, तमासी, तलमदुगु, गादिगुडा मंडल में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। ठंड के कारण सभी वर्ग के लोगों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को स्वेटर और अलाव के सहारे खुद को गर्म रखना पड़ा।

## केबल ब्रिज उपेक्षा का शिकार



करीमनगर, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर केबल-स्टेड ब्रिज रखरखाव के अभाव में अपनी खूबसूरती खो चुका है। पुल के कई हिस्से गंदे हो गए हैं और न तो सरकारी विभाग और न ही निर्माण कंपनी ने रखरखाव की जिम्मेदारी ली है। क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे वैसे ही पड़े हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए कोई तैयार नहीं है। स्थिति का फायदा उठाते हुए शराबियों ने पुल और उसके आसपास के इलाके को शराब का अड्डा बना दिया है।

इन सभी उपायों के अभाव में, पूरे केबल ब्रिज का मुख्य आकर्षण रहा डायनेमिक लाइटिंग सिस्टम भी बंद हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को निराशा हो रही है। 8 करोड़ रुपये की लागत से लगाया गया लाइटिंग सिस्टम और दो बड़ी स्क्रीनें काम नहीं कर रही हैं। मनैर नदी क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए करीमनगर शहर के बाहरी इलाके में मनैर नदी पर केबल ब्रिज का निर्माण किया गया। 500 मीटर लंबे इस केबल ब्रिज को बनाने में 184 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

23 जून 2023 को इस पुल का भव्य उद्घाटन किया गया और एक महीने तक हर हफ़्ते 'मस्ती' के नाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर दिन करीमनगर शहर के साथ-साथ आस-पास के गांवों और कस्बों से लोग शाम को पुल पर आते थे और लाइट व्यवस्था का आनंद भी लेते थे। हालांकि जून 2024 में मुख्य पुल पर बिछाई गई सड़क बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। उस समय मरम्मत के नाम पर हटाई गई बीटी लेयर को अब तक नहीं बदला गया है। 25 आधुनिक बिजली के खंभों में से कई क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

करीमनगर नगर निगम और सड़क एवं भवन विभाग दोनों ने पुल के निर्माण से अपने हाथ खींच लिए हैं, और अब वे इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि निर्माण कंपनी या सरकार आगे आकर इसे बचाए।

## कार पुलिया से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

कुमराम भीम आसिफाबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जैनूर मंडल के जनगांव गांव में शुक्रवार सुबह एक कार के पुलिया से टकराने से एक व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। जैनूर पुलिस ने बताया कि आसिफाबाद कस्बे के मल्लुरी श्रीनिवास (42) को उस समय गंभीर चोटें आईं जब उनकी कार पुलिया से टकरा गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई और उनके दोस्तों को मामूली चोटें आईं। हादसे के समय वे महाराष्ट्र में एक मंदिर में दर्शन करके आसिफाबाद लौट रहे थे। श्रीनिवास के परिवार के एक सदस्य की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।



श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट हैदराबाद के सदस्यों ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ के. लक्ष्मण से 22 जनवरी को यल्मपेट में श्री पंच केदार मंदिर के शिलान्यास में भाग लेने की अपील की। मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन ठाकुर जयपाल सिंह नयाल सनातनी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डॉ बी.आर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में तेलंगाना जैव विविधता बोर्ड के नए कैलेंडर का अनावरण वन, पर्यावरण और देवदया मंत्री कोंडा सुरेखा ने अपने कार्यालय में किया। इस कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव अहमद नदीम, पीसीसीएफ (एचओएफएफ) आरएम डोबरियाल, तेलंगाना जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष कालीचरण और अन्य ने भाग लिया।



## जीएचएमसी आयुक्त ने राजपत्रित अधिकारी संघ के कैलेण्डर का अनावरण किया

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राजपत्रित अधिकारी संघ हैदराबाद जिला कैलेंडर का अनावरण जीएचएमसी तेलंगाना राजपत्रित अधिकारी संघ हैदराबाद जिला कैलेंडर का अनावरण जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती द्वारा किया गया। उन्होंने इस बात की सराहना की कि सरकारी कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने के लिए कर्मचारी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कमिश्नर ने सभी कर्मचारियों को और अधिक मेहनत करने और लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में टीजीओएस हैदराबाद के जिला अध्यक्ष एमबी कृष्णा यादव, सचिव एमए खादर, नरसिंह राव डॉ. कुमार डॉ. नागराज और अन्य ने भाग लिया।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## 'मेडिकल सीटें खाली ...

**तीन महीने का दिया समय**

केंद्र की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि संबंधित पक्षों की समिति गठित की जा चुकी है। उसने इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशें दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उचित होगा यदि केंद्र सभी पक्षों के साथ बैठक कर एक ठोस प्रस्ताव सामने लाए। इसके बाद, पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे। अदालत ने तीन महीने के भीतर यह कार्य पूरा करने के लिए कहा और मामले को अप्रैल में अगली सुनवाई के लिए पोस्ट किया।

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में कहा था कि मामला बहुत ही निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है क्योंकि 1,003 महत्वपूर्ण सुपर स्पेशियलिटी सीटें बेकार जा रही हैं क्योंकि इन सीटों के लिए कोई प्रवेश नहीं हो सकता। अदालत ने कहा था, 'एक तरफ जहां सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की हमेशा कमी रहती है, वहीं दूसरी ओर ये महत्वपूर्ण सीटें खाली रह जाती हैं।'

## पकने से पहले ...

हम यहां कोई हंगामा तो नहीं कर रहे? और फिर राजनीतिक हमले का कोण नीतीश कुमार की और मोड़ते हुए कहते हैं कि सीएम नीतीश कुमार तो गांव गांव जाकर कहते थे कि हमें वोट दो, हम तुम्हें रोजगार देंगे। लेकिन उन्होंने छात्रों पर लाठियां चलवाई।

बहरहाल, इन तमाम दलों के आंदोलन के बीच बापू सभागार में की गई परीक्षा को रद्द करने के बाद 4 जनवरी को री एग्जाम लेकर सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बावजूद एक तरफ छात्र आंदोलनरत हैं तो दूसरी ओर आपने अपने विरोध प्रदर्शन के तरीके से सरकार का ध्यान आकृष्ट करने में लगी है। इन सब से अलग थलग बीपीएससी परीक्षार्थियों का धरना प्रदर्शन भी जारी है। ये दीगर है कि नीतीश सरकार ने तमाम राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के विरुद्ध अपने फैसले पर अडिग रह कर राजनीतिक रोटी सेकने वालों की मंशा पर फिलहाल पूर्ण विराम लगा दिया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# पहले दिन का खेल खत्म, बुमराह-कोंस्टास की टक्कर से मैच हुआ रोमांचक

## भारत से 176 रन पीछे ऑस्ट्रेलिया



सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले दिन का खेल खत्म हो गया है। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। जवाब में स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एक विकेट गंवाकर नौ रन बना लिए हैं। दिन के खेल की अंतिम गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

ख्वाजा के आउट होने के साथ ही स्टंप की घोषणा कर दी गई। वह दो रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल 176 रन पीछे चल रही है। फिलहाल क्रीज पर सैम कोंस्टास सात रन बनाकर नाबाद हैं।

पहली पारी में सस्ते में आउट होने के बाद कोंस्टास और ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया पारी का आगाज किया। कोंस्टास ने एक चौका लगाकर टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश की, लेकिन बुमराह ने ख्वाजा को आउट कर भारतीय कैंप को खुश होने का मौका दिया। ऑस्ट्रेलियाई पारी के तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद के बाद बुमराह जैसी ही रन अप लेने लगे, तभी ख्वाजा ने रुकने का इशारा किया। ख्वाजा ने चाल चलते हुए खेल को धीमा करने की कोशिश की। बुमराह ने इसका विरोध किया, क्योंकि भारत ज्यादा से ज्यादा ओवर करना चाहता था। ख्वाजा के ऐसा करने से बुमराह नाखुश दिखे। इस पर नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े कोंस्टास भड़क गए और उन्होंने बुमराह से कुछ कहा। इस पर बुमराह ने भी कोंस्टास को करारा जवाब दिया और उनकी ओर बढ़े। हालांकि, अंपायर ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। इसके बाद अगली ही गेंद पर बुमराह ने ख्वाजा को कैच आउट कर दिया।

जैसे ही ख्वाजा आउट हुए। पूरी भारतीय टीम ने कोंस्टास को घेर लिया और एकसाथ चीयर किया। कोंस्टास चुप चाप वहां से चले गए। बुमराह भी विकेट लेने के बाद कोंस्टास की तरफ मुड़े लेकिन फिर चुप हो गए।

इससे पहले, भारत की पहली पारी 185 रन पर सिमट गई थी। भारतीय टीम 72.2 ओवर ही खेल सकी। टीम के लिए ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए।

इसके अलावा रवींद्र जडेजा ने 26 रन, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 रन, शुभमन गिल 20 रन, विराट कोहली 17 रन और यशस्वी जायसवाल 10 रन बना सके। इनके अलावा बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

केएल राहुल चार रन, प्रसिद्ध कृष्णा तीन रन और मोहम्मद सिराज तीन रन बना सके। नीतीश रेड्डी खाता नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने चार विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को तीन विकेट मिले। पैट कमिंस ने दो विकेट लिया, जबकि नाथन लियोन को एक विकेट मिला।

# विराट का कैच बना चर्चा का विषय, स्टीव स्मिथ ने कहा, 'कोहली आउट थे'




सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच में विराट कोहली का कैच चर्चा का विषय बन गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी स्टीव स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली कैच आउट थे। क्योंकि, उनका हाथ गेंद के नीचे था। इस बात को लेकर क्रिकेट जगत में राय बंटी हुई है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर स्कॉट बोलैंड ने यशस्वी जायसवाल को आउट किया। यह तेज गेंदबाज लगातार अपना दूसरा विकेट लेने ही वाला था, जब उनकी गेंद पर कोहली के बल्ले का बाहरी किनारा लगा और स्मिथ ने दूसरी स्लिप में अपने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच लपक लिया। हालांकि, स्मिथ ने संतुलन बिगड़ते देख गेंद को हवा में उछाल दिया जिसे गली में खड़े मार्नस लाबुशेन ने पकड़ लिया।

टीवी अंपायर जोएल विल्सन ने विभिन्न कैमरा कोणों को देखने के बाद देखा और कोहली को नॉट आउट करार दिया। लंच ब्रेक में ब्रॉडकास्टर फॉक्स स्पोर्ट्स से बात करते हुए स्मिथ इस बात पर अड़े रहे कि उन्होंने कैच को साफ-साफ पकड़ा था। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अंपायर ने फैसला सुना दिया है और अब हम आगे बढ़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ ने एबीसी स्पोर्ट पर कहा कि यह 50/50 का फैसला था, लेकिन उन्हें लगा कि कोहली आउट हो गए। क्रिकेटर के तौर पर, हम सभी को लगता है कि वह आउट है, गेंद वास्तव में कभी जमीन पर नहीं लगी। अगर मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मैं शायद वहां से निकलकर खुश हूं, लेकिन मैं (उनके) वहां रहने से भी खुश हू। फॉक्स स्पोर्ट्स पर अपनी बात रखते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी कोहली को आउट करार दिया। ₹बल्लेबाज के तौर पर आपको थोड़ी किस्मत की जरूरत होती है और मुझे लगता है कि विराट कोहली को (अपनी पहली गेंद पर) किस्मत का साथ मिला। मुझे लगता है कि वह आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया को अपना तीसरा विकेट मिल जाना चाहिए था।

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए। यह एक मुश्किल काम है, क्योंकि अगर आप इसे लाइव मोशन में देखें, तो यह बाहर की तरफ दिखता है - और स्टीव स्मिथ को स्पष्ट रूप से ऐसा लगा कि उनका भी हाथ इसके नीचे है। लेकिन आधुनिक समय में उनके पास जो नियम हैं, अगर (ऐसा लगता है) कि गेंद का कोई छोटा सा टुकड़ा जमीन पर है, तो अंपायर को यह कहना होगा कि यह आउट नहीं है।

# एक साल में 14वीं बार भारत टेस्ट में 80 ओवर से पहले हुआ ऑलआउट, न्यूजीलैंड-बांग्लादेश को पीछे छोड़ा

सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय टीम की बल्लेबाजी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर एक बार फिर नाकाम साबित हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की पहली पारी सिडनी टेस्ट में 185 रन पर ढेर हो गई। भारतीय टीम 72.2 ओवर ही खेल सकी। टीम के लिए ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। भारत ने इस मुकाबले के लिए नियमित कप्तान रोहित शर्मा को बाहर बैठाया हुआ है, लेकिन पहली पारी में इसका फायदा नजर नहीं आया।

**मैच का हाल**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले दिन का खेल खत्म हो गया है। भारत को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एक विकेट गंवाकर नौ रन बना लिए हैं। दिन के खेल की अंतिम गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को केएल राहुल के हाथों कैच कराया। ख्वाजा के आउट होने के साथ ही स्टंप की घोषणा कर दी गई। वह दो रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल 176 रन पीछे चल रही है। फिलहाल क्रीज पर सैम कोंस्टास सात रन बनाकर नाबाद हैं।

**सबसे ज्यादा बार 80 ओवर से ऑलआउट होने वाली दूसरी टीम बना भारत**

भारतीय टीम ने इसके साथ ही एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम 2024 से सबसे ज्यादा बार टेस्ट में 80 ओवर से भी कम पर ऑलआउट होने वाली दूसरी टीम बन गई है। भारत अब तक 14 बार टेस्ट में 80 ओवर भी नहीं खेल सकी है। इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड की टीम है जो 18 बार 80 ओवर नहीं खेल सकी है। भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश को पीछ छोड़ा जो 13 बार 80 ओवर से पहले ऑलआउट हुए हैं।

भारतीय टीम वर्ष 2000 से तीसरी बार सिडनी में पहली पारी में 200 रन नहीं बना सकी है। भारत इससे पहले 2000 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 150 रन बना सका था, जबकि 2012 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 191 रन ही बना सकी थी।

## 5वें टेस्ट के पहले दिन पहुंचे रिकॉर्ड 47,566 दर्शक

सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड ने शुक्रवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच के पहले दिन अब तक की सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज की, जिसमें रिकॉर्ड तोड़ 47,566 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे। चाय ब्रेक के समय सिडनी में 47,566 दर्शक मौजूद थे, जो जनवरी 1976 के बाद से क्रिकेट के लिए सिडनी में सबसे बड़ी उपस्थिति है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर पोस्ट किया, रिकॉर्ड लगातार गिरते जा रहे हैं। पहले दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के गेट से 45,000 से अधिक दर्शक आए।

# ऋषभ पंत ने सिडनी में दर्द झेलते हुए की बल्लेबाजी

## तोड़ दिया रोहित शर्मा के छक्कों का यह रिकॉर्ड



सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। सिडनी टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत ने 185 रन बनाए और भारत के लिए सबसे बड़ी पारी विकेटकीपर ऋषभ पंत ने खेली। पंत ने पहली पारी में 98 गेंदों का सामना किया और 40 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने एक छक्का और 3 चौके भी लगाए। पंत ने इस एक छक्के के दम पर रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट प्रारूप में ऐसा कमाल कर दिया। सिडनी टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान पंत को गईं गेंदें लगी और वो दर्द झेलते रहे, लेकिन पिच पर डटे रहे। पंत ने 98 गेंदें खेली और पिच पर टिकने की कोशिश की, लेकिन आखिरी में उनके संघर्ष पर विराम स्कॉट बोलैंड ने लगा दिया और वो कैच आउट हो गए। पंत ने पहले दिन के खेल के बाद कहा भी कि पहली बार मेरे करियर में मुझे इतनी चोटें लगी हैं, लेकिन कभी-कभी आपको ऐसा करना पड़ता है। आज मैंने ऐसा ही किया और ज्यादा नहीं सोचा। ये पेनफुल है, लेकिन टीम के हित के लिए ऐसा करना होता है।

**रोहित शर्मा से आगे निकले ऋषभ पंत**

सिडनी टेस्ट मैच की पहली पारी में पंत ने एक शानदार छक्का लगाया और इसके बाद वो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट प्रारूप में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। पंत ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में अब तक 11 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित शर्मा ने यहां पर अब तक कुल 10 छक्के लगाए थे। रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं हैं और अब पंत ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

# रोहित के लिए फिर से टेस्ट खेलना लंबा और कठिन होगा : पोंटिंग



सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग को लगता है कि रोहित शर्मा के लिए फिर से टेस्ट खेलना लंबा और कठिन होगा, क्योंकि नियमित भारतीय कप्तान ने शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से आराम लेने का फैसला किया है।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए तीन टेस्ट मैचों में सिर्फ 6.2 की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 10 रहा है। सिडनी में उनके न खेलने की अटकलें तब सामने आईं, जब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्हें गारंटीड स्टार्टर कहने से इनकार कर दिया। रोहित ने 2024 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करने के बाद टी20 को पहले ही अलविदा कह दिया था। "मुझे लगता है कि प्रतिक्रिया यह रही है कि वे सभी उम्मीद कर रहे थे कि ऐसा हो सकता है। पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही थी कि सभी को उम्मीद थी कि रोहित इस मैच में नहीं खेलेंगे, शुभमन गिल वापस आएंगे और (जसप्रीत) बुमराह शायद फिर से कप्तानी संभालेंगे और ऐसा ही हुआ।

पोंटिंग ने कहा, "आपको लगता होगा कि खेल के इस प्रारूप में रोहित शर्मा के लिए अब बहुत लंबा सफर तय करना बाकी है। मेरा मानना है कि भारत जून के मध्य या अंत तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेलता है, जो कि आपके करियर के अंतिम चरण में आने के लिए बहुत लंबा समय है।" उन्होंने कहा, जब मैंने इतने महत्वपूर्ण मैच में 'ऑप्ट आउट' शब्द सुना तो मैं बहुत हैरान रह गया। हम जानते हैं कि वह लंबे समय से भारतीय क्रिकेट के लिए एक महान खिलाड़ी रहे हैं।इसलिए जिस तरह से उन्होंने इसे कहा है, आप इसे केवल सतही तौर पर ही ले सकते हैं। हमें भारतीय खेमे से जो सुनने को मिल रहा है, उस पर हमें विश्वास करना होगा, लेकिन इतना बड़ा मैच होने के कारण, यह जानते हुए कि उन्हें ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए यह मैच जीतना ही होगा, उनके सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक के लिए ऑप्ट आउट करना एक दिलचस्प समय था।

## रिंकू हुए फेल तो दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज ने किया धमाका

नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के छठे चरण के मुकाबले में विदर्भ के खिलाफ उत्तर प्रदेश की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 307 रन का स्कोर खड़ा किया। यूपी को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की पारी का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने शतक लगाया जबकि कप्तान रिंकू सिंह इस मैच में फेल रहे। समीर रिजवी ने हाल ही में अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी टूर्नामेंट में गजब की बल्लेबाजी की थी और दो दोहरे शतक भी लगाए थे। उनके इस प्रदर्शन के बाद उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी के इस सीजन के लिए यूपी की टीम में जगह दी गई।

# एसआरएच के 4 करोड़ी बल्लेबाज ने लगाया हैट्रिक शतक

## 105 गेंदों पर ठोक दिए 137 रन; अभिषेक ने 6 छक्के लगाकर बनाए 137 रन




नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के इस सीजन के छठे राउंड के मुकाबले में पंजाब ने हैदराबाद के खिलाफ विशाल स्कोर खड़ा किया और इसमें पंजाब के ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की शतकीय पारी और अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी का बड़ा योगदान रहा।

इस मैच में हैदराबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पंजाब ने पहले बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 4 विकेट पर 426 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और तिलक वर्मा की टीम को जीत के लिए 427 रन का बड़ा टारगेट दिया।

इस मैच में प्रभसिरमन सिंह ने शतक लगाया जो आईपीएल में हैदराबाद टीम का हिस्सा हैं और उन्हें आईपीएल 2025 के लिए इस टीम ने 4 करोड़ में खरीदा था। वहीं प्रभसिमरन सिंह ने इस सीजन का हैट्रिक शतक भी लगाया। हैदराबाद के खिलाफ प्रभसिमरन सिंह का बल्ला खूब चला और उन्होंने 105 गेंदों पर 137 रन की जबरदस्त पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 20 चौके लगाए। ये प्रभसिमरन सिंह का इस सीजन में लगातार तीसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 150 रन की पारी खेली थी जबकि सौराष्ट्र के खिलाफ 125 रन बनाए थे। इस मैच में कप्तान अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ओपन करने आए थे और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 196 रन की मजबूत साझेदारी हुई। अभिषेक शर्मा ने भी तूफानी पारी खेली और 6 छक्के व 7 चौके की मदद से 72 गेंदों पर 93 रन बनाए और सिर्फ 7 रन से अपने शतक से चूक गए।

# ओसाका 2022 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में



ऑकलैंड, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका शुक्रवार को एएसबी क्लासिक में हैली बैपटिस्ट पर 6-7(2), 6-1, 6-2 से क्वार्टरफाइनल जीत के बाद लगभग तीन साल में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई। ओसाका ने मैच के दौरान दो बार बारिश के व्यवधानों को झेला और 2 घंटे और 2 मिनट के खेल के बाद उभरती अमेरिकी बैपटिस्ट को बाहर कर दिया। जापानी खिलाड़ी ने 12 महीने पहले मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अपने पहले टूर-लेवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार जब वह डब्ल्यूटीए इवेंट में अंतिम चार या उससे बेहतर स्थान पर पहुंची थी, तो वह 2022 मियामी में उपविजेता रही थी, जहां वह इगा स्वीयाटेक से हार गई थी। उसने पिछले साल दो क्वार्टरफाइनल (दोहा और 'एस -हेरटोगेनबॉश) में जगह बनाई थी। ओसाका ने जीत के बाद कोर्ट पर कहा, मुझे लगता है कि मेरा मुख्य ध्यान सिर्फ खुद पर बहुत अधिक विश्वास और आत्मविश्वास रखने पर था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया, मुझे लगता है कि मैं बस कोशिश करना जारी रखूंगी, मुझे लगता है, जितना हो सके उतना प्रयास करूंगी और देखूंगी कि यह मुझे कहां ले जाता है।

# जसप्रीत बुमराह को नहीं मिला अर्जुन अवॉर्ड

## 3 'वर्ल्ड कप' फाइनल में पहुंचाने वाले राहुल द्रविड़ भी इस पुरस्कार के लिए नहीं हुए नामिनेट



नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। इस साल के खेल अवॉर्ड्स का ऐलान कर दिया गया है। खेल मंत्रालय ने इस साल चार खिलाड़ियों को सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानंचद खेलरत्न अवॉर्ड के लिए चुना गया है। वहीं 32 खिलाड़ियों का नाम अर्जुन अवॉर्ड के लिए भेजा गया है। हालांकि हैरानी की बात यह है कि इस लिस्ट में किसी भी भारतीय क्रिकेटर का नाम शामिल नहीं है।

**जसप्रीत बुमराह को नहीं मिला अर्जुन अवॉर्ड**

बीते साल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस साल जसप्रीत बुमराह को इसका बड़ा दावेदार माना जा रहा था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बुमराह इस समय भारत के नंबर वन गेंदबाज हैं। वह तीनों फॉर्मेट में टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने पिछले चार साल में टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। चाहे टी20 वर्ल्ड कप हो , वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप हो या फिर भारत में हुआ वनडे वर्ल्ड कप। उन्होंने हर जगह भारतीय तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई की। दुनिया भर के बल्लेबाज और दिग्गज इस खिलाड़ी को मौजूदा समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बता चुके हैं। 44 टेस्ट मैच में यह खिलाड़ी 203 विकेट ले चुका है। 89 वनडे में 149 और 70 टी 20 में उनके नाम 89 विकेट हैं। इन सबसे के बावजूद इस खिलाड़ी को अब तक अर्जुन अवॉर्ड नहीं मिला है। साल 2019 में इस खिलाड़ी को नामित किया गया था लेकिन उस समय शिखर धवन को अवॉर्ड दिया गया था और बुमराह चूक गए। पांच साल में बुमराह ने वैश्विक स्तर पर नाम कमा चुके हैं। इस बार भी उनका नाम अर्जुन अवॉर्ड के लिए नहीं दिया गया। लिस्ट में भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ का नाम शामिल नहीं है। राहुल द्रविड़ को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिलने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# श्रेयस अय्यर ने लगाया सीजन का दूसरा शतक

नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के इस सीजन में अपना दूसरा शतक लगाया। उन्होंने राउंड 6 के मुकाबले में पुडुचेरी के खिलाफ ये कमाल किया और अपनी टीम को मुश्किल स्थिति से निकालने का काम किया। श्रेयस अय्यर ने टीम के लिए कप्तानी पारी खेलते हुए स्कोर को 300 के पास पहुंचाने का काम किया। इस मैच में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था और उसके बाद श्रेयस की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 9 विकेट पर 290 रन बनाए और पुडुचेरी को जीत के लिए 291 रन का टारगेट दिया। श्रेयस ने इस सीजन के पहले मुकाबले में शतक लगाया था और अब छठे लीग मैच में भी उन्होंने ये कमाल किया। हालांकि इस बीच उन्होंने कुछ मैच अपनी टीम के लिए नहीं खेले थे। श्रेयस ने इस सीजन का पहला शतक कर्नाटक के खिलाफ लगाया था और उन्होंने नाबाद 114 रन की पारी खेली थी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन के स्कोर पर पहले 5 विकेट गंवा दिए थे और टीम मुश्किल में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद श्रेयस ने अपनी बल्लेबाजी का कमाल दिखाया और ना सिर्फ टीम के स्कोर को 290 तक पहुंचाया बल्कि नाबाद पवेलियन लौटे। उन्होंने पुडुचेरी के खिलाफ 133 गेदों पर नाबाद 134 रन बनाए और इस दौरान उनके बल्ले से 4 छक्के और 16 चौके भी निकले। श्रेयस की शतकीय पारी के अलावा मुंबई के लिए इस मैच में सिद्धार्थ लाड ने 34 रन की पारी खेली जबकि अथर्व अकोलकर ने 3 छक्के और 2 चौकों की मदद से 43 रन की पारी खेली।

# पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ सीवरेज योजना भी तैयार की जानी चाहिए : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने जल बोर्ड अधिकारियों के साथ बैठक की



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद जल बोर्ड के अधिकारियों को अगले 25 वर्षों में ग्रेटर हैदराबाद के निवासियों को सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को विकसित करने और भविष्य की जरूरतों का आकलन करने की योजना की परिकल्पना करने का आदेश दिया। ग्रेटर हैदराबाद के तेजी से विस्तार को देखते हुए, मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि 2050 तक बढ़ती आबादी की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कार्य योजना विकसित की जानी चाहिए।

सीएम ने जोर देकर कहा कि हर घर में पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ सीवेज योजना भी तैयार की जानी चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो एजेंसियों और सलाहकारों के साथ एक अध्ययन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आज (शुक्रवार) एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर में हैदराबाद जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। शायद, यह पहली बार है कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद जल बोर्ड की बैठक आयोजित की गई है। बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में, सीएम ए रेवंत रेड्डी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी, नगर विभाग के प्रधान सचिव दाना किशोर, विशेष प्रधान सचिव रामकृष्ण राव, सिंचाई सचिव राहुल बोज्जा, एचएमडब्ल्यू बोर्ड के एमडी अशोक रेड्डी, जीएचएमसी आयुक्त इलमबरीथी और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी ने भाग लिया। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि जल बोर्ड हैदराबाद शहर के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पीने योग्य पानी की आपूर्ति कर रहा है। 9800 किलोमीटर के पेयजल वितरण नेटवर्क से 13.89 लाख नल कनेक्शनों के माध्यम से पीने का पानी दिया जा रहा है। वर्तमान में, जल बोर्ड मंजीरा, सिंगूर, गोदावरी और कृष्णा नदी से पीने का पानी आपूर्ति करता है। बैठक में गोदावरी चरण 2 के माध्यम से अधिक पानी लाने और उस्मान सागर और हिमायत सागर को पीने का पानी आपूर्ति करने के लिए परियोजना डिजाइन पर चर्चा की गई।

सीएम और अधिकारियों ने यह भी जांच की कि हैदराबाद की पेयजल जरूरतों के लिए गोदावरी चरण 2 परियोजना के लिए जल स्रोत के रूप में मल्लन्ना सागर या कोंडापोचम्मा सागर से पानी उठाया जाए या नहीं। परामर्शदाताओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर तथा पानी की पर्याप्त उपलब्धता और उच्चित उठाव लागत को देखते हुए बैठक में मल्लन्ना सागर से पेयजल आपूर्ति परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर की बढ़ती पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए पहले प्रस्तावित 15 टीएमसी पानी के बजाय 20 टीएमसी पानी लाने को मंजूरी दी। इस अवसर पर जल बोर्ड के एमडी अशोक रेड्डी ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री को हैदराबाद जल बोर्ड की आय और व्यय रिपोर्ट बताई। बोर्ड के एमडी ने बताया कि जल बोर्ड को प्राप्त आय कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेयजल आपूर्ति के रखरखाव की लागत का भुगतान करने के लिए पर्याप्त है। विभिन्न विभागों और सरकारी कार्यालयों पर जल बोर्ड का 4,300 करोड़ रुपये बकाया है। जल बोर्ड को 5,500 करोड़ रुपये के बिजली बिल और 1847 करोड़ रुपये की पिछली ऋण राशि का लंबित बकाया चुकाना है। अधिकारी ने कहा कि बोर्ड 8,800 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व और व्यय की स्थिति अच्छी नहीं है, इसलिए इस संकट से निपटने के लिए वित्त विभाग के साथ समन्वय कर तत्काल कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि जल बोर्ड को अपनी आय बढ़ाने के तरीके भी तलाशने चाहिए और इसके लिए नीतियों का अध्ययन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में पहले से ही 20,000 लीटर पानी मुफ्त में दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से पानी के बिलों की बकाया राशि वसूलने के निर्देश दिए।

### सीएम ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। समाज सुधारक और आधुनिक भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपने जुबली हिल्स स्थित आवास पर महान महिला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, सरकार के सलाहकार हरकारा वेणुगोपाल, सांसद बलराम नाइक, विधायक येन्नम श्रीनिवास रेड्डी, अनिरुद्ध रेड्डी और अन्य ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 14 वर्षीय लड़के ने अपने पालक पिता के खिलाफ की शिकायत

निजामाबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक 14 वर्षीय लड़के ने गुरुवार शाम को अपने पालक पिता के खिलाफ येड्डापल्ले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और उन पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, जब वह दस साल का था, तब उसके माता-पिता का निधन हो गया था और वह अपनी दादी के पास रहने लगा था। उसके एक रिश्तेदार श्रीनिवास, जो सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करते हैं, ने लड़के को गोद ले लिया। हालांकि, वह उसे बहुत परेशान करता था।

एक सप्ताह पहले श्रीनिवास ने अपने बेटे के मुंह में गर्म चाय डाल दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसकी दादी उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई और जब उसकी हालत में सुधार हुआ, तो उसने अपनी दादी के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# जांच और विवेचना में नई तकनीक का प्रयोग करें अधिकारी : पुलिस आयुक्त

## सीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। इस नए साल में, अपराध दर को कम करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए जाने वाले विशेष उपायों के तहत, कमिश्नर सुधीर बाबू ने रचाकोंडा कमिश्नरेट में डीसीपी, एडीसीपी और अन्य सभी स्तरों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक समीक्षा बैठक की। रचाकोंडा आयुक्तालय में आधुनिक तकनीक का उपयोग। इस मौके पर कमिश्नर ने अपराध जांच में इस्तेमाल होने वाली विभिन्न प्रकार की तकनीक और नई तकनीक पर चर्चा की, जिसका उपयोग फील्ड स्टाफ के कर्तव्यों को और अधिक आसान बनाने के लिए किया जा सकता है।

आयुक्त ने अधिकारियों को अपराध की जांच और अभियोजन में नई तकनीकों को अपनाने और जांच के नए तरीकों को अपनाने की सलाह दी। रचाकोंडा के तहत सभी डिवीजनों के पुलिस कर्मियों को अपराध जांच में नई तकनीक के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उस उद्देश्य के लिए आईटी सेल की मदद लेने की सलाह दी गई है। कार्यक्रम में डीसीपी साइबर क्राइम अरविंद बाबू, डीसीपी एडमिन इंदिरा, एसीपी सीसीआरबी रमेश, एसीपी आईटी सेल नरेंद्र गौड़ और अन्य शामिल हुए।

# सबके समन्वय से शहर का और अधिक विकास करें : विजयलक्ष्मी

## अधिकारियों और पार्षदों ने महापौर को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने शहर के विकास के लिए सभी से समन्वय बनाकर काम करने को कहा है। नए साल के अवसर पर, जीएचएमसी के अधिकारियों, जोनल कमिश्नरों और विभिन्न विभागों के नगरसेवकों ने शुक्रवार को जीएचएमसी मुख्यालय में मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी से मुलाकात की और उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मेयर ने नव वर्ष 2025 के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम लोगों, अधिकारियों, नगरसेवकों और जनता के सहयोग से हैदराबाद शहर के विकास के लिए और अधिक प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। प्रतिनिधि।

शहर को विकास के पथ पर ले जाने के लिए सभी को समन्वय बनाकर काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीएचएमसी शहर के विकास के लिए विशेष योजनाएं लागू कर लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। मेयर से मिलने वालों में जीएचएमसी के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जोनल, उपायुक्त, नगरसेवक, कर्मचारी और अन्य शामिल थे।

# शीतलहर के कारण शहर और जिलों में तापमान एक डिग्री



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में शुक्रवार की सुबह ठंड का प्रकोप रहा, क्योंकि पूरे शहर में शीतलहर चल रही थी और कई स्थानों पर तापमान एक अंक में दर्ज किया गया। सर्दी का असर जिलों पर भी पड़ा है, आसिफाबाद, संगारेड्डी, आदिलाबाद और विकाराबाद सहित कई जिलों में शुक्रवार को तापमान एक अंक में दर्ज किया गया।

हैदराबाद विश्वविद्यालय परिसर, सेरिलिंगमपल्ली और बीएचईएल फैक्ट्री, रामचंद्रपुरम में सबसे कम 8.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राजेंद्रनगर में तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि मौला अली में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हैदराबाद के अन्य भागों में जहां तापमान में काफी गिरावट आई, उनमें गाचीबोवली (11.5 डिग्री सेल्सियस), वेस्ट मरेडपल्ली (12.1 डिग्री सेल्सियस), कुतुबुल्लापुर (12.3 डिग्री सेल्सियस), पाटनचेरु (13.3 डिग्री सेल्सियस) और अलवाल में न्यूनतम 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिलों में सबसे कम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस गिन्नेदारी, तिरयानी मंडल और आसिफाबाद के सिरपुर में दर्ज किया गया। कोहिर, संगारेड्डी जिले में पारा 6.9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि बेला, आदिलाबाद में 7.1 डिग्री सेल्सियस, भीमपुर, आदिलाबाद में 7.2 डिग्री सेल्सियस और विकाराबाद के मोमिनपेट में 7.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### 4 साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके मोइनाबाद के चिलकुर में गुरुवार को एक युवक ने 4 साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पीड़ित परिवार हाल ही में बेहतर आजीविका की तलाश में गडवाल से मोइनाबाद आया था। जानकारी के अनुसार, संदिग्ध रामुलु, जो एक दिहाड़ी मजदूर है, ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और पड़ोस में एक सुनसान जगह पर ले जाकर लड़की का यौन उत्पीड़न भी किया। हालांकि घटना की सूचना देरी से दी गई, लेकिन लड़की की मां के ध्यान में यह बात आई, जिन्होंने बाद में स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मोइनाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदिग्ध को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# पासपोर्ट सेवा केंद्रों को स्थानांतरित करने की तैयारी

## जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा अपॉइंटमेंट



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) हैदराबाद, अपने पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) को, जिसमें टोलीचौकी और अमीरपेट केंद्र शामिल हैं, बेहतर स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए तैयार है, साथ ही अपॉइंटमेंट की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए भी, जिससे इस वर्ष अपॉइंटमेंट चक्र को और कम किया जा सकेगा।

शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी जे स्नेहजा ने कहा कि अधिक आवेदकों की सुविधा के लिए वर्ष की पहली छमाही में दो या तीन पीएसके को बेहतर स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा, क्योंकि नियुक्तियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। सामान्य नियुक्तियों के लिए पीएसके में नियुक्ति चक्र को 2023 में 22 कार्य दिवसों से घटाकर 2024 में औसतन छह-आठ कार्य दिवस कर दिया गया है।

तत्काल सेवा के साथ, अब अप्वाइंटमेंट 1-5 कार्य दिवसों में उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि अधिकांश डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीओपीएसके) पर अप्वाइंटमेंट एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम इस वर्ष सामान्य नियुक्ति चक्र को घटाकर 5 से 7 कार्य दिवस करने के लिए काम कर रहे हैं। आरपीओ हैदराबाद, जो पांच पीएसके और 14 पीओपीएसके संचालित करता है, ने प्रतिदिन औसतन 4,200 आवेदनों का प्रसंस्करण किया और 2024 में लगभग 9.02 लाख आवेदनों का निपटान किया। इनमें पासपोर्ट जारी करना, पुलिस निकासी प्रमाण पत्र और अन्य संबंधित सेवाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि तत्काल पासपोर्ट 1-3 कार्य दिवसों में वितरित किए जा रहे हैं, जबकि सामान्य पासपोर्ट में पुलिस सत्यापन समय को छोड़कर लगभग पांच से सात कार्य दिवस लगते हैं। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय हैदराबाद ने एक विशेष संस्करण लिफाफा लांच किया, जिसका उपयोग संविधान के स्थायी महत्व के सम्मान में पासपोर्ट भेजने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय ई-चिप पासपोर्ट शुरू करने की प्रक्रिया में है और नागपुर तथा भुवनेश्वर में इसका परीक्षण शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आवश्यक प्रमाणीकरण प्राप्त करने के बाद जल्द ही इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में शुरू किया जाएगा।

### टीवी अभिनेत्री को परेशान करने के आरोप में एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने गुरुवार देर रात एक टीवी जूनियर कलाकार को परेशान करने और धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी की मूल निवासी अभिनेत्री कृष्णा नगर में आकर रहने लगी थी और टेलीविजन धारावाहिकों में काम कर रही थी। पुलिस के अनुसार, कृष्णा नगर निवासी और फिल्म उद्योग में काम करने वाले संदिग्ध फणी तेजा (32) की एक शूटिंग के दौरान अभिनेत्री से दोस्ती हुई और दोनों ने अपनी दोस्ती जारी रखी। इसके बाद, फणी तेजा ने उससे प्यार का प्रस्ताव रखा और महिला ने उसे अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज होकर उसने उसे गाली-गलौज वाले मैसेज और वीडियो भेजकर परेशान करना शुरू कर दिया। उसने धमकी भी दी कि अगर वह उससे दूर रही तो वह उसकी मॉर्फ्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर देगा। उसकी शिकायत के आधार पर जुबली हिल्स पुलिस ने मामला दर्ज कर फणी तेजा को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पलटी, चालक की मौत, 8 घायल

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर से अयप्पा स्वामी के भक्तों को ले जा रही एक बस, केरल में पम्पा नदी से लगभग 15 किलोमीटर दूर कोट्टायम के कनमाला अट्टीवलम में घाट रोड पर पलट गई, जिससे बस चालक की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।

बस पुराने शहर के मदन्नापेट के उप्परगुडा से कम से कम 22 अयप्पा भक्तों को लेकर जा रही थी। जानकारी के अनुसार, बस कोट्टायम से सबरीमाला जा रही थी, जिसमें गुरु स्वामी रामपाल यादव, अभि यादव, राम यादव पेद्दी यादव और अन्य लोग सवार थे।

ऐसा संदेह है कि घाट रोड पर पहुंचने पर चालक राजू (51) ने मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और कार तीन पेड़ों पर गिरकर पलट गई। गंभीर रूप से घायल चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

# हैदराबाद में चलाई जाएंगी करीब 1,000 इलेक्ट्रिक बसें

## अधिकारी तैयार कर रहे हैं मार्ग मानचित्र



हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) इस वर्ष शहर के सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण मार्गों पर लगभग 1,000 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना बना रहा है। अधिकारी मार्ग मानचित्र तैयार कर रहे हैं और व्यस्त मार्गों पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जा रही है, जो यात्रियों की संख्या बढ़ाने के अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहे हैं कि इलेक्ट्रिक बसों में अधिभोग दर 90 प्रतिशत तक पहुंच जाए। इसके लिए वे लंबी दूरी के मार्गों पर ईवी बसें चला रहे हैं और उपनगरीय क्षेत्रों के यात्रियों को लक्षित करते हुए नए मार्गों की योजना भी बना रहे हैं।

ग्रेटर हैदराबाद (जीएच) जोन के अधिकारी प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन की दिशा में स्मार्ट कदम उठा रहे हैं। भविष्य में कुल 3000 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के उद्देश्य से, आवश्यक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। शहर में पहले से ही करीब 200 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं, जेबीएस, एचसीयू, मियापुर और बीएचईएल डिपो में चार्जिंग यूनिट स्थापित की गई हैं। इसके अलावा हयातनगर में भी चार्जिंग यूनिट लगाने की योजना बनाई जा रही है। आरटीसी शहर की सड़कों पर चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना बना रहा है। ग्रेटर आरटीसी ने 2025 में 300 और बसें चलाने का लक्ष्य रखा है। जबकि एक डीजल बस प्रति किलोमीटर 1,150 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड के साथ-साथ नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड उत्सर्जित करती है, ईवी शून्य-उत्सर्जन वाहन हैं।

कई अध्ययनों से पता चला है कि इलेक्ट्रिक बसें डीजल बसों की तुलना में 90 प्रतिशत तक उत्सर्जन कम करती हैं और कोई हानिकारक गैस उत्सर्जित नहीं करती हैं। डीजल बस की प्रति किलोमीटर परिचालन लागत लगभग 20 रुपये होने का अनुमान है, जबकि इलेक्ट्रिक बस के लिए यह लगभग 8 रुपये है। यदि पूरे शहर में चार्जिंग इकाइयां और इलेक्ट्रिक बसें चालू हो जाएं तो प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन सुनिश्चित होने के अलावा आरटीसी पर बोझ भी कम हो जाएगा।

### दम्माईगुडा झील में मिला महिला का शव

हैदराबाद, 3 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरनगर के दम्माईगुडा में शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का शव झील में तैरता हुआ मिला। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने आत्महत्या की है या दुर्घटनावश डूबकर मरी है। पुलिस के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने सुबह शव देखा और ग्राम प्रधान तथा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर जवाहरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और तैराकों की मदद से शव को झील से बाहर निकाला। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं। स्थानीय पुलिस थानों में दर्ज गुमशुदगी के हालिया मामलों की पुष्टि की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम और संरक्षण के लिए गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया गया।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.